ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 15 जून 2024
वर्ष 4, अंक 118, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी 15
11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा 16


## भवाली में प्रसिद्ध कैंची धाम मेला आज

- 15 जून को मनाया जाता है स्थापना दिवस, मथुरा के कारीगर तैयार कर रहे 6लाख मालपुए

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** बाबा नीब करौरी के आश्रम कैंचीधाम आश्रम का स्थापना दिवस शनिवार को मनाया जाएगा। मेले में पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं।

हर वर्ष 15 जून को कैंचीधाम की स्थापना दिवस पर मेला लगता है। इसे लेकर मंदिर प्रबंधन समिति ने तैयारियां कर ली हैं। 12 जून से मथुरा से आए कारीगर देसी घी के छह लाख मालपुए बनाने में जुटे हैं। शनिवार को बाबा नीब करौरी को भोग लगाने के बाद सुबह 6 से रात 9 बजे तक प्रसाद वितरण होगा। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए शटल सेवा चलाई जा रही है। शनिवार को भवाली रूट पर यातायात बंद रहेगा। एसएसपी पीएन मीणा ने कैंचीधाम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स, फेसबुक के मार्क जुकरबर्ग, क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एवं विराट कोहली समेत देश-विदेश की कई जानी मानी हस्तियां यहां पहुंची हैं।



मेला से एक दिन पहले झालरों से सजा कैंची धाम। ● अमृत विचार

## थोक महंगाई मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% पर

### सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर


नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.26 प्रतिशत थी। मई 2023 में यह शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रहा।

### चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

**मुंबई।** निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी, जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 0.78 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी।




पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

### एक नजर

#### स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 28 जून तक बढ़ाई गईं

**लखनऊ।** गर्मी को देखते हुए उत्तर प्रदेश में कक्षा एक से आठ तक के सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 17 जून से बढ़ाकर 28 जून कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने कहा कि 25 जून से शिक्षक विद्यालय पहुंचकर व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। बच्चों की पढ़ाई 28 जून से शुरू होगी। प्रात: 7:30 से 10:30 बजे का समय है जबकि शिक्षकों को डेढ़ बजे तक स्कूल में रुकना होगा।

#### सिम के लिए शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं : ट्राई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उसने इन सीमित संसाधनों का कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल या लैंडलाइन नंबर खरीदने के लिए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। ट्राई ने इस महीने राष्ट्रीय नंबरिंग योजना के संशोधन पर एक परामर्श पत्र जारी किया और सिफारिशों का मसौदा तैयार करने के लिए हितधारकों से टिप्पणियां मांगीं।

## राम मंदिर पर आतंकी हमले की मिली धमकी, बढ़ाई गई सतर्कता

### इससे पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल फोन पर मिल चुकी है धमकी

- आतंकी संगठन जैश ने जारी किया है धमकी का वीडियो

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर पर आतंकी हमले का आडियो वायरल होने के बाद अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। किसी प्रकार का हलचल न मचने पाए इसे लेकर सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा को लेकर अतिसंवेदनशील राम जन्मभूमि पर पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल पर हमले की धमकी मिल चुकी है।

सोशल मीडिया के साथ मीडिया में शुक्रवार को एक आडियो वायरल हुआ है। जिसमें आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े किसी आमिर नामक शख्स की ओर से मस्जिद की जमीन पर मंदिर का निर्माण किए जाने का हवाला देते हुए बदला लेने की बात कही जा रही है। मामला चर्चा में आने के बाद अयोध्या में सुरक्षा तथा ख़ुफ़िया एजेंसियों के फ़ोन घनघनाने लगे। मुख्यालय से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से मामले की जानकारी ली गई। अयोध्या में सतर्कता के साथ रामजन्मभूमि समेत अन्य मठ-मंदिरों पर जांच व तलाशी का कार्य पूर्व की भांति चलता रहा।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या के अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद की धमकी को गंभीरता से लिया गया है। अयोध्या में पहले से मौजूद एटीएस, एसटीएफ, सीआरपीएफ, एसएसएफ की टीम को और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खुफिया विभाग को सतर्क किया गया है। रेलवे, स्टेशन, बस स्टेशन पर तैनात फोर्स को सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, अयोध्या के एसएसपी ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हालांकि धमकी दिए जाने पर कुछ भी बोलने से इन्कार किया है। अयोध्या पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि धमकी देने वाला संगठन चाहे लश्करे तैयबा हो या जैश ए मोहम्मद, अथवा फिर इनके अब्बा। जो भी इधर नजर उठाएगा, वह सीधा जहन्नुम जाएगा।

### कुछ दिन पूर्व इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुई थी धमकी, निकली थी शरारत

कुछ दिन पूर्व राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई थी, डायल 112 को फोन किया गया था। तब भी पुलिस ने सतर्कता के तहत जांच शुरू कराई थी। कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के बलुआ तकिया निवासी एक 16 वर्षीय किशोर की पहचान की गई थी। इसी लड़के की ओर से मुंबई के ताज होटल और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को उड़ाने की धमकी भी दी गई थी। पड़ताल में धमकी देने वाला लड़का मानसिक मंदित मिला था।

> इस तरह के थ्रेट के लिए निर्धारित एसओपी के अंतर्गत जांच होती है। अयोध्या एसएसपी मामले को देख रहे हैं। जो भी तथ्य सामने आएगा उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। – **अमरेंद्र सेंगर**, एडीजी, लखनऊ जोन

> अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न एरिया में विभाजित करते हुए वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। हर जोन में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। जिला पुलिस के अलावा पीएसी की भी कई कंपनियां पहले से ही तैनात हैं। –**राज करण नैय्यर**, एसएसपी अयोध्या



## कुवैत से 45 भारतीयों के शव लेकर पहुंचा वायुसेना का विमान

- 31 शव कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए, 14 को ले जाया गया दिल्ली
- केरल के सीएम विजयन, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने दी श्रद्धांजलि

कोच्चि, एजेंसी

कुवैत की एक बहुमंजिला इमारत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले 45 भारतीय कामगारों का शव लेकर वायुसेना का विमान शुक्रवार को भारत पहुंचा। इनमें से 31 लोग दक्षिणी राज्यों से थे जिनके शवों को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारने के बाद शेष 14 शवों को दिल्ली ले जाया गया।

हवाई अड्डे पर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुवैत से भारतीयों के शव लेकर आया भारतीय वायुसेना का विमान शुक्रवार को 10.30 बजे कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। वायुसेना के सी-130जे परिवहन विमान से लाए गए 45 में से 31 शवों को यहां उतारा गया। इसके बाद विमान अन्य शवों को लेकर दिल्ली रवाना हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कुवैत अग्निकांड में मारे गए दक्षिण राज्यों के 31 लोगों में केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है। मुख्यमंत्री विजयन ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि प्रवासी भारतीय केरल की जीवन रेखा हैं और अग्निकांड में इतनी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की मौत देश के लिए एक बड़ी आपदा के समान है। यह मृतकों के परिजनों के लिए कभी पूरी न होने वाली क्षति है। कुवैत सरकार ने इस हादसे के बाद प्रभावी कार्रवाई की और भारत सरकार ने भी अच्छे तरीके से सहयोग किया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उचित कदम उठाने की जरुरत है।

पर्यटन एवं पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी भी मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कोच्चि हवाई अड्डे पर मौजूद थे। मृतकों के शवों को लाने वाले वायुसेना के विमान में आए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और तमिलनाडु के अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री के एस मस्थान ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।



कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए कुवैत हादसे में मृत भारतीयों के शव। ● एजेंसी

## बिनसर अग्निकांड : तीन अधिकारियों पर गिरी गाज

- कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक अटैच, उत्तरी वृत्त के वन संरक्षक व अल्मोड़ा डीएफओ निलंबित
- मुख्यमंत्री धामी आदेशों के बाद चार गंभीर झुलसे एयरलिफ्ट से नई दिल्ली एम्स में भर्ती कराए गए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा बिनसर अभ्यारण्य कांड में तीन आईएफएस अधिकारियों पर गाज गिरी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक को मुख्यालय से अटैच करने, उत्तरी वन वृत्त के वन संरक्षक और सिविल सोयम डिवीजन के डीएफओ को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। वहीं, चार झुलसे हुए श्रमिकों को एयर लिफ्ट कर एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया है।

13 जून को बिनसर अभ्यारण्य में लगी आग बुझाने गए वन बीट अधिकारी त्रिलोक सिंह मेहता, श्रमिक दीवान राम, फायर वॉचर करन आर्या और पीआरडी जवान पूरन सिंह जिंदा जल गए थे। वहीं, 4 वन कर्मी गंभीर झुलस गए, जिन्हें डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो को वन मुख्यालय से अटैच कर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. धीरज पांडेय को मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं का चार्ज दिया गया है। उत्तरी वन वृत्त के वन संरक्षक कोको रोसे को निलंबित कर उनका चार्ज पश्चिम वन वृत्त के वन संरक्षक विनय भार्गव को दिया है। सिविल सोयम वन डिवीजन अल्मोड़ा के डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया को भी निलंबित कर उनका चार्ज नैनीताल के सहायक वन संरक्षक हेमचंद्र गहतोड़ी को दिया है। वहीं फायर वॉचर कृष्ण कुमार, चालक भगवत सिंह भोज, पीआरडी जवान कुंदन नेगी और श्रमिक कैलाश भट्ट को एयरलिफ्ट से एम्स नई दिल्ली में भर्ती कराया गया है।

(संबंधित खबरें पेज-13 पर)



झुलसे कर्मचारियों को विमान से दिल्ली लेकर जाते कर्मी।

> सीसीएफ कुमाऊं, उत्तरी वृत्त सीएफ और अल्मोड़ा डीएफओ को हटा दिया गया है। यह सभी अफसरों के लिए चेतावनी है। बार-बार कहा जा रहा है कि दफ्तर छोड़कर धरातल पर उतरें और लापरवाही नहीं बरतें। यदि अफसर सतर्क नहीं होते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्क कार्रवाई होगी। **-पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

## चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की दैनिक निर्धारित सीमा समाप्त

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार गढ़वाल आयुक्त/अध्यक्ष चारधाम यात्रा प्रशासन ने ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारधाम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित की गई सीमा को समाप्त कर दिया है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि यात्रा की शुरुआत में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने पर चारधाम के दर्शन के लिए निश्चित संख्या में ही श्रद्धालुओं को अनुमति दी जा रही थी। वर्तमान में भीड़ सामान्य होने के बाद यह निर्धारित संख्या की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भौतिक रूप से मौजूद होकर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष जहां शुरुआती माह में 12,35,517 श्रद्धालु पहुंचे थे, वहीं इस वर्ष 19,64,912 श्रद्धालु पहुंचे हैं। यह पिछले वर्ष की अपेक्षा डेढ़ गुना अधिक है।

## ट्रेन के पहियों से निकली चिंगारी, अफरा-तफरी

**बिजनौर।** लखनऊ से चंडीगढ़ जा रही सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन (15011) के पहियों में चंदक रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले चिंगारियां उठीं और धुआं निकलने लगा। धुआं कोच में भरने लगा तो यात्रियों के बीच अफरा तफरी मच गई। कई यात्री ट्रेन रुकने से पहले ही कूद गए। इससे देहरादून से लखनऊ जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस को भी रोकना पड़ा।

चंदक रेलवे स्टेशन मास्टर अमित कुमार ने बताया कि लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस शुक्रवार सुबह नौ बजे मुज्जमपुर नारायण स्टेशन पर पहुंची। चंदक रेलवे स्टेशन से डेढ़ किमी पहले ट्रेन की गति धीमी होते ही यात्री कूदने लगे। ट्रेन रुकते ही यात्री उतर गए और जंगल की ओर दौड़े। मौके पर पहुंचे अधिकारी के जांच से पता चला कि ट्रेन के पहियों से धुआं निकल रहा है।

## गृहमंत्री ने की जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

**कल होगी उच्च स्तरीय बैठक**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमले समेत हाल में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शाह ने 16 जून को एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को गृहमंत्री को जम्मू-कश्मीर के हालात और वहां आतंकवादी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों के चार स्थानों पर हमला किया है, जिसमें नौ तीर्थयात्रियों के अलावा एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई, जबकि सात सुरक्षाकर्मियों समेत अन्य लोग घायल हो गए।

## सिक्किम में भूस्खलन से 6 की मौत, कई लापता

- लगातार बारिश के चलते सड़क ढहने से कई पर्यटक फंसे
- तीस्ता नदी में जलस्तर बढ़ने से आसपास के तमाम घर ढहे

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम का उत्तरी इलाका लगातार हो रही बारिश के कारण एक बार फिर से बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में गया है। बारिश जनित घटनाओं में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है तथा कई अन्य लोग लापता हैं।

गुरुवार सुबह से देर रात तक जारी बारिश के चलते भारी तबाही हुई है। सड़क ढहने से कई पर्यटक फंस गए हैं। तिस्ता नदी में जल बढ़ने से आसपास के घर ताश की पत्तों की तरह ढह गए। इस बीच, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने जिला प्रशासन को तुरंत राहत और बचाव के सारे प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक अंबीथांग (रंगरंग के पास) तीन लोग लापता हो गए हैं। पक्षेप (मंगन के पास) दो लोग लापता हो गए हैं, जबकि एक शव बरामद हुआ। इसी तरह से गेयथांग (जंगु) में तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नामपथांग (पेंटोक, मंगन के पास) कई घर क्षतिग्रस्त हो गए व सड़क अवरुद्ध हो गई। ब्रिंगबोंग ओपी के पास में दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया।

## कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का पर्यटन जोन 14 नवंबर तक बंद

**रामनगर।** जिम कॉर्बेट पार्क का ढिकाला जोन शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद हो गया है। अब ये 15 नवंबर को खुलेगा। वन अधिकारियों के अनुसार 15 जून 2023 से 14 जून 2024 तक ढिकाला में 4.32 लाख पर्यटक आए और 26 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. धीरज पांडेय ने बताया कि कि मानसून सत्र के दौरान ढिकाला जोन 15 जून से 14 नवंबर तक बंद किया जाता है। बारिश से नदी-नालों के उफान पर आने से पार्क के मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। ढिकाला जोन के साथ ही दुर्गा देवी गेट भी बंद हो जाएगा। जबकि बिजरानी पर्यटन जोन तीस जून को बंद होगा।

## सीबीआई जांच की याचिका पर केंद्र-एनटीए से मांगा जवाब

### नीट-यूजी : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह में जवाब देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। नीट-यूजी को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। पीठ हितेन सिंह कश्यप द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



- गर्मी की छुट्टियों के बाद 8 जुलाई को सभी लंबित व जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगी कोर्ट

पीठ ने कहा कि अन्य लंबित याचिकाओं के साथ ही इस जनहित याचिका पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी, जब सर्वोच्च अदालत गर्मी की छुट्टियों के बाद बैठेगी। पीठ संक्षिप्त सुनवाई के दौरान उस समय अप्रसन्न हो गई जब एक वकील ने सीबीआई जांच के लिए अपने मामले को मजबूत बनाने के लिए राजस्थान के कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने का जिक्र किया। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि यहां अनावश्यक भावनात्मक दलीलें नहीं दें। सीबीआई जांच का आदेश देने के लिए पेश दलीलों पर पीठ ने कहा कि कोई आदेश पारित करने से पहले एनटीए का जवाब आवश्यक है। वकील ने कहा कि यह 24 लाख छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला है। इस पर पीठ ने कहा कि हम समझते हैं। हम इन सबके प्रति सजग हैं।

### खामियां मिलीं तो तय की जाएगी जवाबदेही : प्रधान

**नई दिल्ली।** नीट को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही तय की जाएगी। जिन छह केंद्रों पर परीक्षा के प्रश्नपत्र गलत तरीके से वितरित किए गए थे और उम्मीदवारों को समय की बर्बादी के लिए कृपांक दिया गया था, उनके खिलाफ कार्रवाई पर प्रधान ने कहा कि हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। जवाबदेही तय की जाएगी।

### सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पांच मई को आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी), 2024 से संबंधित विवाद को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं की जांच के लिए उन्हें अपने पास स्थानांतरित करने का शुक्रवार को फैसला किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका पर यह फैसला किया।


मां नयना देवी व कैंची धाम के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रस्तुति संतोष बोरा
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अरविंद पडियार
भाजपा कार्यकर्ता नैनीताल
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुरेंद्र बिष्ट
पूर्ति निरीक्षक नैनीताल
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सोनू सहदेव
महासचिव देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ नैनीताल
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मारुति नंदन साह
अध्यक्ष व्यापार मंडल तल्लीताल नैनीताल
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मोहन सिंह नेगी
निवर्तमान सभासद व नगर महामंत्री भाजपा नैनीताल
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गोपाल सिंह बिष्ट
पीसीसी सदस्य व निदेशक जिला सहकारी बैंक नैनीताल
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मोहित लाल साह
मण्डल महामंत्री भाजपा, नैनीताल
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
PAL GROUP
Super Speciality Hospital
NABH
अजय पाल सिंह
डायरेक्टर बृजलाल हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ
माँ नयना देवी एवं कैंची धाम के स्थापना दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HOTEL CHANNIRAJA
The Mall, Nainital-263001, Uttarakhand
Ph. : 05942-235624, 235643, 232859
माँ नयना देवी एवं कैंची धाम के स्थापना दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Alka
THE LAKE SIDE HOTEL
The Mall, Nainital (Uttarakhand) 263002, INDIA
(05942) 235220, 236626-8, 239058-9
info@alka.in
www.alka.in
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सचिन नेगी
निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नैनीताल
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गोपाल रावत
सांसद प्रतिनिधि नैनीताल
मां नयना देवी व कैंची धाम स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विमल बिष्ट
जिला-चिकित्सा प्रकोष्ठ, भाजपा नैनीताल
मां नयना देवी एवं कैंची धाम के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HOTEL PRIM ROSE
The Mall, Nainital
Just Above the Mall
A Home away from Home
• Spacious Parking Facility
• Amidst Beautiful Green Environment
• Spacious Rooms with all Modern Amenities
Tel : 05942-237524, Mob : 9760467524
E-mail : primerose.hotels@gmail.com

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

42.1° अधिकतम तापमान | 27.1° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 07.13

## एक नजर

### पैदल यात्रा करके कैंची धाम पहुंचेंगे आरपी सिंह




**हल्द्वानी :** नीब करौली बाबा के धाम के स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व सहायक कमांडेंट, पर्यावरणविद व सामाजिक कार्यकर्ता आरपी सिंह भवाली कैंची धाम तक शनिवार (आज) पैदल मार्च व एकल झांकी निकालेंगे। सिंह ने कहा कि बाबा के आशीर्वाद से वह भी अन्न उपवास रखकर पैदल मार्च करते हुए बाबा के धाम जाएंगे। उनकी झांकी में प्रकृति संरक्षण व नशा उन्मूलन जैसे मुद्दों पर संदेश लिखे होंगे, जो लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने बीती 8 जून को भी सिखों के पांचवे गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर नैनीताल में पैदल जन जागृति यात्रा निकाली थी, जो आकर्षण का केंद्र रही थी और इससे युवा काफी प्रभावित हुए थे।

### होटल कर्मियों और पर्यटकों के बीच मारपीट

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र में होटल के कमरे देखने को लेकर पर्यटकों व होटल कर्मचारियों के बीच मारपीट हो गई। तल्लीताल क्षेत्र में दिल्ली निवासी कुछ पर्यटक होटल खोज रहे थे। इस दौरान पर्यटक एक होटल में पहुंचे तो वहां होटल कर्मियों ने उनको कमरा दिखाया। इस दौरान होटल कर्मियों व पर्यटकों के बीच हाथापाई हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को पुलिस चौकी ले गई। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि दोनों पक्षों के एक दूसरे से माफी मांगने के बाद हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।



स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर बिजली मालाओं की रोशनी से जगमगाता श्री कैंची धाम मंदिर। ● अमृत विचार



कैंची धाम में श्रद्धालुओं के लिए बनाया गया पैदल मार्ग। ● अमृत विचार

# कैंची धाम मेला: आज डायवर्ट रहेगा यातायात

## मेले में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने शुक्रवार से लागू किया रूट डायवर्जन, कड़ी सुरक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कैंची धाम स्थापना दिवस पर 15 जून को मंदिर में भक्तों की होने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस ने शुक्रवार से ही रूट डायवर्जन प्लान लागू कर दिया। यह प्लान 15 जून सायं तक लागू रहेगा। भीड़ को देखते हुए दूसरों जिलों से भी पुलिस मंगाई गई है।

उल्लेखनीय है कि कैंची धाम में दूसरे राज्यों से तो लोग आ ही रहे हैं। साथ ही स्थानीय लोग भी भारी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में शनिवार को अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर जिलों से भी भारी संख्या में लोगों के कैंची धाम पहुंचने का अनुमान है। इसको देखते हुए यातायात में बदलाव किया गया है। साथ ही सुरक्षा को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। एसएसपी पीएन मीणा सभी व्यवस्थाओं को देख रहे हैं।

### पुलिस के रूट डायवर्जन प्लान के प्रमुख बिंदु

1 अल्मोड़ा से हल्द्वानी को आने वाला समस्त ट्रैफिक क्वारब से शीतला, ओड़ाखान, कसियालेख, भटालिया, गगुवाचौरा, धानाचूली, खुटानी, भीमताल होते हुए हल्द्वानी को जाएगा।

2 हल्द्वानी से अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ आदि को जाने वाला ट्रैफिक खुटानी बैंड से धानाचूली बैंड होते हुए जाएंगे।

3 बेतालघाट, रानीखेत, खैरना से हल्द्वानी को आने वाला ट्रैफिक क्वारब होते हुए क्वारब से शीतला, ओडाखान, कसियालेख, भटालिया, गगुवाचौरा, धानाचूली, खुटानी, भीमताल होते हुए हल्द्वानी की ओर आएगा।

4 भवाली से दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, काशीपुर, बाजपुर आदि स्थानों को जाने वाला ट्रैफिक बैंड न-1 से रूसी-2 व रुसी-1 होते हुए कालाढूंगी को जाएगा।

5 रामनगर कालाढूंगी से कैंचीधाम को जाने वाला ट्रैफिक रुसी-1 व रूसी-2 से बैंड नंबर-1 होते हुए मस्जिद तिराहा भवाली तक जाएगा।

6 भवाली से नैनीताल को आने वाला ट्रैफिक बैंड नंबर-1 से रुसी-2 होते हुए नैनीताल को आएगा।

7 नैनीताल से दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, काशीपुर, बाजपुर आदि स्थानों को जाने वाला ट्रैफिक रुसी -1 होते हुए वाया कालाढूंगी से अपने गन्तव्य को जाएगा।

8 कालाढूंगी से नैनीताल को आने वाला सारा ट्रैफिक रुसी-1 से रुसी-2 होते हुए नैनीताल को आएगा।

9 रुसी नंबर 1 पार्किंग स्थल नारायण नगर से समन्वय बनायेगा। कोई भी ट्रैफिक नारायण नगर पार्किंग से आगे नहीं आएगा। इससे आगे को शटल सेवा से ही शहर में आयेगा।

**यहां से मिलेगी शटल सेवा**

- भीमताल से कैंचीधाम (सभी पार्किंग स्थलों से)
- मस्जिद तिराहा से कैंची धाम (सभी पार्किंग स्थलों से)
- खैरना से कैंची धाम तक



### मेले में लगाई बसें, पहाड़ को रहेगी दिक्कत

**हल्द्वानी :** कैंची धाम मेले में रोडवेज की बसों को शटल सेवा में लगाए जाने से 15 मई को पर्वतीय इलाकों के लिए बसों का संचालन ठप बाधित रहेगा। शुक्रवार को पर्वतीय इलाकों में जाने वाले यात्रियों को रोडवेज से बसें नहीं मिली। जिसके चलते लोग परेशान रहे। कैंची मेले के लिए हल्द्वानी से शटल वाहनों का संचालन किया गया है। इसके लिए प्रशासन ने रोडवेज की बसों की ड्यूटी लगाई है। परिवहन निगम ने पर्वतीय जिलों के लिए रवाना होने वाली बसों को लगाया है। इससे शनिवार को भी पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर जाने वाले यात्रियों को बसें नहीं मिलेगी।

# कैंचीधाम क्षेत्र में वनाग्नि रोकने को तैनात की टीमें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**सतर्कता**

- वन विभाग ने बड़ी संख्या में तैनात किए कर्मचारी
- क्षेत्र में वनाग्नि से बचाव के लिए रविवार तक डटी रहेंगी टीमें

**अमृत विचार :** वन विभाग ने कैंचीधाम मंदिर के आसपास वनाग्नि की प्रभावी रोकथाम के लिए नैनीताल व मुक्तेश्वर की टीमों का गठन किया है।

नैनीताल डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि मेला अवधि शुक्रवार से रविवार तक नैनीताल व मुक्तेश्वर रेंज की टीमें वनाग्नि की रोकथाम एवं बचाव के लिए तैनात रहेंगी। एसडीओ, रेंजर का जिम्मा होगा कि वे अग्नि सुरक्षा के लिए जरूरी संसाधन, उपकरण, फायर रेक, डांगरी, बूट, टॉर्च, फायर सेफ्टी हेलमेट, वाटर बॉटल वगैरह का इंतजाम करेंगे। भवाली रेंज ट्रैक रूट पर चार मोबाइल क्रू स्टेशन तैनाती करेंगे। वाहन चालक के अतिरिक्त पांच फायर वाचर की भी तैनाती करेंगे।

उन्होंने कहा कि टीमें सैनिटोरियम से पेट्रोल पंप, रानीखेत रोड भवाली, सिरोडा पैदल मार्ग, मल्ला निगलाट महरा रेस्टोरेंट, फ्लॉवर स्टोर, गैरखान पैदल मार्ग से फ्लॉवर स्टोर से किरोला रेस्टोरेंट के मार्ग के लिए एसडीओ राजकुमार की तैनाती की गई है। इसी प्रकार किरौला रेस्टोरेंट, वन विश्रामगृह कैंचीधाम, मंदिर प्रवेश द्वार, साई मंदिर, हरतपा मोटर मार्ग के लिए एसडीओ हेमचंद्र गहतोड़ी की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि कैचीधाम मेले के दौरान गठित टीमें वनाग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करेंगे। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।



कैंची धाम मेला क्षेत्र में चेकिंग करता डॉग स्क्वायड।

### अधिकारियों के साथ ही डॉग स्क्वायड से परखी कैंची धाम की सुरक्षा व्यवस्था

**नैनीताल :** 15 जून को कैंची धाम के स्थापना के मौके पर कैंची धाम में उमड़ने वाली पर्यटकों की और धाम में यातायात व्यवस्था दुरुस्त किए जाने को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पहलाद नारायण मीणा ने शुक्रवार को मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कैंची धाम मेले को शांतिपूर्वक और सुचारू रूप से कराने के लिए मंदिर परिसर और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर आने वाले भक्तों की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान डॉग स्क्वाड टीम ने मंदिर क्षेत्र की चैकिंग की ताकि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। इस दौरान हरबंस सिंह एसपी क्राइम/यातायात नैनीताल, सुमित पांडे क्षेत्राधिकारी भवाली, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डीआर वर्म मौजूद रहे।

### कैंची धाम में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ जवान भी तैनात

**नैनीताल :** वनाग्नि की घटनाओं की संवदेनशीलता को देखते हुए कैंचीधाम क्षेत्र में 16 जून तक एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीम को तैनात किया गया है। अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि तापमान में वृद्धि एवं आद्रता में अत्यंत कमी होने के कारण भवाली रेंज, नैनी रेंज एवं मनोरा रेंज अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र हैं। कैंची धाम में 15 जून को स्थापना दिवस के अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक कैंची धाम पहुंचेंगे। ऐसे में क्षेत्र में किसी प्रकार की आग की घटना ना हो और लोगों पर इसका बुरा असर न पड़े, इसको देखते हुए क्षेत्र में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ को तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य कर हो सकेगा।



कैंची धाम मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

# डीएम ने कैंची धाम में व्यवस्थाओं का जायजा लिया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना ने कैंचीधाम और सैनिटोरियम, नैनी बैंड बाइपास की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पार्किंग में प्रवेश और निकासी द्वार अलग-अलग बनाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा जल संस्थान की ओर से कैंचीधाम आ रहे श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पीने के पानी की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मोबाइल टॉयलेट, पानी का टैंक और कैंची व नैनीताल आने जाने में आगंतुकों को परेशानी न हो इसके लिए सायनेज लगाने के निर्देश दिए।

डीएम ने ईओ भवाली को परिवहन विभाग की पार्किंग और शहर में सफाई व्यवस्था जांचने के निर्देश दिए। वृद्ध और मरीजों के लिए 2 इमरजेंसी मेडिकल शटल सेवा की व्यवस्था भी करने के लिए कहा। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुविधा के लिए कैंचीधाम मंदिर परिसर के सामने स्वास्थ्य कैंप की भी व्यवस्था की गई है। डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो। इस अवसर पर एसएसपी पीएन मीणा, एडीएम शिव चरण द्विवेदी, पीडी हिमांशु चौहान, उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा आदि मौजूद रहे।



कैंची धाम में मेले की तैयारियों व व्यवस्थाओं की जायजा लेतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

# कैंचीधाम में ड्यूटी के लिए जा रहे दो पुलिसकर्मी सड़क हादसे में घायल

संवाददाता, हल्द्वानी

**एसटीएच में भर्ती**

- अल्मोड़ा से स्कूटी पर जा रहे थे महिला व पुरुष पुलिस कर्मी
- कैंची धाम के पास कार ने मारी टक्कर, दोनों एसटीएच में भर्ती

**अमृत विचार:** कैंचीधाम मेले में ड्यूटी के लिए जा रहे अल्मोड़ा जिले के दो पुलिसकर्मी सड़क हादसे में घायल हो गए। दोनों पुलिस कर्मी स्कूटी से अल्मोड़ा के लिए आ रहे थे, रास्ते में एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए दोनों पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए एसटीएच भेजा गया है।

अल्मोड़ा कोतवाली में तैनात महिला कांस्टेबल मोनिका जोशी व पुलिस कर्मी बालम शुक्रवार को अल्मोड़ा से कैंची धाम मेले में ड्यूटी के लिए स्कूटी से जा रहे थे। कैंची मंदिर से कुछ दूर पहले एक अनियंत्रित कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। दोनों पुलिसकर्मी हादसे के बाद स्कूटी समेत नीचे गिर गए और घायल हो गए। आसपास के लोगों ने देखा तो उन्हें उठाया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पहले कैंची स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गई। प्राथमिक उपचार के बाद उनको हल्द्वानी स्थित डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल भेज दिया गया। बताया गया कि पुलिसकर्मी बालम के सिर में गंभीर चोट लगी है जिसके चलते उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इधर सूचना पर एसपी सिटी हल्द्वानी समेत तमाम पुलिस कर्मी सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना।



घायल हुए पुलिस कर्मी को अस्पताल पहुंचाते एसएसपी पीएन मीणा व अन्य।

# 21 को योग कार्यक्रम में भाग लेंगे धामी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को वानिकी प्रशिक्षण अकादमी में होने वाले योग शिविर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी हिस्सा लेंगे।



इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। डीएम वंदना सिंह ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में बैठक की। उन्होंने कहा कि योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम एफटीआई में होगा, सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट जाएं। उन्होंने कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. एमएस गुंज्याल को निर्देश दिए कि वह सभी अधिकारियों से समन्वय बनाएं और जरूरी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर लें। जल संस्थान ईई आरएस लोशाली को शिविर में पानी और बिजली ईई को विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। लोनिवि ईई अशोक चौधरी को शिविर में टैंट, गद्दे, बैरिकेडिंग की व्यवस्थाएं बनाने को कहा। 20 जून तक सभी तैयारियां हो जानी चाहिए। इस दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सीडीओ अशोक पांडे, एडीएम पीआर चौहान, सीएमओ डॉ. श्वेता अग्रवाल, आरटीओ नन्द किशोर, एसडीएम पारितोष वर्मा एवं राहुल साह मौजूद रहे।

# कंपनी पर प्रताड़ित करने के आरोप

**नैनीताल:** नैनीताल की एक महिला ने एक कंपनी पर उसको प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। तल्लीताल निवासी ऋचा जलाल ने बताया कि उनके पति एक कंपनी में काम करते थे वर्ष 2022 में उनकी मौत हो चुकी थी। पति की मौत के बाद कंपनी की ओर से पति वे इलाज के लिए पैसे देने की बात कहकर इलाज के दस्तावेज मांग लिए, लेकिन बाद में कंपनी ने दस्तावेज खो जाने की बात कही।

# देवलचौड़ के प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने बोला धावा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** देवलचौड़ इलाके में स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरी व आग लगने की घटना सामने आई है। शुक्रवार को विद्यालय परिसर का गेट खोलकर जब लोगों ने देखा तो नल की टोटी, शौचालय व कक्षा का दरवाजा समेत अन्य सामान तोड़ चोर साथ ले गए। साथ ही विद्यालय के रसोई घर में आग लगा गए।

लोगों की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के वाहन ने आग को बुझाया। देवलचौड़ के प्राथमिक विद्यालय में देर रात चोरों ने चोरी की घटना को शातिर ढंग से अंजाम दिया। लोगों के मुताबिक चोरों ने शौचालय के लोहे का दरवाजा उखाड़ कर ले गए और विद्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रधानाध्यापक कुसुमलता मुरारी ने देवलचौड़ पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने शीघ्र चोरी का खुलासा करने की बात कही है।








प्राथमिक विद्यालय में चोरी की जानकारी देते प्रधानाध्यापक, चोरों द्वारा तोड़ा गया सीसी कैमरा व उखाड़ा गया दरवाजा।

# पेयजल समस्या के दीर्घकालिक उपाय भी खोजने होंगे : राज्यपाल

## उत्तराखंड में पेयजल समस्या के निस्तारण को लेकर राज्यपाल ने ली बैठक, संकट कम करने के लिए भावी योजनाओं की जानकारी लेकर दिए निर्देश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शुक्रवार को राजभवन नैनीताल में पेयजल विभाग के उच्चाधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में सचिव पेयजल अरविन्द सिंह ह्यांकी, एमडी पेयजल रणवीर सिंह चौहान और सीजेएम जल संस्थान नीलिमा गर्ग मौजूद रहीं। राज्यपाल ने ग्रीष्मकालीन पेयजल संकटग्रस्त क्षेत्रों में वर्तमान में की जा रही वैकल्पिक व्यवस्था और विभाग द्वारा इस संकट को कम करने के लिए भावी योजनाओं की जानकारी ली।


नैनीताल राजभवन में पेयजल अधिकारियों के साथ बैठक करते राज्यपाल। ● अमृत विचार

राज्यपाल ने कहा कि पेयजल समस्या के तात्कालिक उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक उपाय खोजने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड व देश में जल संरक्षण एवं भूजल स्तर को बढ़ाये जाने हेतु व्यापक योजना बनाये जाने की आवश्यकता है जो देश में एक मिसाल बने। उन्होंने कहा कि विभागीय सक्सेस स्टोरी को अन्य स्थानों में भी लागू करने के प्रयास किये जाएं। वर्षा जल संग्रह के ठोस इंतजाम की जरूरत बताई। राज्यपाल ने टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर पेयजल व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने डैशबोर्ड और मोबाइल आधारित एप्लिकेशन मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए। राजपाल जल संरक्षण क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही संस्थाओं को प्रोत्साहित किए जाने और उनके सहयोग पर भी बल दिया।

बैठक में सचिव पेयजल ने प्रदेश में वर्तमान में नगरीय क्षेत्रांतर्गत पेयजल संकटग्रस्त मोहल्लों की स्थिति, वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रांतर्गत पेयजल संकटग्रस्त बसावटों की स्थिति, प्रभावित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र, विगत तीन वर्षों के दौरान नगरीय क्षेत्रांतर्गत संकटग्रस्त मोहल्लों का विवरण एवं विगत तीन वर्षों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रांतर्गत संकटग्रस्त बसावटों का विवरण की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पेयजल हानि को रोकने लिए शहरी तथा अर्ध शहरी क्षेत्रों में नवनिर्मित योजनाओं में मीटर व्यवस्था को अनिवार्य किया गया है तथा पुरानी योजनाओं में भी मीटर संयोजन प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं लाइन में लीकेज की समस्या से बचने के लिए विभाग द्वारा नाबार्ड के सहयोग से सेंसर युक्त निगरानी व्यवस्था शुरू किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में पेयजल से संबंधित शिकायतों का समाधान टोल फ्री नम्बर से किया जा रहा है।

सचिव पेयजल अरविन्द सिंह ह्यांकी ने जानकारी दी की राज्य द्वारा विभिन्न जल संरक्षण गतिविधियों के लिए स्प्रिंग और रिवर रिजूवनेशन एजेंसी (सारा) का गठन किया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों यथा वन, जलागम, ग्राम्य विकास, पेयजल, सिंचाई, लघु सिंचाई, कृषि, पंचायती राज आदि जल संरक्षण के कार्य प्रस्तावित है। चिन्हित जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्रोत संवर्धन हेतु कार्य-योजना तैयार की गई है, जिसमें चाल-खाल, चैक डेम, कंटूर ट्रेंच, परकोलेशन पिट, वृक्षारोपण के कार्य प्रस्तावित हैं। पेयजल विभाग द्वारा जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्रोतों की जानकारी भी दी गई।

# वन विभाग नहीं दे रहा है जल जीवन मिशन की पाइपलाइन बिछाने की अनुमति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय, सभागार में अल्मोड़ा और नैनीताल जिले के जल संस्थान, जल निगम आदि अधिकारियों के साथ जल जीवन मिशन (द्वितीय फेस) के कार्यों की समीक्षा की।


जिला विकास प्राधिकरण सभागार में बैठक लेते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत।

बैठक के दौरान जल संस्थान-निगम के अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत नागरिक विरोध, वन विभाग द्वारा पाइप लाइन बिछाने में अवरोध, यूपीसीएल द्वारा चार्ज नहीं देने आदि के कारण से जल जीवन मिशन कार्यों में रुकावट आ रही है। जिस पर आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों में रुकावट करने विभाग, गांवों की सूची देने की बात कही। कहा कि विभागीय कार्यों में रुकावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल संस्थान - निगम के अधिकारियों को जल जीवन मिशन के तहत आपसी समन्वय और गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

नैनीताल डिवीजन अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में करीब 520 योजनाओं में कार्य चल रहा है। जिसमें नैनीताल में डिवीजन 236, हल्द्वानी में 58, लालकुआं में 54, रामनगर में 72, भीमताल में 76 डिवीजन विभिन्न योजनाओं के तहत कार्य गतिमान है। जिसमें सभी डिवीजन में 0 से 25 प्रतिशत में 1, 26 से 50 प्रतिशत में 36, 51 से 75 प्रतिशत में 114, 76 से 99 प्रतिशत में 129 जबकि 240 योजना के कार्य 100 प्रतिशत पूरे हो गए हैं। आयुक्त दीपक रावत ने जल संस्थान- निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए मिशन के कार्यों में देरी होने पर ठेकेदार से स्पष्टीकरण और तय समय पर कार्य पूरा नहीं होने की दशा पर ठेकेदार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से करें, जिससे शहरीय- ग्रामीण इलाकों के लोगों को पानी की समस्या का सामना नहीं करने पड़े।

## पानी पीने योग्य है या नहीं, मांगी रिपोर्ट

**भीमताल :** ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने जल संस्थान के अधिकारियों से कहा कि एक सप्ताह के भीतर दो अलग-अलग स्रोतों में सीवर लाइन का पानी आपूर्ति होना कहीं ना कहीं विभागों की कार्यप्रणाली में संदेह प्रकट करता है।

ब्लॉक प्रमुख ने ज्योलीकोट और वीर भट्टी आदि क्षेत्र का पेयजल व्यवस्था और प्रदूषित पानी की शिकायत मिलने पर निरीक्षण कर रहे थे। ब्लॉक प्रमुख ने कहा किसी भी हालत में गांव वालों को दूषित पानी ना पिलाया जाए। गांव में अनेक जगहों पर डायरिया, सर दर्द, बुखार उल्टी, इत्यादि बीमारी की शिकायतें मिल रही हैं। इसके लिए ब्लॉक प्रमुख ने तुरंत एक टीम स्वास्थ्य विभाग को भेजने हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है जो गांव में जाकर उनके स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे, प्रधान हरगोविंद रावत, अमित कुमार, मनोज चनियाल, शेखर भट्ट, धर्मेन्द्र रावत, ब्लॉक कमांडर धीरेन जीना आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल**

पत्रांक : 379/X-6 दिनांक : 14-06-2024

**नोटिस**

1. श्री प्रदीप सिंह बोरा पुत्र श्री जीवन सिंह बोरा, निवासी ठाकुरजी निवास अयारपाटा मल्लीताल, नैनीवाल।
2. श्रीमती रानी साह पत्नी श्री कैलाश चन्द्र लाल साह, निवासी देवी काटेज अयारपाटा, मल्लीताल, नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 09 देवी काटेज बाउट हाउस अयारपाटा मल्लीताल, नैनीताल में स्थित एक किता भूखण्ड का कुल क्षे० 124.9 वर्गमीटर एवं इसी भूखण्ड पर तामिर एक आउट हाउस जिसका कुल निर्मित क्षे० 107.8 वर्गमी० जिसमें 6 कमरे, 3 कीचन व 2 बाथरूम हैं में स्थित सम्पत्ति के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रूप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत विक्रय लेखपत्र दिनांक 04-05-2024 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित श्रीमती रानी साह पत्नी श्री कैलाश चन्द्र लाल शाह के स्थान पर अंतरित श्री प्रदीप सिंह बोरा पुत्र श्री जीवन सिंह बोरा का नाम अंकित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रूप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधी समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद, नैनीताल

## सार-संक्षेप


डॉ. उपाध्याय को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

### कुमाउनी भाषा के कवि को सम्मानित किया

**नैनीताल :** शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित कुमाउनी भाषा के कवि, चित्रकार व रंगकर्मी डॉ. प्रदीप उपाध्याय को शुक्रवार को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वरचित कविता गांव की इजा, पहाड़ै कि की इजा के जरिए लोगों को भाव विभोर कर दिया। प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता व हिन्दी विभाग के अध्यापक ने उन्हें अंगवस्त्र शाल प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आलोक कुमार, नेहा, मीनाक्षी, उत्कर्ष, गोविंद सिंह बोरा, दरपान सिंह, मुक्ता चौधरी, महेश, डां नीलम जोशी, निशा बनौला, अवन्तिका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मल्लीताल में युवक से 27 हजार की ठगी

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र के युवक के साथ 27 हजार की ठगी होने का मामला सामने आया है। युवक की ओर से कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। मल्लीताल निवासी उमेश सिंह ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा कि 13 जून को शाम के समय उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नम्बर से कॉल आई। उक्त युवक की ओर से उसके भाई को 13 हजार रुपये देने के बात कहकर उसके मोबाइल पर 10 हजार रुपये प्राप्त होने का मैसेज आया। जिसके बाद कॉल में तीन हजार रुपये और भेजने की बात कही तो उसके बाद मोबाइल पर 30 हजार प्राप्त होने का एक मैसेज आया। जिसके बाद उक्त युवक ने कॉल कर 3 की जगह तीस हजार रुपये आने की बात कहकर 27 हजार रुपये वापस करने की बात कही। जिस पर उमेश ने गूगल पे के माध्यम से 27 हजार रुपये डाल दिए। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि शिकायत साइबर सेल को भेज दी है।

### टैक्सी बाइक सवार ने अधिवक्ता को मारी टक्कर

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में विपरीत दिशा से जाकर स्कूटी सवार ने अधिवक्ता को टक्कर मार दी। अधिवक्ता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता प्रसन्ना कर्नाटक ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा कि वह शुक्रवार को वह हाईकोर्ट को आ रहे थे वह हर्मिटेज बैंड के पास पहुंचे ही थे कि एक टैक्सी स्कूटी तेज गति से विपरीत दिशा में आकर उनसे टकरा गई। स्कूटी की टक्कर से वह वहीं गिर गए और घुटने में भी चोट आ गई। उनको गिरता देख स्कूटी सवार मौके से फरार हो गया। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि मामले में शिकायत के बाद स्कूटी सवार को बुलाकर दोनों पक्षों की आपसी वार्ता कराई गई। जिसमें दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है।

### विधायक कैड़ा ने सिंचाई नहर का किया उद्घाटन

**हल्द्वानी :** भीमताल विधानसभा क्षेत्र के भीमताल ब्लॉक के सुड़ी-बेलगड़-चंदादेवी सिंचाई नहर आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई थी। इस वजह से सुड़ी, बेलगड़, चंदादेवी के ग्रामीणों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा था। विधायक राम सिंह कैड़ा ने इसको बनवाने के लिए प्रयास किए और सिंचाई नहर के फिर से निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया। विधायक ने इसका उद्घाटन भी किया।

## डंपर खराब होने से भीमताल में लगा जाम

**भीमताल, अमृत विचार :** कैंची धाम में मेले के आयोजन को देखते हुए पुलिस की ओर से हल्द्वानी से ही किए गए यातायात प्रबंधन कामयाब रहा।

इस कारण भीमताल में आमतौर पर लगने वाला यातायात जाम नहीं लगा। लेकिन भीमताल झील के समीप एक डंपर के खराब होने से कुछ समय के लिए यातायात जाम लगा जो कि बाद में खुल गया। इधर स्थानीय जनता ने पुलिस की यातायात व्यवस्था को कामयाब बताया। दिल्ली से पहुंचे पीयूष ने बताया कि पिछले बार भी वह नीम करौली महाराज के दर्शन को आए थे तब भी व्यवस्था सही थी पर पिछले वर्ष की अपेक्षा यातायात में ज्यादा सुधार है। वहीं कई पर्यटकों ने सुझाव दिया कि कैंची मंदिर में दर्शन के लिए और वहां पहुंचने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बननी चाहिए ताकि मंदिर से आगे अन्य शहरों को जाने वाले वाहनों को कोई व्यवधान ना हो।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा नैनीताल से वार्ता की। प्रारंभिक शिक्षा एवं शिक्षकों के लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान की मांग कर मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।


मुख्य शिक्षा अधिकारी से मांगों के संबंध में वार्ता करते शिक्षक। ● अमृत विचार

इसमें तीनों संवर्ग में पदोन्नति सूचियां जारी किए जाने, चयन वेतनमान एवं प्रोन्नत वेतनमान के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, जनपद में रिक्त विद्यालय के सापेक्ष तत्काल समायोजन किए जाने, मॉडल विद्यालयों में पद स्थापना हेतु पूर्व में कराई गई परीक्षा एवं काउंसलिंग के पश्चात शीघ्र ही परीक्षा फल जारी कर मॉडल विद्यालयों में पद स्थापना आदेश निर्गत किए जाने, स्थाईकरण सूची जारी कर अवशेष देयकों आदि लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण की मांग की है। मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने शीघ्र ही संघ के मांग पत्र पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक पुष्कर लाल टम्टा, मनोज तिवारी बंशीधर कांडपाल, मदन मोहन सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह सैनी, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## इग्नू की परीक्षाओं का किया औचक निरीक्षण

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र का क्षेत्रीय कार्यालय इग्नू देहरादून के सहायक निदेशक डॉ. राजीव कुमार ने इग्नू की परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। इसमें सुबह की पारी में 159 व शाम की पाली में 136 छात्र-छात्राओं की परीक्षा ली गई है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री प्रांजल को अपनी मर्जी से शादी करने के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर दिया है। भविष्य में उसका मुझसे और मेरे रिश्तेदार से कोई सरोकार नहीं रहेगा। - नीरज पत्नी स्वर्गीय विक्रम कुमार, निवासी-भूड़महोलिया, खटीमा, उधमसिंहनगर।

# स्वीकृत होने के बावजूद नहीं लगा ट्रांसफार्मर, पेयजल की भी किल्लत

संवाददाता, हल्द्वानी

**परेशानी**
- हरिनगर, वार्ड 42 और हिम्मतपुर मल्ला वार्ड 43 में लगाई गई चौपाल
- लोगों ने कहा कि समूचे वार्ड में पेयजल का गंभीर संकट है

**अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से हरिनगर, वार्ड 42 और हिम्मतपुर मल्ला वार्ड 43 में शुक्रवार को चौपाल लगाई गई। इसमें लोगों ने बिजली की लो वोल्टेज, रकसिया नाले की सफाई, सड़क का डामरीकरण किए जाने सहित कई मुद्दे उठाए।

हिम्मतपुर मल्ला वार्ड 43 में गोविंदपुरम के डीके भट्ट ने अधिकारियों को बताया कि क्षेत्र में बिल्जी की लो वोल्टेज की काफी दिक्कत है, जिसके लिए पिछले साल नवंबर में एक ट्रांसफार्मर भी स्वीकृत हो गया था लेकिन वह अब तक नहीं लग पाया है। लोगों ने कहा कि समूचे वार्ड में पेयजल का गंभीर संकट है, जिसके लिए उन्होंने एक ओवर हैड टैंक के निर्माण की मांग उठाई। दिव्य रत्न कॉलोनी के सुरेश चंद्र जोशी ने सड़क के डामरीकरण की मांग की। साथ ही, उन्होंने बिजली के तार काफी नीचे होने से दुर्घटना का सबब बने हुए हैं, जिन्हें ठीक किए जाने की मांग की। अंबिका कॉलोनी के जीसी कांडपाल ने अधिकारियों को बताया कि छह सोख्ते बनाए जाने प्रस्तावित थे लेकिन बने सिर्फ चार और वह भी नियमानुसार नहीं बनाए गए।

हरिनगर, वार्ड 42 में भी लोगों ने कई समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। यहां भी लोगों ने पेयजल की किल्लत बताई। भवानी पुरम की रेखा पंत ने कहा कि लोग बूंद बूंद पानी को तरह रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने सफाई कर्मचारियों के अक्सर गायब रहने की शिकायत की, जिस पर अधिकारियों से नियमित साफ सफाई का आश्वासन दिया। मनमोहन पांडे ने कहा कि जगन्नाथपुरी कॉलोनी में कूड़े की गाड़ी आती ही नहीं है। निवर्तमान पार्षद धीरज पांडे ने वार्ड में 25 स्ट्रीट लाइटें और लगाने को कहा। अधिकारियों ने उन्हें जल्द लाइटें लगाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर निगम की ओर से विद्युत निरीक्षक डीएस परमार, बैणी सेना के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज नेगी और सफाई निरीक्षक अमोल असवाल मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# चारधाम यात्रा रामनगर से शुरू होने से बदलेगी तस्वीर

रामनगर, अमृत विचार: चारधाम यात्रा रामनगर से शुरू होने से केवल रामनगर की ही नहीं बल्कि कुमाऊं के कई स्थानों की भी तस्वीर बदलती दिखेगी। इस पर स्थानीय नागरिकों की राय भी लगभग एक जैसी है। क्या सोचते हैं लोग उन्हीं की जुबानी...


चारधाम यात्रा रामनगर से शुरू किए जाने से इस क्षेत्र का कारोबार तो बढ़ेगा ही साथ ही कुमाऊं के मंदिरों के धार्मिक स्थलों का महत्व भी बढ़ेगा। हजारों लोगों को जहां रोजगार मिलेगा वही कई लोग अपना भी व्यवसाय शुरू करेंगे। एक हद तक पहाड़ का पलायन भी रुकेगा। -**किशन सिंह डसीला** रामनगर


चारधाम यात्रा रामनगर से प्रारम्भ किए जाने से केवल रामनगर का ही नहीं बल्कि रामनगर से कर्णप्रयाग तक पड़ने वाले हर छोटे छोटे कस्बों का व्यापार बढ़ेगा। यह इस क्षेत्र की खुशहाली के द्वार खोलने जैसा होगा। प्रदेश सरकार को त्वरित केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव जनहित में बनाकर भेजना चाहिए। -**रमन माहेश्वरी**, व्यापारी नंदा लाइन रामनगर


चारधाम यात्रा रामनगर से प्रारम्भ किया जाना जरूरी है। यात्रा यदि रामनगर से भी शुरू होती है तो पहाड़ की सड़कें दुरुस्त होंगी, पलायन पर रोक लगेगी, लोगों को अपने स्वरोजगार खोलने का अच्छा मौका मिलेगा। सरकार यदि रामनगर से यात्रा प्रारम्भ करेगी तो उसका यह कदम इस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। -**विनय कुमार माहेश्वरी**, व्यापारी बम्बाघेर रामनगर


रामनगर से चार धाम यात्रा शुरू करने की कवायद समय का तकाजा है। सरकार को इस दिशा में जल्द कदम उठाने की जरूरत है। इससे गढ़वाल के साथ साथ कुमाऊं के आध्यात्मिक स्थानों का भी महत्व बढ़ जाएगा। साथ ही चार धाम यात्रा के लिए यहां से गुजरने वाले तीर्थ यात्रियों से भी सरकार को अच्छा राजस्व मिलेगा। सरकार को इस दिशा में प्रयास करने चाहिए। -**भारत बंधु रावत**, पूर्व सैनिक रामनगर


चारधाम यात्रा रामनगर से प्रारम्भ यदि होती है तो राम की नगरी का चहुंमुखी विकास तो होगा ही। साथ ही रामनगर के साथ साथ कुमाऊं क्षेत्र धार्मिक स्थलों का भी महत्व बढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज को गम्भीरता से इस पर निर्णय लेना चाहिए। यह जनता की कई दशकों पुरानी मांग भी है। -**शिवि अग्रवाल**, निवर्तमान सभासद रामनगर

## मीटिंग में बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर चर्चा

**रामनगर :** उत्तराखंड बोर्ड के परीक्षाफल सुधार के लिए शैक्षिक गुणवत्ता सुधारकर परीक्षार्थियों का उत्कृष्ट बौद्धिक स्तर ऊंचा उठाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया। शुक्रवार को उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सभापति महावीर सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में ऑनलाइन मीटिंग में बोर्ड परीक्षार्थियों का उत्कृष्ट सम्प्राप्ति स्तर कैसे हो इस पर गहन मंथन किया गया। सभापति ने राजकीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के लिए विशेष अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। बोर्ड सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि बोर्ड परीक्षार्थियों का उत्कृष्ट सम्प्राप्ति स्तर पाने के लिए प्रयासरत है। अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा डॉ. मुकुल सती ने कार्यक्रम की रूपरेखा पेश करते हुए बोर्ड से सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर राज्य के 13 जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों सहित बोर्ड के शोध अधिकारी डॉ. नन्दन सिंह बिष्ट, शैलेन्द्र जोशी व मनोज कुमार पाठक उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रूद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## सार-संक्षेप


आढ़ती व किसान को सम्मानित करते मंडी सचिव। ● अमृत विचार

### मंडी समिति ने आढ़ती व किसान को किया सम्मानित

**रामनगर :** ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार इनाम योजना के तह आज मंडी समिति ने व्यापारी आढ़ती के रूप में प्रसादी लाल भागवत सरन फर्म के स्वामी विपिन कांडपाल को तथा किसान के रूप में गैबुआ निवासी धर्म दत्त सती को आज सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडी सचिव सहील अमहद ने सभी व्यपारियों व आढ़तियों को कहा कि वह अधिक से अधिक आप इनाम योजना से तहत किसानों के खाते में सीधे पेमेंट करें जिससे कि सरकार की इनाम योजना को और ज्यादा बढ़ावा मिले सके। मौजदा व्यापारियों ने कहा कि वह अधिक से अधिक इनाम योजना के तहत किसानों के खाते में पेमेंट करेंगे। इस दौरान सचिव सहील अहमद व लेखाकार पूरन सिंह सैनी, वह मंडी निरीक्षक बेचे लाल दुबे, लेखाकार दीपक पाठक, ललित पंत, मंडी कर्मचारी सुनील, सोमिल रावत मौजूद रहे।


देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करते भाजपा विधायक बंशीधर भगत।

### विधायक भगत ने जीत पर सीएम को दी शुभकामनाएं

**हल्द्वानी :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा की जीत होने पर बधाई दी। साथ ही कालाढूंगी विधानसभा सीट की विकास योजनाओं पर चर्चा की। सीएम धामी ने नैनीताल संसदीय सीट पर कालाढूंगी से भाजपा के पक्ष में एकतरफा मतदान पर विधायक का आभार जताया। इस पर विधायक भगत ने मुख्यमंत्री को आगामी निकाय एवं पंचायत चुनावों में भी भाजपा के बेहतर प्रदर्शन के लिए आश्वस्त किया।

### चोरी के सामान के साथ दो आरोपी गिरफ्तार किए

**हल्दूचौड़ :** जग्गीबंगर हल्दूचौड़ निवासी मनोज तिवारी पुत्र स्व. दया किशन तिवारी की ओर से गुरुवार को कोतवाली लालकुआं में उसके घर का ताला तोड़कर 80 हजार रुपये तथा एटीएम कार्ड और चेक बुक आदि चोरी कर होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी का अवलोकन कर एवं अन्य माध्यम से पवन श्रीवास्तव को तेल डिपो चौराहे से तथा दूसरे अभियुक्त दीपक अग्निहोत्री को स्टोन क्रशर तिराहा हल्दूचौड़ से चोरी किए रुपये तथा चेक बुक, एटीएम व आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार किया गया।


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

### अधिकारियों को दी गई फोर्टिफाइड चावल की जानकारी

**हल्द्वानी :** यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामलों के अधिकारियों को फोर्टिफिकेशन ऑफ राइस (एफआरके) को लेकर जागरूक किया गया, जिसमें फोर्टिफिकेशन चावल की गुणवत्ता के मानक और उपभोक्ताओं को इसकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सीनियर प्रोग्राम एसोसिएट तिरुपति रंजन दास व डॉ. कौशिक ने बताया कि फोर्टिफिकेशन में चावल की कटाई के बाद सूक्ष्म पोषक तत्वों को मिलाया जाता है, ताकि चावल के प्रसंस्करण के दौरान समाप्त हो चुके सूक्ष्म पोषक तत्वों को फिर से बहाल किया जा सके और अन्य विटामिन व खनिजों को जोड़कर चावल की गुणवत्ता को बढ़ाया जाता है। इस अवसर पर कुमाऊं संभाग के खाद्य नियंत्रक बीएल फिरमाल और कुमाऊं क्षेत्र में विभिन्न केंद्रों पर तैनात वरिष्ठ विपणन अधिकारी व निरीक्षक मौजूद रहे।

### देवभूमि व्यापार मंडल ने किया हल्दूचौड़ इकाई का विस्तार

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल हल्दूचौड़ इकाई के अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने हल्दूचौड़ कार्यकारिणी का विस्तार किया है। उन्होंने भास्कर सुयाल को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, महेश चंद्र जोशी जिला उपाध्यक्ष, मनोज कांडपाल जिला सचिव, राकेश धपोला जिला प्रचारमंत्री, हेमचन्द्र दुमका कुमाऊं मंडल सचिव, चिंतामणि पांडे कुमाऊं मंडल प्रचारमंत्री, विनोद दुमका जिला उप सचिव, विक्की पाठक कुमाऊं मंडल संगठन मंत्री बनाया गया है। सभी ने व्यापारी हित में संघर्ष करने का फैसला किया। नवनियुक्त कार्यकारिणी के मनोनयन पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, डॉ. बालम सिंह बिष्ट, रमेश जोशी, राजेश अधिकारी, हर्ष जलाल, अतुल गुप्ता आदि ने प्रसन्नता जताई है।

### 2.46 करोड़ की योजना से भी नहीं मिल रहा पानी

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे से सटे कूल गांव के बाशिंदों ने जल जीवन मिशन योजना में धांधली का आरोप लगा कुमाऊं आयुक्त व जिलाधिकारी को ज्ञापन भेज योजना की जांच की मांग उठाई है। आरोप लगाया है की विभाग करोड़ों रुपये के बजट को ठिकाने लगा गांव के बाशिंदों को हितों से खिलवाड़ कर रहा है। ज्ञापन में पचास से ज्यादा ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। बताया की मजबूरी में दो किमी दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। रामगढ़ ब्लॉक के कूल गांव के बाशिंदे बूंद बूंद पानी को मोहताज हो चुके हैं। रोजाना दो किमी दूर से महिलाएं, बच्चें तथा बुजुर्ग रोजाना सिर पर पानी के बर्तन रख ढोने को मजबूर हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन योजना से गांव को जोड़ करीब 2.46 करोड़ रुपये से भी अधिक का बजट स्वीकृत किया।

### हल्द्वानी निवासी बुलबुल ने हरिद्वार में किया मां का श्राद्ध

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी में रहने वाली एक बिटिया ने अपनी मां का श्राद्ध हरिद्वार में जाकर किया। स्वतंत्र लेखिका रहीं रीता खनका रौतेला का वार्षिक तिथि श्राद्ध हरिद्वार के हर की पैड़ी स्थित कुशा घाट में उनकी बिटिया हर्षिता रौतेला 'बुलबुल' ने किया। रीता पत्रकार जगमोहन रौतेला की पत्नी थीं। रीता खनका रौतेला का मई 2023 में तीन साल तक कैंसर से लड़ने के बाद निधन हो गया था। अपनी मौत से एक हफ्ते पहले उन्होंने देहदान का संकल्प लिया और अपनी मृत देह हल्द्वानी के राजकीय मेडिकल कॉलेज को दे देने का संकल्प पत्र भरा। रीता खनका रौतेला की मृत्यु के बाद उनके पति जगमोहन ने अपनी एकमात्र संतान बिटिया हर्षिता उर्फ बुलबुल से ही क्रिया के संस्कार सम्पन्न करवाए थे। रीता रौतेला के वार्षिक श्राद्ध को बिटिया हर्षिता ने हरिद्वार के कुशा घाट में कुर्मांचल के उनके तीर्थ पुरोहित संजय भगत के दिशा-निर्देशन में पुरोहित गिरीश चन्द्र पंत ने सम्पन्न करवाया। उनका सहयोग पुरोहित उमेश कांडपाल, पुरोहित गोपाल दत्त जोशी और रमेश गढ़कोटी ने किया। भाजपा की प्रदेश मंत्री मीरा रतूड़ी ने हर्षिता द्वारा अपनी का वार्षिक श्राद्ध किए जाने को एक उल्लेखनीय कदम बताया।


मां का श्राद्ध करती हर्षिता उर्फ बुलबुल।

# बेस अस्पताल में पानी का संकट गहराया, टैंकरों से हो रही आपूर्ति

## भूजल स्तर से गिरने से नौ वर्ष पहले बंद हो गया था नलकूप, मरीज व तीमारदार परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में पिछले नौ वर्ष से नलकूप बंद पड़ा है। भूजल स्तर गिरने से नलकूप को बंद करना पड़ा था। वर्तमान में अस्पताल में टैंकर से पानी की आपूर्ति हो रही है।

भीषण गर्मी में हल्द्वानी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा है। गौला बैराज का जलस्तर घटने से शहर में मौजूद नलकूप भी लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति करने में अक्षम साबित हो रहे हैं। शहर के प्रमुख बेस अस्पताल में रोजाना एक हजार से 1200 मरीज ओपीडी में आते हैं। साथ ही 100 से 150 मरीज वार्डों में भर्ती होते हैं। भर्ती मरीजों के साथ उनके तीमादार भी अस्पताल में ही रहते हैं। अस्पताल में सफाई और अन्य कार्यों के लिए पानी की जरूरत पड़ती है। इसको लेकर करीब नौ वर्ष पूर्व अस्पताल परिसर में नलकूप लगाया था। मगर जलस्तर नीचे गिरने की वजह से नलकूप को बंद कर दिया गया। इसके बाद से अब तक नलकूप की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अस्पताल प्रशासन को रोजाना पानी का टैंकर मंगवाना पड़ता है। उसके बाद ही साफ-सफाई व अन्य कार्य हो पाते हैं। अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने बताया कि पानी की दिक्कत चल ही रही है। पानी के टैंकर से काम चलाया जा रहा है।



### बेस अस्पताल में सोलर पैनल से बनेगी बिजली

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में सोलर पैनल के जरिए बिजली का उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए ओपीडी वाले भवन की छत पर सोलर पैनल लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। केंद्र सरकार सौर ऊर्जा पर जोर दे रही है। इसके तहत बेस अस्पताल की छत पर सोलर पैनल लगाया जा रहा है। अस्पताल में बड़ी मात्रा में प्रतिदिन बिजली की खपत होती है। सोलर पैनल लगने के बाद बिजली सीधे ग्रिड में भेजी जाएगी। जिससे अस्पताल में आने वाला बिजली का शुल्क भी कम हो जाएगा। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत सोलर पैनल लगाने के लिए पहले चरण में ओपीडी की छत को चुना गया है। अनुमान है कि तीन से चार माह में कार्य पूरा हो जायेगा।

### गौलापार में नलकूप खराब, पानी का संकट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गौलापार के उदयपुर इलाके में बीते 3 दिनों सिंचाई विभाग का नलकूप खराब होने के चलते करीब हजारों आबादी के सामने पेयजल संकट गहराया हुआ है। निजी टैंकर के साथ ही अन्य विकल्पों के जरिए लोग पानी की जरूरत पूरी करने में लगे हुए हैं। सिंचाई विभाग की नलकूप की मोटर की मरम्मत का काम जारी है, लेकिन वर्तमान समय में पानी की दिक्कत इलाके में बनी हुई है। नलूकप खराब होने से खेतों की सिंचाई के साथ ही पेयजल की भी दिक्कत बनी हुई है। इधर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के मुताबिक नलकूप को ठीक करने में अभी 2 से 3 दिन तक का समय और लग जाएगा।

# जल संरक्षण व संवर्धन के तहत मनाया जल उत्सव


जल उत्सव के तहत जल संरक्षण व संवर्धन पर विस्तृत जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**कार्यक्रम**
- कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन
- हरेला पर एक एक पौधा लगाने व उसके देखभाल की शपथ ली

**अमृत विचार :** स्प्रिंगशेड एंड रिवर रिजुवेनेशन एजेंसी (सारा) के तत्वावधान में जल संरक्षण एवं संवर्धन के तहत ग्राम पंचायत रामपुर लामाचौड़ के राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में विकासखंड स्तरीय जल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वक्ताओं ने ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सभी ने जल संरक्षण की शपथ ली, जिसके तहत लोगों ने हरेला पर्व पर एक एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रूपा देवी और अध्यक्षता रामपुर लामाचौड़ के प्रधान अजमेर सिंह ने की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र जोशी, भूपेंद्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी संजय जोशी, यशवंत सिंह, गजेंद्र सिंह राठौर, लता सुयाल, क्षेपं. सदस्य कमला देवी, कमल पडलिया, सतवंत सिंह, जसवंत सिंह, शेखर आर्य आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम गौ सेवक योजना से निराश्रत पशुओं को आसरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ग्राम गौ सेवक योजना से निराश्रित पशुओं को आसरा मिलने लगेगा। योजना के तहत स्थानीय निकायों की ओर उपलब्ध निराश्रित पशुओं की देखभाल करने पर राज्य सरकार की ओर से प्रति पशु 80 रुपये का भुगतान किया जाएगा।

निराश्रित पशुओं से लगभग सभी जगहों के लोग परेशान हैं। शहरी क्षेत्रों में सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित पशु दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं। हल्द्वानी, लालकुआं आदि में यह अब तक कई लोगों की जान भी ले चुके हैं। इधर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इनसे खासे परेशान हैं। गौलापार, लामाचौड़ आदि क्षेत्रों में निराश्रित पशु किसानों की फसल को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे में, ग्राम गौ सेवक योजना से लोगों को इनके आतंक से राह मिलेगी, जबकि इन्हें आसरा मिल जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि योजना के तहत एक व्यक्ति पांच निराश्रित पशु तक की देखभाल कर सकता है, जिसके लिए राज्य सरकार की ओर से 12 हजार रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। बताया कि कुछ समय पहले किए गए सर्वे के तहत जिले में करीब 5000 हजार निराश्रित पशु हैं, जिनमें से करीब 3000 पशुओं को गौशाओं में भेज दिया है लेकिन अब भी 2000 पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। ग्राम गौ सेवक योजना के तहत अब तक 19 लोगों का पंजीकरण कर लिया गया है।

# कोसी में पानी सूखने से छाने लगा संकट

**रामनगर, अमृत विचार :** एक हफ्ते से दिन प्रतिदिन पड़ रही भीषण गर्मी से जीवन दायनी कोसी का जल स्तर कम होने से खेत खलिहानों में सिंचाई के लिए पानी की कमी से विभाग के समक्ष दिक्कतें आने लगी हैं।

भीषण गर्मी से मंगलवार को कोसी नदी का जलस्तर भी 64 क्यूसेक पर पहुंच गया है। इससे पहले जून 2021 में कोसी नदी में जलस्तर 56 क्यूसेक रिकार्ड किया गया था, 20 दिन पहले भीषण गर्मी के बाद पहाड़ों पर बारिश से कोसी नदी का जलस्तर 105 क्यूसेक पहुंच गया था। इससे गांवों में सिंचाई के पानी के लिए मारामारी मच रही है, और ट्यूबवैल पर निर्भरता बढ़ गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सिचाई के लिए पानी की यह दिक्कत हर बार आती है लेकिन रोस्टर प्रणाली से इसका हल निकाल लिया जाता है।

# 90 बेड बढ़ाने में देरी होने के कारण एमबीबीएस सीटों की बढ़ोतरी लटकी

संवाददाता, हल्द्वानी

**इंतजार**
- मेडिकल कॉलेज में इस समय एमबीबीएस की हैं 100 सीटें
- भवन बनेगा तो बढ़ेंगी एमबीबीएस की 50 सीटें


90 बेड बढ़ाने के लिए कार्य चल रहा है। जैसे ही कार्य पूरा हो जाएगा, मरीजों को भर्ती करना शुरू कर दिया जाएगा। -डॉ. अरुण जोशी, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में एमबीबीएस सीटों को बढ़ाने के लिए वर्षों से प्रयास किए जा रहे हैं। यहां वर्तमान में एमबीबीएस की 100 सीटें हैं, जिन्हें 150 तक करने की प्रक्रिया चल रही है। नियम के तहत अस्पताल में बेडों की संख्या बढ़ने के बाद ही एमबीबीएस की सीटें बढ़ पाएंगी। बेड बढ़ाने के लिए जिस भवन को बनाया जा रहा है, उसमें देरी की वजह से सीटों की बढ़ोत्तरी लटकी हुई है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) में 750 बेड हैं। यहां कुमाऊं के साथ ही उत्तर प्रदेश से भी मरीज आते हैं। इस वजह से आईपीडी में बेडों की दिक्कत रहती है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन कॉलेज में एमबीबीएस की मौजूद 100 सीटों को बढ़ाकर 150 तक करना चाहता है, लेकिन नेशनल मेडिकल काउंसिल ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के सामने शर्त रखी कि उसके अधीन एसटीएच में बेडों की संख्या बढ़ाने के बाद ही एमबीबीएस की सीटें बढ़ाई जा सकती हैं।

इसे देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने अस्पताल के लिए 90 बेड का नया भवन तैयार करना शुरू किया। इसमें सामान्य मरीजों को भी भर्ती किया जाना था। इस भवन को पिछले वर्ष दिसंबर माह में ही बनकर तैयार हो जाना था, लेकिन अभी तक नहीं हुआ है। इस वजह से मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीटें बढ़ाने का मामला लटका हुआ है।

# ईद पर सभी समुदायों में सद्भाव बना रहे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा को देखते हुए कोतवाली हल्द्वानी और रामनगर पुलिस ने पीस कमेटी की बैठक की और त्योहर को देखते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

कोतवाली हल्द्वानी सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र ने कहा कि आगामी ईद के अवसर पर सभी समुदायों के बीच शांति और सद्भाव बना रहे, इसके लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। ईद-उल-अजहा पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाएगी। धर्मगुरुओं और समुदाय के प्रमुख सदस्यों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। 17 जून को होने वाले ईद-उल-अजहा पर्व सम्पन्न कराने के लिए लोगों ने साफ सफाई, विद्युत व जल आपूर्ति की समस्याओं को दूर करने के लिए कहा। गोष्ठी में नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, सीओ सिटी नितिन लोहनी, कोतवाल उमेश कुमार मलिक, थाना अध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी मौजूद रहे।


बैठक लेते एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, साथ में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी।


बैठक में मौजूद एसडीएम, सीओ, कोतवाल व अन्य।

### कुर्बानी का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न होने पाए

**रामनगर, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक संपन्न हुई। शुक्रवार को संपन्न हुई बैठक में उपजिलाधिकारी राहुल शाह ने कुर्बानी के लिए शासन के द्वारा जारी की गाइड लाइन के बारे में विस्तार से बताए हुए कुर्बानी को पर्दे में साफ-सफाई के साथ किये जाने व कुर्बानी के मीट को ढककर एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाने व ले जाने की व्यवस्था किये जाने की बात कही। सीओ भुपेन्द्र सिंह भण्डारी कुर्बानी की वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड नहीं करने के निर्देश देने के साथ ही आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाये जाने की बात कही। कोतवाल अरूण कुमार सैनी ने बताया कि बकरीद पर शांति व सुरक्षा की दृष्टि से व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अधिनस्थों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। बैठक में एसडीएम राहुल शाह, सीओ भुपेन्द्र सिंह भण्डारी, कोतवाल अरूण कुमार सैनी, एसएसआई प्रथम मो. युनुस, एसएसआई सेंकेंड मनोज सिंह नयाल, नयाब तहसीलदार दयाल चन्द्र मिश्रा, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष हाजी मो. अकरम, प्रांतीय व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, देवभूमि व्यापार मण्डल के मनमोहन अग्रवाल, जामा मस्जिद प्रशासक शकील खान, बड़ी मस्जिद खताडी के इमाम मुफ्ती वसीम आदि मौजूद रहे।

# जंगलों के जलने से कोसी घाटी में धुंध ने डाला डेरा

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** जंगलों में आग धधकने से जहां बेशकीमती वन संपदा राख होती जा रही है वहीं धुएं से पर्यावरण भी प्रदूषित होता जा रहा है। आसपास के जंगलों में धधकी आग से कोसी घाटी में धूप खिलने तक गहरी धुंध छाई रही। क्षेत्र में धुंध छाए रहने से स्थानीय लोग भी सख्ते में आ गए। दोपहर तक धुंध व धूप ने तापमान में वृद्धि कर दी।

कोसी घाटी के बाशिंदे उठकर घरों से बाहर निकले तो बाहर का नजारा देख सख्ते में आ गए। पूरे क्षेत्र में धुंध छाए रहने से ग्रामीण हैरान हो गए। बुधवार रात तक आसपास के जंगलों में आग धधकने से धुएं ने पूरे इलाके को धुंध की चपेट में ले लिया। धूप खिलने के बाद कुछ हद तक धुंध छठ सकी हालांकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शाम तक धुंध का प्रकोप रहा। धुंध छाए रहने से जहां तापमान बढ़ने लगा तो वहीं स्वास संबंधी बीमारी से ग्रसित मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को आंखों में जलन भी महसूस हुई।

# कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लालकुआं, अमृत विचार :** निकटवर्ती क्षेत्र की शिवालिक कॉलोनी निवासी स्टोन क्रशर कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अरविंद चौहान (48) पुत्र महेंद्र चौहान निवासी शिवालिक पुरम हल्दुचौड़ गुरुवार देर शाम को दो महिला और एक युवक के साथ कार में सवार होकर लालकुआं नगर स्थित एक निजी क्लीनिक गए थे, जहां चिकित्सक से बातचीत करते हुए उन्होंने दवा ली। एक घंटे बाद पुनः उसी क्लीनिक में दो महिला और एक युवक उक्त व्यक्ति को अचेत लेकर पहुंचे। चिकित्सक की ओर से जांच कि गई तो बताया कि व्यक्ति की मौत हो चुकी है। अरविंद चौहान की मौत पर लोग एकत्र हो गए। क्षेत्र वासियों ने मौके पर मौजूद महिला को नहीं जाने दिय। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो महिलाओं व उसके साथी युवक को रोक लिया, जिनसे पूछताछ शुरू की।

# व्यापारियों ने किया आदर्श व्यापार मंडल का गठन

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार :** पूर्व से चले आ रहे व्यापारी संगठनों के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की मनमानी और संगठनों की ओर से लगातार व्यापारी हितों की अनदेखी से आहत हल्दूचौड़ के व्यापारियों ने सर्व सम्मति से अपना निजी संगठन बनाया है। आदर्श व्यापार मंडल हल्दूचौड़ के नाम से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया है।

नवीन व्यापार मंडल में वरिष्ठ व्यापारी नंद किशोर मिश्रा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया जबकि कमल किशोर जोशी को सचिव, विशाल वर्मा और दिनेश सिंह बिष्ट को उपाध्यक्ष, भुवन गरवाल को कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार को उप सचिव और हरीश चंद्र मिश्रा को प्रचार मंत्री बनाया गया। इसके अलावा राजेंद्र गिरी, किशना नंद जोशी, रमेश चंद्र दुमका, राजेंद्र सिंह राणा, देव बहादुर राणा सहित कई व्यापारियों को सदस्य बनाया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष नंद किशोर मिश्रा ने बताया कि सैकड़ों व्यापारियों की सहमति के उपरांत अपना क्षेत्रीय व्यापार संगठन बनाया गया है, जिसका बकायदा उप निबंधक चिट्स फंड कार्यालय हल्द्वानी में रजिस्ट्रेशन भी कराया गया है। सभी व्यापारियों की सहमति पर 15 जून शनिवार को एक भव्य कार्यक्रम कर नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसके उपरांत व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर संगठन का विस्तार किया जाएगा।

# उमेश पाठक के निधन पर जताया शोक

**रामनगर, अमृत विचार :** नगर पालिका की निवर्तमान सभासद सूचि बंसल के पिता व पूर्व सभासद एवं कांग्रेस नेता शिल्पेन्द्र बंसल के ससुर एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी उमेश पाठक के निधन पर क्षेत्रवासियो के द्वारा शोक जताया है।

बता दें कि नंदा लाइन निवासी स्व. पाठक भवानीगंज की रामलीला के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे हैं व रामलीला में कलाकार के रूप में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई थी। उनके निधन पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष पालिकाध्यक्ष हाजी मो. अकरम, तनुज दुर्गापाल, शिवि अग्रवाल, दीपक चन्द्र डीसी, रूबीना सैफी, विमला आर्या, कमला ढोडियाल, मेहराज बानो, आसमा परवीन, हिना परवीन, भुवन डंगवाल, संजय रावत, भुवन शर्मा, मो. मुजाहिद, मो. अजमल, गुलाम सादिक आादि ने शोक व्यक्त किया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


बगवाड़ा मंडी इलाके में स्थित कबाड़ गोदाम में धधकती आग। ● अमृत विचार


कबाड़ गोदाम में आग के दौरान निकलता धुआं। ● अमृत विचार

# छह कबाड़ गोदामों और तीन झोपड़ियों में धधकी आग

## बगवाड़ा मंडी की है घटना, आग से करोड़ों का नुकसान, दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया, आसमान में छाया धुआं

अग्निकांड

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बगवाड़ा मंडी इलाके के लोगों में उस वक्त अफरातफरी मच गई। जब वहां मौजूद कबाड़ गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और झोपड़ियों को अपने आगोश में ले लिया। आग और धुएं की लपटों से आसमान में धुआं ही धुआं छाने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने का कार्य शुरू हुआ। भीषण अग्निकांड में करोड़ों का नुकसान होने का अनुमान है।

बगवाड़ा मंडी इलाके की आबादी के पीछे स्थित भूखंड में पहाड़गंज निवासी जफीर अहमद, सलीम अहमद, बगवाड़ा निवासी रंजीत सिंह संधू, एहसान हसन, भूत बंगला निवासी इमरान खान के अलावा वाहिद अली का कबाड़ का गोदाम है। शुक्रवार की दोपहर तीन बजे के करीब अचानक कबाड़ के ढेर में आग लग गई। जब तक कबाड़ गोदाम संचालक कुछ समझ पाता तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसे देखकर स्थानीय लोगों में भगदड़ और चीख पुकार का मचने लगी।

इस बीच सूचना मिलते ही सीएफओ निशांत कटारिया, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर भारी पुलिस बल व अग्निशमन टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आग को काबू करने की कोशिश शुरू की। बावजूद आग की लपटें और धुआं इलाके में फैलता गया। जिससे आसमान में धुएं के काले बादल छाने लगे। इस दौरान सिडकुल, किच्छा, गदरपुर, रुद्रपुर के अलावा दमकल की गाडियां बुलाकर तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन आग की चपेट में आने से वहां मौजूद गीता देवी, जामिया देवी और प्रदीप कुमार की झोपड़ियां भी जलकर राख हो गईं। बताया जा रहा है कि इस अग्निकांड से तकरीबन तीन करोड़ का नुकसान हुआ है। क्षति के सही आकलन के लिए दमकल विभाग ने जांच शुरू कर दी है।


ड्रोन से आग की घटना पर निगरानी करते एसपी सिटी मनोज कत्याल। ● अमृत विचार


आग बुझाते दमकल कर्मी।के ● अमृत विचार

### चलती रही हवा, बढ़ती रही आग

**रुद्रपुर:** बगवाड़ा मंडी इलाके के कबाड़ गोदामों में लगी को बुझाने में दमकल विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसका कारण यह था कि जिस वक्त अग्निकांड घटना घटित हुई। उसी दौरान उत्तर दिशा की ओर हवा का रुख बहुत ही तेज था। जिस कारण आग को काबू करने के बजाय आग लगातार गोदामों के अलावा आवासीय इलाकों की ओर बढ़ने लगी। जिसे देखकर दमकल विभाग के हाथ पांव फूलने लगे और कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग को बढ़ने से रोका।

### 12 गाड़ियों ने लगाए 36 चक्कर

**रुद्रपुर:** बगवाड़ा इलाके में हुआ भीषण अग्निकांड इतना बढ़ा था कि आग की लपटों में दमकल की गाड़ियों की पानी की बौछार कम पड़ने लगी। महज चंद मिनटों में ही गाड़ियों का पानी समाप्त हो रहा था। इसके लिए दमकल की 12 गाड़ियों ने पानी भरने के लिए 36 चक्कर लगाए और अग्निशमन विभाग ने चारों ओर से घेराबंदी कर आग पर बौछार मारनी लगातार जारी रखी। इसके बाद ही आग पर काबू पाया गया।

### संकरी गलियों से बढ़ीं दमकल की मुश्किलें

**रुद्रपुर:** बगवाड़ा मंडी में हुए अग्निकांड हादसे के दौरान सबसे ज्यादा दिक्कत उस वक्त आई, जब अग्निकांड स्थल गोदाम के नजदीक जाने के लिए दमकल विभाग को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कारण गोदाम के नजदीक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं था। प्रवेश मार्ग इतना संकरा व छोटा था कि गाड़ियां मौके तक पहुंच ही नहीं पायी। जिस कारण दमकल कर्मियों को पाइप को जोड़कर ही आग बुझाना पड़ा।

### नेता-अधिकारियों ने लगाई दौड़

रुद्रपुर। बगवाड़ा मंडी स्थित कबाड़ गोदाम में भीषण आग की सूचना मिलते ही नेताओं और अधिकारियों ने घटनास्थल की ओर दौड़ लगा दी और यातायात के अलावा भीड़ को नियंत्रित किया। सूचना मिलते ही विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर, थाना अध्यक्ष पंतनगर राजेंद्र सिंह डांगी, थाना प्रभारी भारत सिंह के अलावा आसपास की चौकी का फोर्स और राजस्व विभाग की टीम पहुंची और क्षति आकलन, यातायात व्यवस्था को सुचारू और भीड़ को नियंत्रित करने में जुट गई।

### घरों से निकाले लोग, सुरक्षित स्थान पर भेजा

**रुद्रपुर:** भीषण अग्निकांड के दौरान चलती तेज हवाओं के साथ ही आग की लपटें भी दूसरे गोदामों की ओर बढ़ने लगीं। इसके अलावा पूरा इलाका काले धुएं व तपिश से ढक गया। इस कारण घरों में रहने वाले लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जिसे देख पुलिस प्रशासन ने अग्निकांड के आसपास बसे लोगों को घरों से बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर भेजा। जिससे पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल रहा।

# बारूद के ढेर पर बसा है बगवाड़ा मंडी का इलाका

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अनदेखी
- घनी आबादी के पीछे बने कई कबाड़ गोदाम
- लोगों में दिखी नाराजगी, रोते-रोते किया बयां

**अमृत विचार:** बगवाड़ा मंडी में हुए भीषण अग्निकांड के बाद यह बात तो साबित हो चुकी है कि बगवाड़ा मंडी का पूरा इलाका वास्तव में बारूद के ढेर पर बसा हुआ है। कारण घनी आबादी के चारों ओर हजारों की आबादी है और उसके बीचोंबीच कई कबाड़ के गोदाम भी हैं। ऐसे में गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था।

किच्छा हाईवे स्थित बगवाड़ा मंडी इलाके में हजारों परिवार बसे हुए हैं। शहर के कुछ अमीरों के खाली प्लाट पड़े हुए थे जो घनी आबादी के बगल में हैं या फिर उसके पीछे मौजूद हैं। चंद पैसों की खातिर प्रभावशाली लोगों ने अपने भूखंड को कबाड़ गोदाम के लिए किराए पर दे रखे हैं। शुक्रवार को हुए भीषण अग्निकांड के दौरान वहां की रहने वाली गीता देवी, जामिया देवी और प्रदीप कुमार ने रोते-रोते बयां करते हुए बताया कि कबाड़ गोदाम होने के कारण हमेशा खतरा बना रहता है।

अग्निकांड में जहां झोपड़ियों का रखा सामान, नगदी व सोना चांदी जलकर स्वाहा हो गए। वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई, जबकि कबाड़ गोदाम में तीसरी बार अग्निकांड की घटना घटित हो चुकी है। बावजूद प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जबकि कबाड़ गोदाम को आबादी व शहरी इलाके से दूर बनाना चाहिए। जिसको लेकर गुस्साई भीड़ ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही प्रशासन ने कबाड़ गोदामों को नहीं हटाया तो आंदोलन किया जाएगा। लेकिन एक बात तो सही है कि यदि समय रहते प्रशासन ने लगाम नहीं लगाई तो जनहानि हो सकती है और इसी प्रकार बगवाड़ा मंडी इलाके के लोग बारूद के ढेर पर बसे रहेंगे।

### ड्रोन उड़ाकर जाना आग का दायरा

**रुद्रपुर:** बगवाड़ा मंडी स्थित कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग के दौरान काला धुआं और आग की लपटें होने के कारण पुलिस एवं अग्निशमन विभाग को आग के फैलने का दायरा जानने में मुश्किल हो रही थी। जिसको लेकर एसपी सिटी मनोज कत्याल और मुख्य अग्निशमन अधिकारी निशांत कटारिया ने ड्रोन कैमरा मंगवाकर उसे उड़ाया और आग का रुख किस ओर है उसे जानने की कोशिश की। जिसके बाद ही आग के रूख का सही अंदाजा हो सका और चारों ओर से घेराबंदी की आग पर काबू पाया गया।

### गाबा ने की पीड़ित महिलाओं की मदद

**रुद्रपुर:** अग्निकांड में अपना सारा कुछ गवां चुके तीन मजदूर परिवारों को भाजपा नेता सुशील गाबा ने आर्थिक मदद की। घटनास्थल पर डटे सुशील गाबा को जब पता चला कि तीन झोपड़ियां जलकर राख हो गई है। उन्होंने तुरंत पीड़ित गीता देवी को अपना पर्स सौंप दिया। जिसमें कुछ पैसे भी रखे हुए थे और बाकी दोनों परिवारों को आश्वासन दिया कि झोपड़ी बनाने, सामान इकट्ठा करने के लिए जल्द ही अलग से आर्थिक मदद की जाएगी।


घटना को बयां कर आक्रोश जताते लोग। ● अमृत विचार

# जनता ने भाजपा को दिखाया आइना

संवाददाता, रुद्रपुर


पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल व विधायक बेहड़।

**अमृत विचार:** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं गढ़वाल लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि लोकसभा 2024 के चुनाव ने भाजपा को आइना दिखाने का काम किया है। देश की जनता ने नया जनादेश देते हुए जहां कांग्रेस व इंडिया गठबंधन को भारी समर्थन दिया। वहीं मोदी के 400 पार के नारे को दरकिनार कर 250 भी पार नहीं होने दिया, क्योंकि देश की जनता पीएम मोदी व भाजपा के दोहरे चरित्र को समझ चुकी है।

शुक्रवार दोपहर को गणेश गोदियाल पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास विकास स्थित घर पहुंचे। जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुके देकर उनका स्वागत किया। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस को अफसोस है कि हरियाणा एवं पंजाब की भांति वह यहां स्थानीय मुद्दों को नहीं उठा पाई। जहां पंजाब में किसानों ने अपने अपमान का बदला लिया। वहीं हरियाणा ने खिलाड़ी बेटियों के सम्मान की रक्षा की।

इसके अलावा यूपी की जनता ने भी भाजपा को आइना दिखाया कि अब धर्म-जाति की राजनीति नहीं, बल्कि बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दों पर वोट करेगी। यही कारण है कि यूपी में भाजपा को करारी हार मिली। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अब स्थानीय मुद्दों को उठाएगी और जनादेश के साथ आंदोलन करेगी। साथ ही कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आगामी निकाय चुनाव में संगठित होकर संघर्ष करें और चुनावों में विजयी प्राप्त करें। इस मौके पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, राजेश प्रताप सिंह, मीना शर्मा, संजय जुनेजा, अरशद खान, दर्शन कोली, गुडडू तिवारी, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कुत्ते से बचने के चक्कर में स्कूटी सवार पिता-पुत्री घायल

**जसपुर:** कुत्ते से बचने के चक्कर में अनियंत्रित हुई स्कूटी नाली में गिरने से पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जसपुर के मोहल्ला चौहान निवासी विनय कुमार अग्रवाल व उनकी पुत्री आयुषी मोहल्ला जोशियान की ओर से स्कूटी से अपने घर आ रहे थे। तभी मोहल्ले का एक कुत्ता उनकी स्कूटी का पीछा करने लगा। कुत्ते से बचने के चक्कर में उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर नाली में जा गिरी। इससे वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया गया कि यह कुत्ता आए दिन वाहन चालकों का पीछा करने का आदी हो गया है। इसके बावजूद उसका मालिक उसे खुला छोड़ देता है।

# 11 बाइकों के साथ 2 आरोपी किए गिरफ्तार

संवाददाता, गदरपुर


मोटरसाइकिल चोरी में पकड़े गए आरोपियों के साथ एसएसपी और पुलिस टीम।

**अमृत विचार:** एसएसपी ने वाहन चोरी के मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने चोरी की 11 मोटसाइकिलों सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को थाने में एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आवास विकास निवासी धर्मपाल हुंडिया ने थाने में तहरीर देकर कहा था कि 10 जून को उसकी बाइक संख्या यूके06 एएच 3305 पर गदरपुर मुक्ति धाम की पार्किंग से चोरी हो गई थी। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया। 13 जून को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मजरा शीला से गदरपुर आने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो व्यक्ति बाइक पर आते दिखाई दिए पुलिस को देख दोनों पीछे भागने लगे। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम विक्की बजाज निवासी बस अड्डा कॉलोनी गदरपुर दूसरे ने अपना नाम मनोज शर्मा दुमका नगर बच्ची धर्म कॉलोनी हल्दूचौड़ लालकुआं बताया। पुलिस बाइक सहित दोनों को थाने ले आई। पुलिस ने जब युवकों से गाड़ी के कागजात मांगे तो कागज देने में आनाकानी करने लगा जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि उन्होंने 10 जून को गदरपुर मुक्तिधाम पार्किंग से बाइक चोरी की है। साथ ही बताया कि दो मोटरसाइकिल रुद्रपुर फल सब्जी मंडी और एक बाइक विशाल मेगा मार्ट से एक दिनेशपुर से चोरी की है, इसके अलावा लालपुर, किच्छा और रुद्रपुर से चोरी की है। उनके पास 10 और बाइक भी हैं। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसने कुलवंत नगर बैराज से पहले झाड़ियों के नीचे छुपाकर रखीं 10 अन्य बाइकें बरामद कीं। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा सिपाही इरशाद उल्ला को मंथ ऑफ ईयर से सम्मानित किया जाएगा।

### नशे की लत को पूरा करने के लिए करता था वाहन चोरी

आरोपित विक्की बजाज नशे की पूर्ति के लिए वाहन चोरी करता था। उसका कहना था कि वह बिना नशे के रह नहीं सकता है। आरोपित विक्की बजाज ने बताया कि नई या पुरानी कोई भी गाड़ी जब वह चोरी करता था तो उसे 8 हजार रुपये में बेच देता था। नेपाल बॉर्डर पर गाड़ियों को बेचा करते थे।

आयोजन | समाज में चेतना जगाने के लिए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग चला रहा अभियान, सात जिलों को किया गया है चिन्हित

# बाल तस्करी रोकने को समाज की भागीदारी आवश्यक

संवाददाता, रुद्रपुर


मंच में उपस्थित बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि बाल तस्करी को रोकने के लिए समाज की भागीदारी आवश्यक है। समाज में चेतना जगाने के लिए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की ओर से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें उत्तराखंड के सात जिलों को चिन्हित किया गया है।

शुक्रवार को उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. खन्ना विकास भवन सभागार में बाल तस्करी से आजादी अभियान 2.0 की संवेदीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि पुलिस, आंगनबाड़ी, समाज कल्याण, शिक्षा, श्रम, प्रवर्तन आदि विभागों के साथ समन्वय बना कर तस्करी को रोकने के सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। आयोग की ओर से संबंधित विभागों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने तस्करी से छुड़ाये गये बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और उनकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही कहा कि विगत वर्ष जिन 16 बाल श्रम करते हुए बच्चे चिन्हित किए गए थे उनकी शैक्षिक स्थिति क्या है इसकी रिपोर्ट दें।

### शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर जताई नाराजगी

**रुद्रपुर:** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। बाल श्रम में बीते वर्ष 16 बच्चों को रेस्क्यू किए जाने के बाद उनकी शिक्षा-दीक्षा की रिपोर्ट पूछने पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक गोलमोल जवाब देने लगे। उन्होंने कहा कि आप सिर्फ प्रवेश लेकर खानापूर्ति कर रहे हैं। इसमें जिला स्तरीय टास्क फोर्स सहित जो भी संस्थाएं हैं उनका सहयोग लेना होगा।

### जिला प्रोबेशन अधिकारी ने दी जानकारी

जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने बाल तस्करी बाल श्रम पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों में मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम करने के लिए बल दिया गया। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे एवं जिन बच्चों के माता पिता कार्यालय व दैनिक कार्यों से घर से बाहर रहने पर बच्चों के अंदर कुप्रवृत्ति विकसित हो रही है, जिसके रोकथाम की आवश्यकता है।

### ये लोग रहे मौजूद

सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग विनोद कपरवाण, अनु सचिव डॉ.एसके सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, एआटीओ प्रशासन चक्रपाणी मिश्रा, एएलसी अरविंद सैनी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रेमलता सिंह, एसीएमओ डॉ.हरेंद्र मलिक उपस्थित थे।

### पार्ट टाइम जॉब दिलाने के नाम पर एक लाख की धोखाधड़ी

**किच्छा:** ग्राम निवासी युवक के साथ पार्ट टाइम जॉब दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को दी शिकायत में धाधा फॉर्म निवासी ओमपाल यादव ने बताया कि विगत 9 अप्रैल 2024 को उसके मोबाइल पर टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन बिजनेस किए जाने का मैसेज आया था तथा दिए गए लिंक पर क्लिक करने के बाद वह एक नए टेलीग्राम अकाउंट से जुड़ गया। पीड़ित के अनुसार अकाउंट होल्डर द्वारा स्वयं को होटल एवं रेस्टोरेंट का रिव्यू अधिकारी बताते हुए पार्ट टाइम जॉब के नाम पर फाइव स्टार रेटिंग देकर 30 प्रतिशत तक लाभ देने का लालच दिया गया। अज्ञात व्यक्ति के झांसे में आकर उसने आरोपी द्वारा भेजे गए नए लिंक को क्लिक गूगल पर नया खाता बनाया और विगत 9 अप्रैल 2024 को 150 रुपये ट्रांसफर कर टास्क देते हुए फाइव स्टार रेटिंग देने की बात कही। बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने एक हजार रुपये इन्वेस्ट करने के बाद लाभ सहित 1420 रुपये वापस होने की जानकारी दी। अज्ञात व्यक्ति की बातों पर विश्वास कर उसने एक लाख रुपये की धनराशि ट्रांसफर कर दी।



## एक नजर

### जेवर साफ करने के नाम पर कान के टॉप्स उड़ाए

**खटीमा** : बाइक से आए दो लोगों ने महिला के जेवर साफ करने के नाम पर उसके कान के टॉप्स उड़ा दिए। महिला जब तक शोर मचाती बदमाश मौके से फरार हो गए। मेलाघाट रोड पकड़िया में दो व्यक्ति बाइक पर आए और गली के अंदर बाइक खड़ी कर एक दो घरों में जेवर साफ करने का पाउडर दिया। इसके बाद वह रतन बक्शी के घर पहुंचे जहां घर में उसकी पत्नी पायल अकेली थी। पायल ने अंगूठी और बिछुए निकालकर दे दिए। जिसे उन्होंने साफ कर लौटा दिए। बाद में उन्होंने कहा कि कुछ और है तो साफ करा लो तो पायल करीब आधे तोले के सोने के कान के कुंडल ले आई। दोनों ने कटोरी में पानी और उसमें केमिकल मिलाकर उसमें कुंडल डाल दिए और पानी मंगवाया। पायल पानी लेकर आई। उन्होंने कटोरी पकड़ाते हुए कहा कि इसे गरम कर लाओ। पायल कटोरी के पानी को गरम करने लगी तो उसने कटोरी में चम्मच घुमाया तो उसमें कुछ नहीं था। वह दौड़कर बाहर आई तो दोनों व्यक्ति गायब थे। वह गली में दौड़ी लेकिन तब तक दोनों बाइक लेकर चंपत हो गए थे। झनकईया पुलिस ने मौका मुआयना किया और सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

### मारपीट मामले में दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई रिपोर्ट

**खटीमा** : छह दिन पूर्व कुटरा गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में एक पक्ष द्वारा दो सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद शुक्रवार को दूसरे पक्ष ने मां बेटी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कुटरा में छह दिन पहले हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुटरा निवासी पिंकी ने अपने पड़ोसी सुदेश सिंह और विनोद सिंह के खिलाफ घर में घुसकर गाली गलौज, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया था। इधर पुलिस ने दूसरे पक्ष की सुंदरी देवी की तहरीर पर पड़ोसी लक्ष्मी देवी और उसकी पुत्री पिंकी के खिलाफ भी घर में घुसकर गाली गलौज, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

### आरओबी पर भारी वाहनों पर एएसपी ने की कार्रवाई

**काशीपुर** : काशीपुर के आरओबी में भारी माल वाहनों की नो एंट्री के बावजूद चल रहे माल वाहकों पर एएसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार की रात एएसपी ने आरओबी पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान खनन सामग्री लदे दो वाहन सीज करा दिए, जबकि चार वाहनों का चालान काटने की कार्रवाई की गई।


डीएम कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना देते ग्रामीण। ● अमृत विचार


हंगामे के दौरान एडीएम से नोकझोंक करते निवर्तमान पार्षद व ग्रामीण। ● अमृत विचार

# रेलवे अंडरपास मार्ग को लेकर फिर आमने-सामने आए पक्ष

## ग्रामीणों ने दिया डीएम कार्यालय पर धरना, ओमेक्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी दी

विवाद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भूरारानी रेलवे क्रॉसिंग अंडरपास मार्ग का मामला गरमाने लगा है। इसको लेकर एक बार फिर ग्रामीण और ओमेक्स पक्ष आमने-सामने हो गए। इसको लेकर जहां ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पर धरना देकर आक्रोश जताया। वहीं एसोसिएशन ने ज्ञापन देकर रोक लगाने की मांग की है। दोनों पक्षों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार दोपहर अचानक खुदाई का कार्य बंद होने पर गुस्साए भूरारानी के ग्रामीण निवर्तमान पार्षद मोहन खेड़ा के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंचे और डीएम कार्यालय के सामने ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। नारेबाजी की आवाज सुनकर एडीएम पंकज उपाध्याय मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत करने का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना था कि रिहायशी इलाके लोग नहीं चाहते हैं कि दस गांवों को जोड़ने वाला मार्ग खुले, क्योंकि पॉश कॉलोनी के लोग ग्रामीणों को हमेशा हीन भावना से देखते हैं, जबकि अंडर पास मार्ग बनने से ग्रामीणों को काफी सुविधा हो जाएगी।

अंडरपास बनाने का प्रोजेक्ट रेलवे विभाग का है। इसके लिए ग्रामीणों ने बीस साल संघर्ष किया और अंडरपास मार्ग की स्वीकृति में भाजपा सांसद की भूमिका भी अहम है। कुछ पॉश कॉलोनी के भाजपा नेता बेवजह मुद्दा बनाकर कार्य रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर छतरपुर ग्राम प्रधान हरीश भट्ट, ठाकुर जगदीश सिंह, बीडी भट्ट, बद्रीदत्त उपाध्याय, राधा देवी, सुनीता देवी, रेनू मेहता, गोमती मेहरा, ममता नेगी, चंद्रकला, रितु गंगवार, कविता खत्री आदि मौजूद रहे। उधर, ओमेक्स रिवेरा रेजिडेंशल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, सचिव अभिनव छाबड़ा, कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह सहित कॉलोनी के बाशिंदों ने भी डीएम को ज्ञापन सौंपकर अंडरपास बनाने का विरोध किया। उनका कहना था कि मार्ग बनने से दोनों कॉलोनियों के मुख्य मार्ग पर यातायात बढ़ेगा। जबकि सिडकुल ने मार्ग का निर्माण इसी उद्देश्य से किया था कि कॉलोनी के लोगों को सुविधा प्राप्त हो सके। बावजूद एसोसिएशन अंडरपास का विरोध नहीं कर रही है, वह मार्ग के स्थान से नाराज है। इस मौके पर उपाध्यक्ष, राकेश चौहान, सुनील झावर, ललित गोयल, योगेश वर्मा, अभिषेक अग्रवाल, श्रीकर सिन्हा, राहुल यादव, मुकेश उपाध्याय, बीएस शेरावत, सतपाल कामरा, गुरप्रीत चिलाना, गिरीश जोशी आदि मौजूद रहे।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देते ओमेक्स रिवेरा रेजिडेंशल वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### डीएम ने दिए एडीएम को जांच के आदेश

**रुद्रपुर** : भूरारानी अंडरपास मार्ग को लेकर दोनों पक्षों के घेराव के बाद डीएम उदयराज सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया और प्रकरण की पड़ताल एडीएम पंकज उपाध्याय को सौंपी। साथ ही आदेशित किया कि दोनों पक्षों के पांच-पांच प्रतिनिधि प्रकरण को लेकर अपना पक्ष एडीएम के समक्ष रखेंगे और प्रकरण को लेकर किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम के आदेश के बाद एडीएम ने दोनों पक्षों को पांच-पांच प्रतिनिधियों के नाम देने का आदेश दिया।

### जब हंगामा काटने लगे गुस्साए ग्रामीण

**रुद्रपुर** : पिछले कई दिनों से अंडरपास प्रकरण को लेकर चल रही गहमागहमी के बाद गुस्साए ग्रामीणों का पारा इतना चढ़ गया कि उन्होंने डीएम कार्यालय में डीएम घेराव से पहले आवेश में आकर डीएम कार्यालय के सामने ही हंगामा काटना शुरू कर दिया और कार्यालय के मुख्य गेट पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे और नारेबाजी की आवाज सुनकर डीएम ने तत्काल अधीनस्थों को शांत कराने का आदेश दिया। जिसको लेकर एडीएम ने भी नाराजगी जताई।

### नहीं दिया ध्यान तो बिगड़ सकती है स्थिति

**रुद्रपुर** : पॉश कॉलोनी और भूरारानी ग्रामीणों के बीच चल रहे अंडरपास विवाद कभी भी बिगड़ सकता है। इसका कारण पिछले कई दिनों से कॉलोनी एसोसिएशन और ग्रामीण आमने-सामने आ चुके हैं और माहौल बिगड़ते-बिगड़ते रह जाता है, लेकिन जिला एवं पुलिस प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो ग्रामीणों और कॉलोनी के नेतृत्वकर्ताओं के बीच पथराव या फिर अराजकता की स्थिति पैदा हो सकती है। इसलिए शासन-प्रशासन को मामले को गंभीरतापूर्वक लेना चाहिए।

# अंडरपास को लेकर उड़ रही अफवाह, क्या है वास्तविकता

मामला

- दोनों पक्ष लगा रहे एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप, अफवाहें कहीं बिगाड़ न दें माहौल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ओमेक्स एवं भूरारानी कॉलोनी के मध्य रेलवे क्रॉसिंग के नीचे बनने वाले अंडरपास मार्ग प्रकरण कई दिनों से चर्चाओं में है। जहां ग्रामीणों का आरोप है कि पॉश कॉलोनी के लोग रेलवे विभाग के अंडरपास प्रोजेक्ट को रोकना चाहते हैं। वहीं ओमेक्स सोसायटी ने अपना तर्क रखते हुए मार्ग को घातक बताया है।

अंडरपास मार्ग को लेकर कोई पॉश कॉलोनी के सत्ताधारी नेताओं पर वर्चस्व की लड़ाई की संज्ञा दे रहा है तो कोई निवर्तमान पार्षद व स्थानीय नेताओं पर निकाय चुनाव को लेकर माहौल बिगाड़ने का आरोप मढ़ रहा है।

मामला जो भी हो लेकिन यह तो सत्य है कि मार्ग बनने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। वहीं पॉश कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव भी बढ़ेगा। जिसको लेकर नेतृत्वकर्ताओं ने अपने-अपने तर्क रखे।


भूरारानी और ओमेक्स कॉलोनी मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला अंडरपास मार्ग दस गांवों को जोड़ता है। मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को लंबा रास्ता तय करने के साथ ही जाम से भी निपटना पड़ता था। बीस साल तक संघर्ष करने के बाद जब अंडरपास मार्ग रेलवे विभाग ने स्वीकृत किया तो कुछ पॉश कॉलोनी एसोसिएशन के नेताओं को ठीक नहीं लगा और वह मार्ग निर्माण में बाधा पहुंचाने का कार्य करने लगे, जबकि सत्यता यह है कि इस मार्ग पर कोई भी यातायात का दबाव नहीं बढ़ेगा, क्योंकि आवाजाही सीधे ग्रामीण इलाकों तक जाएगी। – **मोहन खेड़ा**, निवर्तमान पार्षद


ओमेक्स व मेट्रोपोलिस कॉलोनी में करीब 20 हजार से अधिक लोग रह रहे हैं और वर्ष 2006 में सिडकुल अथॉरिटी ने मार्ग का निर्माण कॉलोनी के लिए किया था। लेकिन कुछ लोग अंडरपास के नाम पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि अंडरपास रेलवे क्रॉसिंग से 300 मीटर की दूरी पर नेशनल हाईवे बन रहा है। सोसाइटी को अंडरपास निर्माण से कोई आपत्ति नहीं है। उनका मानना है कि अंडरपास कॉलोनी से 300 मीटर पीछे भूरारानी मार्ग से भी निकाला जा सकता है। –**अभिनव छाबड़ा, सचिव ओमेक्स वेलफेयर एसोसिएशन।**

# आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगे 13.50 लाख रुपये

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना गदरपुर के रहने वाले एक युवक से कबूतरबाजों ने आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की ठगी कर दी। जब पीड़ित ने रकम वापस करने का दबाव बनाया तो दस्तावेजों के दुरुपयोग कर जेल भेजा और हत्या की धमकी देनी शुरू हो गई। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम वमनपुरी थाना गदरपुर निवासी दर्शन सिंह ने बताया कि उसकी मुलाकात गाजीपुर मिलक खानम बिलासपुर यूपी के रहने वाले दो व्यक्तियों से हुई थी। उन्होंने उसे आस्ट्रेलिया भेजने का आश्वासन दिया कि जल्द वीजा-पासपोर्ट बनाकर देने का भरोसा जताया। इसके बाद उसने 8 दिसंबर 2022 से लेकर 10 जुलाई 2023 तक 13. 50 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। 12 जुलाई को वह दिल्ली एयरपोर्ट गया और जब 14 जुलाई को फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा तो सुरक्षा एजेंसियों ने वीजा और पासपोर्ट दोनों ही फर्जी बताते हुए इंडिया वापस कर दिया।

आरोपियों से जब दी गई रकम वापस मांगी तो दोनों ही आरोपी वास्तविक दस्तावेजों का दुरुपयोग कर जेल भेजने और हत्या किए जाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एसएसपी से मुलाकात की और शिकायती पत्र दिया।

### चोरी की योजना बनाते तीन युवक गिरफ्तार

**काशीपुर** : पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे तीन चोरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पुलिस ने दो तमंचे, कारतूस व चाकू बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बांसफोड़ान चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक सूचना के आधार पर कब्रिस्तान के बीच में बनी दिवार के पास से चोरी की योजना बना रहे तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। जो पुलिस को देख भागने का प्रयास कर रहे थे। तलाशी के दौरान पुलिस को आवास विकास निवासी शनि कुमार के पास से एक 12 बोर का तमंचा व एक कारतूस व ठाकुरद्वारा के मछली बाजार निवासी मौ. अजीम के पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस व नई बस्ती कटोराताल निवासी फैजान खान के पास से एक चाकू बरामद किया। तीनों ने पूछताछ में बताया कि वह छोटी-मोटी चोरियों को अंजाम देते हैं और अपनी सुरक्षा के लिए चाकू तमंचे रखते हैं।

# 24 घंटे के भीतर शोरूम चोरी का किया खुलासा

कार्रवाई

- चोरी के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार
- आरोपी के कब्जे से बरामद किए 16 मोबाइल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : काशीपुर। बीते दिन रामनगर रोड स्थित शोरूम में सीलिंग काटकर लाखों रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके कब्जे से 16 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी अभय प्रताप ने बताया कि गुरुवार को वार्ड नंबर 13, किच्छा निवासी विशाल सक्सेना ने कोतवाली में तहरीर दी थी। तहरीर में उसने बताया कि वह रामनगर रोड स्थित मै. वैल्यू प्लस रिटेल शोरूम में मैनेजर है। 12 जून 2024 को रात करीब नौ बजे वह शोरूम बंद कर अपने निवास आवास विकास, काशीपुर चला गया था। गुरुवार सुबह दस बजे शोरूम खोलने पर दुकान की सीलिंग कटी हुई मिली। चोर शोरूम में रखे करीब चार लाख रुपये मूल्य के 19 मोबाइल व नौ हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए थे। एसपी अभय प्रताप ने बताया कि घटनास्थल के आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर शिवांगी कॉलोनी निवासी विपिन उर्फ नन्हें नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर 16 मोबाइलों को बरामद कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है।


शोरूम चोरी के मामले का खुलासा करते एसपी अभय प्रताप। ● अमृत विचार

### बंद घर में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर** : काशीपुर के रम्पुरा द्वारिका विहार स्थित एक बंद घर में चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से तमंचा व चाकू बरामद करने के साथ ही चोरी का सामान व चार हजार रुपये नगदी भी बरामद की है। वहीं पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसपी अभय प्रताप ने बताया कि गुरुवार को ग्राम रम्पुरा द्वारिका विहार निवासी मोहन चन्द्र जोशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 28 मई को अपने परिवार के साथ अपने गांव कूनीगाड़ चमोली पूजा में करने गए थे। जब 10 जून की शाम घर आये तो घर का ताला टूटा था तथा उसकी मां के कमरे से एलईडी टीवी व अलमारी से एक सोने की नथ, एक सोने का मांग टीका और एक गलोबन्द तथा दस हजार रुपये की नकदी गायब थी। एसपी अभय प्रताप ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश की गई। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर रम्पुरा निवासी तीन आरोपी बलदेव, संजय कुमार, सोनू सिंह को गिरफ्तार किया गया। बताया कि तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस व एक चाकू बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए एक गलोबंद, नथ, मांग टीका व एक टीवी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी पूर्व में भी जेल जा चुके हैं।

सख्ती — बाइक में बैठे दोनों लोगों को हेलमेट पहनने के दिए निर्देश, 17 जून से काटा जाएगा चालान

# पीछे बैठी सवारी ने हेलमेट नहीं पहना तो कार्रवाई

- शासन ने एआरटीओ को पत्र भेजकर कार्रवाई के दिए निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर में 17 जून यानि सोमवार से लोग बाइक पर पीछे बिना हेलमेट नहीं बैठ सकेंगे। सोमवार से बाइक में पीछे बैठने वालों लोगों को भी हेलमेट अनिवार्य होगा। वहीं इस नियम को लागू कराने के लिए शासन ने परिवहन विभाग को शासनादेश भेजा है। साथ ही सड़क सुरक्षा को देखते हुए यातायात नियमों का पालन कराने के लिए चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

पीछे बैठी सवारी के हेलमेट पर कार्रवाई को देखते हुए विगत वर्ष लोगों ने संबंधित अधिकारियों से शहर में चालान न काटने की मांग की थी। इसके बाद से अभी तक काशीपुर में बाइक में पीछे बिना हेलमेट बैठने पर कार्रवाई नहीं की जा रही थी। लेकिन सड़क हादसों के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासन ने बाइक के पीछे बिना हेलमेट पाए जाने पर एक हजार रुपये का चालान काटने के निर्देश परिवहन विभाग को दिए हैं। इसके लिए परिवहन विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।




### पुलिस और परिवहन विभाग करेगा कार्रवाई

**काशीपुर** : परिवहन विभाग को शुक्रवार को हेलमेट न पहनने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का शासनादेश मिला है। इसके बाद एआरटीओ ने काशीपुर पुलिस को एक पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने सोमवार से संयुक्त रूप से कार्रवाई करने को कहा है।

### विगत माह 800 से अधिक वाहनों का किया चालान

**काशीपुर** : परिवहन विभाग ने विगत माह से अब तक 800 से अधिक वाहनों का चालान काटने की कार्रवाई की है। इसमें अब तक 40 से अधिक वाहनों को सीज करने की, जबकि अन्य वाहनों से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की है।


सोमवार से शहर में बाइक के पीछे बिना हेलमेट बैठने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए शासन से शासनादेश मिला है। चालकों से अपील की जाती है कि हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाएं। – **विमल पांडेय**, एआरटीओ, काशीपुर।

### मारपीट कर रहे चार लोग गिरफ्तार, वारंटी भी दबोचा

**किच्छा** : पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने आपस में झगड़ा कर रहे चार आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस में आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अन्य मामले में पुलिस ने फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलभट्टा थाना पुलिस को सूचना मिली कि ढोलावन, ग्राम शहदौरा क्षेत्र में कुछ आरोपी आपस में मारपीट कर शांति व्यवस्था को भंग कर रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलभट्टा थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मारपीट कर रहे ग्राम ध्यानपुर थाना नानकमत्ता निवासी रमेश सिंह, सुरेश सिंह, राजू सिंह तथा ग्राम ढोलावन, ग्राम शहदौरा निवासी अमरजीत सिंह को हिरासत में ले लिया। अन्य मामले में पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी ग्राम शहदौरा, थाना पुलभट्टा निवासी सुरजीत सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ओवरलोड वाहनों पर हो कार्रवाई

गुहार

- एसडीएम को ज्ञापन देकर उठाई कार्रवाई की मांग
- आबादी क्षेत्र में खुलेआम दौड़ रहे खनन से जुड़े वाहन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम भगवानपुर सहित आसपास के तमाम गांवों के ग्रामीणों ने ओवरलोड खनन वाहनों पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उप जिलाधिकारी ने कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए ग्रामीणों को शांत कराया।

निकटवर्ती ग्राम बखपुर भगवानपुर सहित तमाम गांव के ग्रामीण उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि खनन कार्य में लगे ओवरलोड डंपर वाहनों के कारण गांव की मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है तथा ग्रामीणों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ओवरलोड डंपर वाहनों के कारण दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। इस मौके पर गोविंद सिंह, अमरजीत सिंह, पलविंदर सिंह, अमन जीत सिंह, गुरदेव सिंह, पंकज कुमार, राजू सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने ग्रामीणों को कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए कहा कि आबादी क्षेत्र के लिंक मार्ग से यदि कोई भी वाहन चालक खनन सामग्री लेकर आवाजाही करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।


किच्छा में एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा से वार्ता करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दंड स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्द्रदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# भारत की बढ़ती मान्यता

इटली के अपुलीया में आयोजित तीन दिवसीय ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) औद्योगिक देशों का शिखर सम्मेलन राष्ट्रों के समूह के रूप में पश्चिमी देशों के राजनीतिक विकास में एक निर्णायक क्षण साबित होने वाला है। सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इजराइल व फिलस्तीन के संघर्ष से मानवीय संकट खड़ा हो गया है। जी-7 में शामिल अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा में चुनाव होने हैं। जबकि जापान में सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में जी-7 के फैसलों का नतीजा महत्वपूर्ण होगा। शिखर सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए अहम मुद्दों पर विचार विमर्श का अनूठा अवसर है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बेहतर भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। गौरतलब है कि सात देशों के इस समूह का भारत हिस्सा नहीं है मगर इटली की तरफ से बुलावा आने के बाद प्रधानमंत्री ने आउटरीच देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। भारत अभी तक 10 बार जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल हो चुका है। भारत की नियमित भागीदारी स्पष्ट रूप से भारत की बढ़ती मान्यता और उन प्रयासों के योगदान की ओर संकेत करती है, जो भारत शांति, सुरक्षा, विकास और संरक्षण सहित वैश्विक चुनौतियों को हल करने की कोशिश में लगातार कर रहा है। भारत के लिए, जी-7 शिखर सम्मेलन अमेरिका और यूरोप के साथ भारत की बढ़ती साझेदारी के वैश्विक आयाम को विस्तार देने का एक अवसर है। यानी सम्मेलन भारत और पश्चिम के बीच नए वैश्विक समझौते की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में उभर सकता है। कुछ महीने पहले जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने कई विवादास्पद मुद्दों पर दुनिया के अन्य सदस्य देशों के साथ सहमति बनाने में शानदार भूमिका निभाई। हमेशा भारत का उद्देश्य ग्लोबल साउथ के हितों और चिंताओं को दुनिया के सामने लाना रहा है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। भारत, एशिया और वैश्विक दक्षिण में अपनी साझेदारी को मजबूत करना जारी रखे हुए है, पश्चिम के साथ अधिक उत्पादक साझेदारी भारत के राष्ट्रीय हितों की बढ़ती श्रृंखला को सुरक्षित करने में मदद करती है और भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई गहराई जोड़ती है। भारत के अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ जहां मजबूत रिश्ते हैं, वहीं चीन भारत की वैश्विक आकांक्षाओं के लिए सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में एक पश्चिमी धुरी जिसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के साथ-साथ क्वाड के साथ मजबूत द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग शामिल है, भारत को चीन का मुकाबला करने में मदद कर सकता है।

# सपनों पर प्रहार करती वर्तमान परीक्षा प्रणाली




अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

भारतीय परीक्षा प्रणाली में बदलाव पर पुनर्विचार करना जरूरी हो गया है। व्याप्त खामियों को समय रहते सुधार लेना ही हितकर होगा। चीन, अमेरिका और यूरोपीय देशों में मूल्यांकन और आकलन के पैमाने हमसे भिन्न हैं। हमारी परीक्षा प्रणाली प्रतिस्पर्धा के कारण इसे तनावपूर्ण बना देती है।

पारदर्शिता आए दिन छात्रों के लिए चुनौती बनती जा रही है। आयोजकों में उत्तरदायित्व की कमी साफ नजर आती है। बच्चे बहुत मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं और जब कभी पेपर लीक की खबर या दोबारा परीक्षा होने की खबर आती है तो उनका मनोबल टूट जाता है। छात्रों की मेहनत का अनुकूल परिणाम उन्हें देना जरूरी है। बच्चों में आलोचनात्मक कौशल विकसित करना भी जरूरी है। इसके अतिरिक्त समस्या समाधान कौशल भी जिसके अभाव में अनहोनी घटती रहती है। रटने या क्लास रूम की संस्कृति से इतर वास्तविक परिवेश से उनका सामना हो वरना आज बच्चा पढ़ाई में इतना व्यस्त है कि इन वर्षों के दौरान वह समाज से दूरी बना लेता है। परिणाम स्वरूप आने वाले वर्षों में सामंजस्य स्थापित करना मुश्किल हो जाता है। साथ ही स्कूलों में छात्रों का रचनात्मक मूल्यांकन हो। हालांकि शिक्षा व्यवस्था में कई परिवर्तन आए। जैसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 आया। विभिन्न स्तरों पर सर्व शिक्षा अभियान चलाया गया, लेकिन अधिक फर्क नहीं आया। नई शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है। खामियां अभी भी बाकी हैं।

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। तकनीकी गड़बड़ियों के चलते बोनस मार्क्स की बात हो या कुछ और दाल में काला जरूर है। यही नहीं, पिछले पांच सालों में विभिन्न राज्यों में 40 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं जिसमें कांस्टेबल, शिक्षक भर्ती और पटवारी जैसी कई परीक्षाएं हैं। ऐसी गड़बड़ी की जांच के लिए विशेष जांच एजेंसी की जरूरत है। साथ ही दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही भी। पेपर रद होना छात्रों के लिए हमेशा निराशाजनक होता है। खासकर ग्रामीण और गरीब पृष्ठभूमि के छात्र इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। कई माता-पिताओं ने परीक्षा की तैयारी के लिए अपनी जरूरतों पर लगाम लगाकर अपने बच्चों को कोटा भेजा था। नीट में भी कई छात्रों का यह दूसरा और तीसरा प्रयास था। दोबारा परीक्षा कराने से अकादमी कैलेंडर भी प्रभावित होता है। परीक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े होने लगते हैं।



कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है, जो मई के महीने में आयोजित होनी थी, परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए, लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है।

कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है, जो मई के महीने में आयोजित होनी थी, परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए, लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है। आज सभी छोटे बड़े शहरों में इस परीक्षा की कोचिंग के लिए बहुत सारे संस्थान खुल गए हैं। हालांकि इनमें विशेषज्ञों और सुविधाओं के बारे में जानकारी लेना एक अलग पर महत्वपूर्ण विषय है। दिल्ली के करोल बाग, मुखर्जी नगर क्षेत्र में हजारों छात्र किराए के कमरों में रहकर इस परीक्षा की तैयारी करते हैं। वहां पर लोगों ने अपने घरों का व्यावसायिक इस्तेमाल बेहतरीन तरीके से किया है। छोटे-छोटे कमरे जहां दिन भर बल्ब जलाकर उजाला करना पड़ता है, भारी भरकम किराया, फिर भी कुछ बनने की चाह में छात्र वहां रहते हैं।

परीक्षा के लिए योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री है। यह बीई और एमबीबीएस की डिग्री भी हो सकती है। केवल भारतीय नागरिक ही इस परीक्षा के पात्र हैं। 21 से 32 वर्ष का कोई भी भारतीय नागरिक इस परीक्षा को दे सकता है। हालांकि आरक्षित वर्ग के लिए उम्र की अधिकतम सीमा में ढील दिए जाने के प्रावधान हैं। प्रयासों की संख्या सामान्य अभ्यर्थी के लिए छह है। ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी के लिए नौ और एससी और एसटी के लिए 37 साल की उम्र तक असीमित हैं। तीन चरणों में होने वाली यह परीक्षा मैराथन ही कही जा सकती है। पहले प्रीलिम्स, फिर मुख्य परीक्षा और अंत में इंटरव्यू। सामान्य अध्ययन इस परीक्षा का महत्वपूर्ण भाग है। एनसीईआरटी की किताबों से भी मदद मिलती है। प्रारंभिक परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न होते हैं जबकि मुख्य परीक्षा में वर्णनात्मक। निबंध लेखन के अलावा भारतीय संस्कृति, विश्व का इतिहास, भूगोल और सामाजिक परिदृश्य पर जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। सामान्य अध्ययन में संविधान, शासन प्रणाली, राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय संबंध जैसे विषय महत्वपूर्ण हैं।

पर्यावरण, आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त दो वैकल्पिक विषय जिसे उम्मीदवार अपनी रुचि के अनुसार चुन सकता हैं। जरूरी नहीं कि स्नातक में गणित पढ़ने वाला अभ्यर्थी गणित विषय को लेकर ही परीक्षा दे। वह समाजशास्त्र या मनोविज्ञान जैसे विषय भी ले सकता है। मुख्य परीक्षा की कट ऑफ को क्लियर करने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। मेरिट के अनुसार विभिन्न सेवाओं में उनका चयन किया जाता है। आए दिन विभिन्न परीक्षाओं पर घपले के जो बादल मंडरा रहे हैं, उसे देखकर आज हर परीक्षा के आयोजन पर संदेह होता है। उम्मीद यही करेंगे कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी या संस्था अपनी गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखने में कायम रहेगी ताकि शिक्षा के मूल्य पर कोई संदेह न हो और छात्रों के भविष्य के साथ किसी तरह का खिलवाड़ भी नहीं।

## प्रसंगवश

# विकल्पहीनता में विकल्प की आशा

लोकतांत्रिक राजतंत्र और वाणिज्यतंत्र के हाथों कठपुतली की तरह नाचते हुए आज का मानव एक ऐसी स्थिति तक पहुंच चुका है, जहां उसे वीभत्स भविष्य की संभावनाओं की आहट होने लगी है। परमाणु अस्त्रों की भयावह छाया में जहां युद्ध की विभीषिका होगी, शोषण की क्रूरता होगी और होगा अराजकता का तांडव, प्रदूषण का घुटन होगा, विश्रृंखलित समाज होगा और होंगे अनैतिक मूल्य। वैज्ञानिक प्रगति और सभ्यता के विकासक्रम में पूंजीवादी और साम्यवादी दोनों ही पद्धतियों से यद्यपि मानव का भौतिक स्तर ऊंचा हुआ है, परंतु उसके नैतिक स्तर में जितनी गिरावट आती जा रही है, उतनी गिरावट पहले कभी नहीं थी।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

औद्योगिक और भौतिक मूल्यों को प्रधानता देने वाली आज की वैज्ञानिक सभ्यता ने जिस समाज का संश्लेषण किया है, उसकी जीवंतता नष्ट प्रायः है। समाज का स्वतः विकासमान ऑर्गेनिक नेचर विलुप्त होता जा रहा है। विगत पांच दशकों से विश्व के लगभग सभी देशों में एक वैकल्पिक समाज और व्यवस्था की खोज की छटपाहट स्पष्ट दिख रही है। आज सारे विश्व के समक्ष एक गंभीर प्रश्न है उस मानवीय संस्कृति और समाज के निर्माण का जिससे मानवता की रक्षा हो सके, जो व्यष्टिवाद और समष्टिवाद के द्वंद्व में विनष्ट हो रहा है।

विगत पांच दशकों के विश्व का इतिहास साक्षी है कि एक ओर औद्योगिक और भौतिक मूल्यों की संस्कृति का दुष्चक्र, दूसरी ओर वैकल्पिक संस्कृति के निर्माण के खोज की अकुलाहट भरी खीज, दिशाहीन विद्रोह, झूठ, घृणा, हिंसा पर आधारित राजनीति और वैचारिक दासता आदि ने ऐसा संशय और संभ्रम उत्पन्न कर दिया है जैसा मानवीय सभ्यता के इतिहास में इसके पूर्व कभी नहीं था। इस संशय और संभ्रम के निवारण की किरणे आचार्य विनोबा भावे के नवविचार के दर्शन में प्रस्फुटित होती दिख रही हैं। गांधी के विचार और दर्शन को आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रसार देने वाले भूदानयज्ञ के संत विनोबा ने लोकजीवन और उसके व्यवस्था की संरचना को हिंसा मुक्त और जीवंत बनाने के लिए जो सिद्धांत प्रतिपादित किए उन पर विचार मंथन आज बहुत प्रासंगिक हो गया है। इस वैज्ञानिक युग में राजनीति और धर्मपंथ कालबाह्य -आउट डेटेड हो चुके हैं। अब विज्ञान और अध्यात्म ही रहने वाला है। जाने के पहले राजनीति और धर्मपंथ बहुत तकलीफ देंगे, लेकिन इन्हें जाना ही है। लाख कोशिशों पर भी ये बचेंगे नहीं।

आधुनिक युग में भी सामाजिक परिवर्तन और पुनर्निर्माण के लिए दो ही शक्तियों का प्रयोग किया जा रहा है-हिंसा और दंड शक्ति, यह हिंसा और दंड शक्ति चाहे राज्य की हो या धर्मपंथ की। राजनीति के दुष्चक्र में शासन कर रहे लोकतंत्र, एकतंत्र, समाजवाद, साम्यवाद ने पूरी दुनिया को एक यांत्रिक राजनैतिक तथा संवेदनहीन आर्थिक संगठन के नीचे दबा दिया है। दुनिया ने धर्म के मूल तत्व ज्ञान को समझने के बजाय धर्मपंथ को निषेध के रूप अधिक ग्रहण किया। विनोबा ने देखा एक छोर है-ध्यान, धारणा, समाधि, भजन कीर्तन में डूबे रहना-मोक्ष की कामना में व्यक्ति अपना चित शुद्ध कर रहा है। समाज का चित शुद्ध नहीं है तो व्यक्ति के चित शुद्धि का कोई अर्थ नहीं है।

प्रह्लाद ने नृसिंह भगवान से प्रार्थना की इन दीनजनों को छोड़कर मैं अकेले मुक्त नहीं होना चाहता। प्रह्लाद का अनुसरण करते हुए बाबा का अभूतपूर्व अद्वैत चिंतन है, वे कहते हैं कि बाबा व्यक्ति रहा ही नहीं, बाबा समूह है और समूह के नाते ही यह देह है। बाबा सामूहिक मुक्ति के पक्षधर हैं। विनोबा ने एक स्थल पर कहा की सर्वसम्मति तब तक नहीं हो सकेगी जब तक राजसत्ता चलती रहेगी और जिसको संतपुरुष माना, आचार्य माना ऐसे पुरुष की भी सत्ता राजसत्ता से कम रुकावट वाली नहीं होती। पुरुष विशेष का युग गया। एकता की आकांक्षा समग्र विश्व में इस समय भरी है। अब जो महापुरुष पैदा होंगे उनकी खूबी होगी की वे सर्वसम्मति की शक्ति से काम करेंगे।

विनोबा के चिंतन को एक वाक्य में परभाषित करते हुए कहा जा सकता है कि प्राचीन चेतनवाद अध्यात्म युगों से इसलिए सार्थक है कि वह युगयुगीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समेटे हुए है तथा आज का प्रयोगवादी विज्ञान प्राचीन आध्यात्मिक मूल्यों को समेट कर ही अपनी सार्थकता सिद्ध कर सकेगा।

# ऐतिहासिक मोड़ पर यूरोप



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप का सबसे बड़ा युद्ध यूक्रेन की जमीन पर चल रहा है जिसमें एक तरफ रूस है और दूसरी तरफ सारे नाटो देश। इस लड़ाई में एक तरफ काफी धन की बर्बादी हो रही है, दूसरी तरफ तेल और गैस समेत बहुत सारे प्राकृतिक संसाधन, जिन पर यूरोप की संपदा निर्भर करती थी, रूस से आने बंद हो गए हैं। अगली बड़ी समस्या यह है कि पूरा मध्यपूर्व जिसमें पश्चिमी एशिया और उत्तरी अफ्रीका शामिल हैं- लीबिया, सीरिया, इराक और लेबनान से लेकर अफगानिस्तान तक- पूरा इलाका अभी उजड़ा पड़ा है और वहां से बड़ी संख्या में लोग भागकर यूरोप जा रहे हैं।

दसियों लाख लोग भगदड़ की तरह तुर्की और इटली के रास्ते यूरोप के शहरों में भर गए हैं। पेरिस और बर्लिन से लेकर मिलान और वारसा तक कई मशहूर शहर, जो सदियों से अपने सुंदर रख-रखाव के लिए जाने जाते रहे हैं, अभी विशाल झुग्गी-झोपड़ियों से कसे नजर आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान यह हो रहा है कि यूरोप का कम पढ़ा-लिखा मैनुअल लेबर वाला तबका या तो बेरोजगार हो गया है या उसको बहुत कम मजदूरी पर काम करना पड़ रहा है। महंगाई और बेरोजगारी की शक्ल में जाहिर हो रहे इन दोनों मुद्दों को लेकर यूरोप में काफी गुस्सा है।

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं। दोनों मसले सबसे ज्यादा तीखे ढंग से फ्रांस, जर्मनी और इटली की अति राष्ट्रवादी पार्टियों ने उठाए हैं और यूरोपीय संसद के चुनाव में उनके वोट 2019 के मुकाबले डेढ़ से दो गुने हो गए हैं। इन नतीजों का एक संदेश साफ है कि यूक्रेन की लड़ाई में अधिक से अधिक कुर्बानी देने की अमेरिकी पुकार यूरोप में पहले से कम सुनी जाएगी। यूरोपीय संसद को समझना हो तो यह यूरोप के एकीकरण के सात स्तरों और कानून बनाने से जुड़े तीन स्तरीय ढांचे में से एक है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप समझ गया कि आपस में युद्ध का रास्ता उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। एकजुटता की कोशिशों के क्रम में अब से 71 साल पहले यूरोपियन पार्लियामेंट का गठन हुआ, हालांकि इसके लिए हर पांच साल पर होने वाले चुनाव 1979 से होने शुरू हुए।

यह संसद एक त्रिस्तरीय व्यवस्था के बीच में पड़ती है। सबसे ऊपर यूरोपियन कमीशन है, एक कार्यकारी ढांचा, जो किसी जरूरी मुद्दे पर कोई प्रस्ताव सांसद के सामने रखता है। यूरोपीय संसद उस पर बहस और वोटिंग करती है। अंत में राष्ट्रीय सरकारों के प्रतिनिधियों को लेकर गठित 27 सदस्यीय यूरोपियन काउंसिल आखिरी तौर पर यूरोपीय संसद की राय को स्वीकारती है, नकारती है, उसमें कोई सुधार करती है या फिर उसका कोई सदस्य उसे वीटो कर देता है। यूरोपीय संसद में अभी 720 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में इसमें 705 सीटें थी। सबसे ज्यादा यूरोपीय सांसद जर्मनी से, फिर फ्रांस, इटली और स्पेन से चुनकर आते हैं और सबसे कम, छह-छह सीटें माल्टा और लक्जमबर्ग को मिली हुई हैं। यूरोपीय संसद में अलग-अलग मिजाज की पार्टियों को मिलाकर बने गुटों में ये सांसद बैठते हैं। धुर वाम से लेकर धुर दक्षिण तक एक बड़ा पॉलिटिकल स्पेक्ट्रम यूरोपीय संसद में नजर आता है।

इस बार के चुनाव नतीजों का एक और खराब पहलू जो यूरोपियन यूनियन की ताकत या अधिकारों में कमी का दबाव बनने का है। इसकी वकालत करने वाली पार्टियों ने पहली बार लगभग एक चौथाई सीटें जीत ली हैं, जो उनके इतिहास का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। एस्टेब्लिशमेंट की जो पार्टियां हैं, उनमें जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन जैसे मध्य-दक्षिणपंथी दलों ने सबसे ज्यादा 191 सीटें जीती हैं। उसके बाद 125 के लगभग सीटें सोशल डेमोक्रेट्स ने जीती हैं। विपरीत विचारधारा के बावजूद इन दोनों मध्य-दक्षिण और मध्य-वाम दलों को इस्टैब्लिशमेंट की पार्टी कहा जाता है, क्योंकि ये यूरोपियन यूनियन का होना सुनिश्चित करती हैं। यानी यूरोपियन यूनियन के अस्तित्व पर फिलहाल कोई खतरा नहीं है।

फ्रांस में इमानुएल मैक्रों की पार्टी रिनासां जैसे लिबरल मिजाज के यूरोपीय दल और पर्यावरण के लिए लड़ने वाली ग्रीन पार्टियां कमजोर हुई हैं, जबकि यूरोपीय संघ के बजाय राष्ट्रों की पहचान पर ज्यादा जोर देने वाली पार्टियां मजबूत हुई हैं। इससे ऐसा लगता है कि अगले पांच सालों में, खासकर अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के चुन लिए जाने की स्थिति में अमेरिका और यूरोप का नया कॉम्बिनेशन यूक्रेन के लिए नुकसानदेह साबित होगा।

## सोशल फोरम

# सही राह

अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है।

एक बार स्वामी विवेकानंद को नदी पार जाना था। स्वामी जी नदी किनारे खड़े नाव का इंतजार कर रहे थे। इतने में दो साधु आए। उन्हें भी नदी पार ही जाना था। उन्होंने विवेकानंद को पहचान लिया और उनसे नदी के तट पर खड़े होने का प्रयोजन पूछा। स्वामी जी ने बताया कि उन्हें नदी पार जाना है, इसलिए नाव का इंतजार कर रहे हैं।

इस पर दोनों साधु थोड़ा खिल्ली उड़ाने वाले अंदाज में बोले 'बड़ा नाम सुना था तुम्हारा तो, लेकिन तुम तो बड़े साधारण साधु निकले। हमें देखो हम कैसे नदी पार करते हैं। ये कह दोनों साधु पानी पर ऐसे चलने लगे जैसे हम जमीन पर चलते हैं। इस पर स्वामी जी हैरान होते हुए बोले 'ये विद्या आपने कैसे सीखी' अरे ये विद्या नहीं सिद्धि हैं। 12 वर्ष हिमालय पर तपस्या करने से हमें ये सिद्धि प्राप्त हुई है। इस पर स्वामी विवेकानंद हंसते हुए बोले 'जो काम मल्लाह को एक धेला देने से हो जाए। उसके लिए आपने अपने जीवन के कीमती 12 वर्ष बर्बाद कर दिए। आप सोचिए इन 12 वर्षों में जन कल्याण के कितने कार्य आप कर सकते थे। सच है कि हमारे देश में धार्मिक नौटंकियां होती रहती हैं। सालों भर कहीं न कहीं कुछ न कुछ चलता रहता हैं। अगर इन कामों की जगह लोगों ने कुछ सार्थक किया रहता तो दुनिया आज कितनी बेहतर रहती और कुछ नहीं तो ऐसे अवसरों पर सभी पेड़ लगाने और नदियों को साफ करने का ही प्रयास करते तो न ये ये देश गर्मी में जलता न प्यासा मरता।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हम देश और समाज हित में ऐसी परंपरा विकसित करने में नाकाम रहे। परंपराएं विकसित जरूर हुई हैं, लेकिन वो सब केवल एक खास वर्ग के हित के लिए ही विकसित हुई हैं। अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है। एक बहुत बड़े समूह की ऊर्जा व्यर्थ के कामों में नष्ट हो रही है। काश इन्हें कोई सही राह दिखा पाता।

-फेसबुक वॉल से

# फिर सिर उठाते आतंकवाद पर हो कड़ा प्रहार

नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान जम्मू में हुए आतंकी हमलों में पाक की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक, पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं, लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं।

अचानक आतंकी हमले बढ़ने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक, प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया, क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन और कारोबार बढ़ने से भी पाक परस्त आतंकवादी नाराज हैं, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए, लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी 'शहीद' हुए हैं। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को 'स्थानीय मदद' है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई 'स्थानीय आतंकवादी' नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं।

कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता। करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। इसलिए आतंकी सोची-समझी साजिश के तहत वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जम्मू और कश्मीर के खूबसूरत इलाके 24 घंटे खुले हैं। पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

# भारत में मध्यम वर्ग

किसी समाज में मध्यम वर्गीय वे लोग होते हैं, जो श्रमिक वर्ग या अभिजात्य वर्ग के नहीं होते। व्यवसाय करने वाले, प्रबंधक, सामान्य डॉक्टर, सीए, इंजीनियर, शिक्षक, सिविल सेवक वेतन भोगी आमतौर पर मध्यम वर्ग में आते हैं। हाल में छह लाख सालाना से 18 लाख आय वालों को मध्यम वर्ग में माना गया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अक्सर पूछा जाता है कि मध्यम वर्ग और वर्किंग क्लास में क्या अंतर होता है। मेरे मामा जी अक्सर कहा करते हैं कि इंसान को उतने ही पैर फैलाने चाहिए जितनी लंबी चादर हो यानी आपके पास जो है उसी में खुश रहना चाहिए। दिखावा एक मृग मरीचिका है, जबकि आजकल मध्यम वर्ग दिखावे में अपना धन अपव्यय कर रहा है। इसकी जगह वो अपने बच्चों को अच्छे से शिक्षित कर उनका भविष्य बनाने में लगे तो बेहतर होगा। मध्यम वर्ग की महिलाएं अगर किटी पार्टियों में अपना समय खराब न कर अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और देख-रेख दें तो बेहतर होगा। अधिकतर देखा गया है कि बच्चा बड़ा होकर वही बनता है, जो उसके माता-पिता चाहते हैं। हर बच्चे के अंदर की प्रतिभा को जगाने का काम उसके माता-पिता और शिक्षक से बेहतर कोई नहीं कर सकता। यही वर्किंग क्लास की मानसिकता कही जा सकती है। आधुनिक समाज में गायब हो रहे माध्यम वर्ग की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। क्योंकि आय की असमानता ने मध्यम वर्ग को खोखला बना दिया है।

बड़े पैमाने पर शीर्ष पर बैठे लोगों को और अधिक मजबूत बना दिया है। (शीर्ष 1 प्रतिशत के पास 40 प्रतिशत संपत्ति आ गई है) दूसरी तरफ बेतहाशा महंगाई, सुरसा के मुख की तरह बढ़ती बेरोजगारी और स्थिर होती सेलरी ने मध्यम वर्ग के आकार को कम कर दिया है। माध्यम वर्ग ही है, जो सबसे ज्यादा टैक्स भरता है। दिखावे के चक्कर में मध्यम वर्ग पिसता चला जा रहा है। क्या हमारा मध्यम वर्ग अपने को वर्किंग क्लास समझकर अपने हिस्से की लड़ाई को आगे ले जा सकेगा। यह एक बड़ा प्रश्न है।

# प्रवेश प्रक्रिया की धीमी गति को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

## जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी, कहा-डिग्री कॉलेज में प्रवेश में हो रही देरी से छात्रों को हो रही असुविधा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की धीमी प्रक्रिया को लेकर छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में छात्रों ने महाविद्यालय में नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्रवेश की प्रक्रिया में तेजी नहीं आने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को छात्र नेता नागेंद्र गंगवार के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्रा प्राचार्य कक्ष के समक्ष एकत्रित हुए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान छात्र नेताओं ने बताया कि महाविद्यालय में वर्तमान में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही महाविद्यालय में मूल्यांकन का कार्य भी चल रहा है। एक समय में दो कार्य होने से स्टाफ की कमी हो रही है।

उन्होंने बताया कि पहले से महाविद्यालय में प्राध्यापकों की संख्या कम है। जिस कारण छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इससे छात्र-छात्राओं को असुविधा हो रही है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं और प्रवेश प्रक्रिया में तेजी नहीं आयी तो छात्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस अवसर पर रजत बिष्ट, जसवंत गंगवार, निखिल, राहुल, अभय यादव, सुदीप, अभिषेक, जाकिर समेत कई छात्र मौजूद रहे।


प्राचार्य कक्ष के समक्ष धरना प्रदर्शन करते छात्र। ● अमृत विचार


काशीपुर में एसडीएम को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

### जलभराव को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**काशीपुर :** विभिन्न वार्डों में होने वाली जलभराव की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए मानसून सीजन से पूर्व जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। शुक्रवार को महानगर जिला अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने सौंपे ज्ञापन में एसडीएम से कहा कि बरसात के समय नगर के वार्ड नंबर 1, 4, 21, 29 और वार्ड नंबर 27 के साथ-साथ सभी वार्डों में जलभराव हो जाता है। इससे पानी घरों में घुस जाता है और उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान अनुपम शर्मा, संदीप सहगल, अरुण चैहान, राजू छीना, मानसिंह, ललित रावत, विजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सागर, अंकुर शर्मा आदि मौजूद रहे।


गदरपुर के मझरा शिला पावर हाउस में जेई हरजीत सिंह को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक दल के कार्यकर्ता।

# विद्युत कटौती से भड़के किसान

संवाददाता, गदरपुर

**मुखर**

- भाकियू कार्यकर्ताओं ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही विद्युत कटौती के विरोध भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने विद्युत पावर हाउस के बाहर प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कटौती की जा रही है। इस दौरान उन्होंने एसडीओ को ज्ञापन भी सौंपा।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह गोराया के नेतृत्व में दर्जनों किसान और ग्रामीण ग्राम मझरा शिला स्थित पावर हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही विद्युत कटौती के विरोध में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष विक्रम गोराया का कहना था कि विद्युत कटौती के चलते किसानों के खेतों में खड़ी फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कटौती को बंद नहीं किया गया तो अधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक दल के जिला अध्यक्ष विक्रम गोराया, अशोक गंडा, राजेंद्र तनेजा, हरजीत सिंह, विजय छाबड़ा, रंजीत सिंह, अविनाश मैनी, पवन कुमार, भजनलाल मौजूद थे।

## सार-संक्षेप


खेलड़िया के अग्नि पीड़ितों को सामग्री वितरित करते रेडक्रास के लोग।

### खेलड़िया के अग्नि पीड़ितों को रेड क्रॉस ने बांटी सामग्री

**खटीमा :** भारत नेपाल सीमा स्थित ग्राम खेलड़िया में शॉर्ट सर्किट से हुए अग्निकांड में पीड़ित पांच परिवारों की रेड क्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष विमल कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मदद की है। पीड़ित परिवार को कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवारों को छत के लिए तिरपाल, किचन सेट तथा मच्छरदानी देकर सहयोग दिया। इस अवसर पर सचिव उत्तम कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेम राज गंगवार, दिनेश कापड़ी, सपन राय, विकास विश्वास रहे।


क्षेत्रवासियों की समस्या सुनतीं अलका पाल। ● अमृत विचार

### कांग्रेस ने शुरू की आगामी निकाय चुनाव की तैयारी

**काशीपुर :** लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस ने निकाय चुनाव की तैयारी तेज कर दी। इसी क्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री व पीसीसी सदस्य अलका पाल ने कचनालगाजी कुमायूं कॉलोनी में क्षेत्रवासियों के साथ बैठक की। इस दौरान कांग्रेस की वार्ड कमेटी का गठन भी किया। इस अवसर पर मो. जहीर को कांग्रेस की वार्ड कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त कर 15 सदस्य कमेटी का गठन किया गया।


चिकित्साधीक्षक का स्वागत करते जसपुर रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकर्ता।

### चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र गहलौत का स्वागत किया

**जसपुर :** रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनियुक्त चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र गहलौत का स्वागत किया। इस मौके पर जसपुर रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन हरिओम सिंह, जिला कोर कमेटी के सदस्य डॉ. बीएस गौतम, शकील अहमद, डॉ. विजयपाल सैनी, बाबू रंजन राय, डॉ. निशांत अरोड़ा, वेदानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।


खटीमा में विधायक कापड़ी को ज्ञापन सौंपते अनुसूचित जाति युवजन समाज के लोग।

### अनुसूचित जाति युवजन समाज ने उठाईं तीन सूत्रीय मांगें

**खटीमा :** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज ने विधायक भुवन कापड़ी को ज्ञापन सौंपकर अनुसूचित जाति की तीन सूत्रीय समस्याओं का निदान करने की मांग की है। युवजन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विधायक कापड़ी को सौंपे ज्ञापन में मलिन बस्तियों के अनुसूचित वर्ग के निर्धन परिवारों को मालिकाना हक देने, नगर पालिका में मोहल्ला स्वच्छता समिति व ठेकेदारी प्रथा में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को नियमित करने, अनुसूचित जाति वर्ग के तहसील में बनने वाले जाति प्रमाण बनाने की प्रक्रिया सरलीकरण कराने की मांग की। युवजन समाज द्वारा उठाई गई समस्याओं पर विधायक कापड़ी ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता की और समाधान कराने को कहा। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष शेर सिंह, सतीश भारद्वाज, रिहान खान, शकुंतला देवी, दीपशंकर गौतम, रोहित भारती, रामानंद सागर, संदीप गौतम आदि मौजूद थे।



सम्मान प्राप्त करते परियोजनाधिकारी डॉ. एसके मिश्रा। ● अमृत विचार

### पंतनगर विवि के एमआरटीसी को सर्वोत्तम केंद्र पुरस्कार

**पंतनगर :** अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना मशरूम वर्ष 2023-24 के लिए बंगलुरु के भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान में दो दिनी वार्षिक कार्यशाला का आयोजन 13-14 जून को किया गया। इसमें विवि के मशरूम शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र (एमआरटीसी) के परियोजनाधिकारी (एक्रिप-मशरूम) डॉ. एसके मिश्र ने 10 शोध परीक्षणों के परिणामों को प्रस्तुत किया। इसके परिणामस्वरूप मशरूम केंद्र पंतनगर को उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए कैटेगिरी एक में रखते हुए पहला पुरस्कार दिया गया।


किच्छा में बैठक करते अधिकारी एवं उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

### बिना सत्यापन के शहर में नहीं चलेंगे ई रिक्शा वाहन

**किच्छा :** पुलिस मुख्यालय द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस की टीम ने जन जागरूकता अभियान एवं ईद उल अजहा के त्यौहार को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में निर्धारित नियमों के अनुसार ही कुर्बानी करने तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से क्षेत्र में चलने वाले ई-रिक्शा वाहन चालकों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है तथा बिना सत्यापन के कोई भी -रिक्शा क्षेत्र में संचालित नहीं होगा। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र को सात भागों में बांटा गया है तथा सोशल मीडिया पर आम जनता को जोड़कर 52 ग्रुप बनाए गए हैं ताकि जनमानस की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। मौके पर उप निरीक्षक दीवान सिंह, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश नेगी, एसआई राजेंद्र पंत, अपर उप निरीक्षक जगदीश सिंह, गुलशन सिंधी, विजय अरोड़ा, प्रमोद ठुकराल आदि मौजूद रहे।

# पीएसी जवानों व अधिकारियों ने लगाई दौड़

**आयोजन**

- गांधी पार्क में आयोजित हुई रन फॉर योगा
- पार्क के चारों ओर एक किमी की लगाई दौड़

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गांधी पार्क में रन फॉर योगा कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में किया गया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने रन फॉर योगा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जनपद के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही 200 से अधिक एनसीसी व एनएसएस के बच्चों व पीएसी जवानों ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शुक्ला ने कहा कि योग एक जीवन पद्धति है। आयुष मंत्रालय इसे समाज में पुनर्स्थापित किये जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि रन फॉर योगा के तहत गांधी पार्क के चारों ओर लगभग एक किमी की दौड़ लगाई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी कार्यक्रम संचालन डॉ. विरेन्द्र सिंह रौतेला, एसीएमओ डॉ. राजेश आर्या, डीओ पीआरडी भूपेंद्र सिंह रावत, सिंचाई विभाग से प्रकाश पांडेय व लघु सिंचाई से सुशील कुमार आदि उपस्थित थे।


रन फॉर योगा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शुक्ला।

# खाद्य कारोबारी पर 55 हजार का अर्थदंड

**सुनवाई**

- मस्टर्ड ऑयल में मिलावट का है मामला, न्यायालय न्याय निर्णायक ने सुनाया फैसला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त व राजस्व) ऊधमसिंह नगर अशोक कुमार जोशी के न्यायालय में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल को लेकर न्यायालय में वाद दायर किया था। न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई के बाद खाद्य पदार्थ को एफएसएस एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर विक्रय, संग्रहण और निर्माण करने वाले खाद्य कारोबारी पर 55 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

मामले की सुनवाई के बाद शुक्रवार को जिला अभिहित अधिकारी ऊधमसिंह नगर डॉ. प्रकाश फुलारा ने बताया कि 20 अप्रैल 2023 को वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह ने जसपुर से मस्टर्ड ऑयल का सैंपल लिया था। इसके बाद सभी नमूनों को राज्य खाद्य एवं औषधि जांच प्रयोगशाला रुद्रपुर को भेजा गया था। यह नमूना जांच रिपोर्ट में मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इसको लेकर 28 मार्च 2024 को न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था। इसकी सुनवाई न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट ने की। इसके बाद खाद्य कारोबारी पर 55 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

उन्होंने सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारी द्वारा एफएसएस एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय, संग्रहण और निर्माण किया गया तो उनके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### रियल स्टेट के मालिक को छह माह की सजा



**रुद्रपुर, अमृत विचार :** चेक बाउंस प्रकरण में अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद रियल स्टेट के स्वामी को छह माह का कारावास और 85 हजार रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई है। याचिकाकर्ता किच्छा निवासी रमेश चंद्र का कहना था कि मथुरा जंक्शन रोड स्थित कल्पबट रियल एस्टेट की एक कंपनी थी। जो लोगों का पैसा अपने व्यवसाय में लगाकर मुनाफा वापस करती थी। बताया कि कंपनी पर भरोसा कर उसने रियल स्टेट के स्वामी भानु प्रताप को 60 हजार रुपये दिए थे। काफी लंबा समय बीत जाने के बाद रियल स्टेट के स्वामी से अपना मुनाफा मांगा तो वह आनाकानी करने लगा और दबाव बनाने पर आरोपी ने 20 हजार और 40 हजार रुपये के दो चेक दिए थे। जब चेकों को बैंक में लगाया तो वह बाउंस हो गए। अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायाधीश हेमंत सिंह राणा ने चेक बाउंस के दोषी रियल स्टेट के स्वामी भानु प्रताप को छह माह का कारावास व 85 हजार रुपये अर्थदंड देने का आदेश किया। साथ ही आदेशित किया कि जुर्माना राशि में से पांच हजार राजकीय कोष और 80 हजार की धनराशि याचिकाकर्ता को दी जाएगी।


दिनेशपुर में लोक कला ऐपण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

### लोक कला ऐपण का ज्ञान बच्चों को देना जरूरी

**दिनेशपुर :** उत्तराखंड की लोक कला वर्कशॉप में उत्तराखंड की संस्कृति पर आधारित कला व नृत्य में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। आयोजकों ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत भी किया। शुक्रवार को वार्ड- 8 गांधीनगर में चित्रा आर्ट एकादमी के तत्वावधान में आयोजित उत्तराखंड लोक कला ऐपण वर्कशॉप का शुभारंभ एमडी दीपक घोष व नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। एमडी दीपक घोष ने बताया कि वर्कशॉप का उद्देश्य बच्चों को अपने राज्य की संस्कृति व कला का ज्ञान जरूर होना चाहिए। नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार ने चित्रा आर्ट एकादमी द्वारा किए गए जा रहे प्रयासों की सराहना की। संचालन दिनेश सिंकदार ने किया। इस मौके पर शिक्षक संघ ब्लाक महासचिव मनोज राय उर्फ मुन्ना, सत्यजीत विश्वास, वार्ड- एक सभासद सुकुमार सरकार, आकांशा पाल, अमृता चन्द्रवंशी, आकांशा सरकार, कृष्णा पवार, मिथुन हालदार मौजूद रहे।

**विश्व रक्तदान दिवस** — जसपुर, काशीपुर, गदरपुर, खटीमा में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

# लोगों की जिंदगी को बचाने के लिए किया रक्तदान

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** विश्व रक्तदान दिवस पर जसपुर-काशीपुर मार्ग पर कलिया वाला मोड़ स्थित ब्लड सेंटर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बाजपुर के किसान नेता जगतार सिंह बाजवा व जसपुर रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष हरिओम सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

शिविर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जसपुर, आध्यात्मिक चेतना संस्थान बाजपुर, ग्रीनफोर्ड एकेडमी जसपुर, भारतीय किसान यूनियन, ह्यूमन राइट मिशन, एलआईसी आदि का सहयोग रहा। इस मौके पर आध्यात्मिक चेतना संस्थान बाजपुर के अध्यक्ष डॉ. सौरभ परमार, डॉ. निशांत अरोड़ा मौजूद रहे। कैंप में डॉ. निशांत एवं उनकी पत्नी रचना अरोड़ा ने भी रक्तदान किया। शाम करीब 4 बजे तक 21 यूनिट ब्लड डोनेट हो चुका था। इस मौके पर सतनाम सिंह, हरिओम सिंह, डॉ. वीएस गौतम, वेदानंद शर्मा, डॉक्टर शकील, उस्मान अहमद, महाराज सिंह, विजयपाल सिंह सैनी, पूनम चौहान, सुरजीत सिंह उपस्थित रहे।

**काशीपुर:** विश्व रक्तदान दिवस पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 यूनिट रक्तदान एकत्र किया गया। इस मौके पर डॉ. कपिल कुमार, अमित कुमार मौजूद रहे।

**गदरपुर:** विश्व रक्तदान दिवस पर एनडीआरएफ 15वीं बटालियन के मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जवानों ने 51 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ कमांडेंट सुदेश कुमार दराल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर रोहिताश्व मिश्रा, सुनील कुमार, राजू एस धपोला, भूपेंद्र कोटनाला, डॉ. विदुषी सहगल, डॉ. प्रदीप अदलखा, मंजू बाला दराल, संजू जैन मौजूद थीं।

**खटीमा :** न्यू लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड सेंटर में आयोजित रक्तदान शिविर में 12 लोगों ने रक्तदान किया। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की शिक्षिका रीनू लोहनी, ब्लड बैंक की संचालिका नीलम ज्याला, लक्ष्मीकांत लोहनी मौजूद रहे।



जसपुर में शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार



काशीपुर में आयोजित शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

# समर कैंप में बच्चों का समग्र विकास

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग में स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के तहत डॉ. छाया शुक्ला के मार्गदर्शन में 29 मई से 14 जून तक फंन फिनिटी: समर कैंप आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य महाविद्यालय के चतुर्थ वर्षीय विद्यार्थियों को इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र में प्रयोग इवेंट की परिकल्पना, योजना एवं व्यवहारिक क्रियान्वयन की शिक्षा प्रदान करना था।

कैंप समापन पर डीन डॉ. अलका गोयल ने कहा कि इस तरह के कैंप ग्रीष्मकालीन अवधि में कौशल विकास के लिए अति आवश्यक है। इससे बच्चों में आपसी सहयोग भावना के साथ नई चीजों को सीखने की इच्छा शक्ति विकसित होती है। कुलसचिव डॉ. दीपा विनय, डॉ. अदिति वत्स, डॉ. सीमा क्वात्रा आदि मौजूद रहे।


समापन पर बच्चों के बनाए क्राफ्ट दिखातीं डीन डॉ. अलका गोयल व अन्य प्राध्यापक।

### फ्रांस दूतावास की मोनिक ट्रान पहुंचीं बायोटेक

**पंतनगर :** कृषि एवं खाद्य संबंधित क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फ्रांस दूतावास की कृषि मामलों की सलाहकार मोनिक ट्रान हल्दी स्थित जैव प्रौद्योगिकी परिषद पहुंचीं। उन्होंने वहां चल रहे शोध व विकास कार्यों को देखा और शोधार्थियों को वैश्विक स्तर पर चल रहे शोध क्रियाकलापों से अवगत कराया। निदेशक डॉ. संजय कुमार ने परिषद में स्थापित आधुनिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया और हाइड्रोपानिक एवं पादप ऊतक संवर्धन विधि से उत्पादित किये जा रहे फसलों की जानकारी दी।

## सार संक्षेप

### सर्विस रोड का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा


भाजपा नेता गौरव शर्मा।

**बाजपुर** : एनएच-74 पर दोराहा अंडरपास के दोनों साइडों में छह करोड़ सत्रह लाख रुपये से सर्विस रोड का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। दोराहा बाईपास पर उचित पथ प्रकाश व्यवस्था भी की जाएगी। यह जानकारी तीन वर्ष से लगातार संघर्ष कर रहे भाजपा नेता गौरव शर्मा ने अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए दी। शर्मा ने अवगत कराया कि बाजपुरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है जिसमें छह करोड़ सत्रह लाख पिच्वतर हजार से भी अधिक की राशि स्वीकृत की गई है ।

### शिक्षिका के इंस्टाग्राम पर छात्र ने किए गलत कमेंट्स

**बाजपुर** : दसवीं कक्षा के छात्र ने अपनी ही विद्यालय की शिक्षिका के इंस्टाग्राम पर अपलोड वीडियो पर गलत कमेंट्स कर दिए। लगातार एक के बाद एक कई कमेंट्स करने पर शिक्षिका ने उसके पिता से शिकायत की। फिर भी बात नहीं बनी तो शिक्षिका ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को कोतवाली पहुंची नगरीय क्षेत्र में निवासरत शिक्षिका ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर अपनी आईडी बना रखी है। आरोप है कि विद्यालय में ही कक्षा-10 में अध्ययनरत एक छात्र फेक आईडी बनाकर शिक्षिका की इंस्टाग्राम आईडी पर गलत कमेंट्स कर रहा है, जब शिक्षिका ने छानबीन की तो ज्ञात हुआ कि इसमें जो ई-मेल आईडी यूज हुई है वह आरोपी छात्र के पिता की है तथा इसी ई-मेल आईडी से एक फेसबुक अकाउंट भी बना हुआ है। जब आरोपी छात्र के पिता से इस बारे में बात की तो उनका कहना है कि अभी छात्र दिल्ली गया हुआ है, जबकि छात्र ने दो दिन पहले ही फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाई है। पुलिस ने आरोपी छात्र के पिता को पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया है।

### किसान पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर** : कोसी कांटा क्षेत्र में किसान पर जानलेवा हमला करने व फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है, जबकि दो अन्य आरोपित अभी फरार हैं। ग्राम कोसी कांटा फौजी कालोनी, रतनपुरा निवासी हरदयाल सिंह ने 12 जून को तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह अपने खेत पर जा रहा था। इसी बीच तीन युवकों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं उसे जान से मारने की नीयत से दो फायर भी किए गए। शुक्रवार की दोपहर बाद तीन बजे कोतवाली में घटना का पर्दाफाश करते हुए एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह ने बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल तहरीर के आधार पर ग्राम धनसारा निवासी शाहरुख , कालू व अन्य के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक अर्जुन गिरी को सौंपी गई। पुलिस टीम ने शुक्रवार को नामजद आरोपित शाहरुख को मुखबिर की सूचना पर कोसी कांटा से 50 मीटर पहले मानकी घाट के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है।

### नवजात की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा



**बाजपुर** : चाइल्ड केयर सेंटर में पिछले 18 दिनों से लाइफ लाइन मशीन में रखे नवजात शिशु की तबियत में सुधार न होता देख रेफर कर दिया। परिजन उसे बाहर ले जा रहे थे कि उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। चाइल्ड केयर सेंटर में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। ग्राम हरलालपुर निवासी महिला ने एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। बताया जाता है कि उसकी धड़कन सामान्य नहीं होने के चलते 28 मई को उसे नगर में मुख्यमार्ग स्थित एक चाइल्ड केयर सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां पर नवजात शिशु को लाइफ लाइन मशीन में रखा गया। आरोप है कि चाइल्ड केयर सेंटर में तैनात बच्चे की देख-रेख करने वाले कर्मचारी व संचालक बच्चे के करीब 80 प्रतिशत तक स्वस्थ होने की बात उसके परिजनों से कहते रहे। इसी बीच गुरुवार को अचानक सेंटर से बच्चे को तबियत खराब होने की बात कहते हुए रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे लेकर काशीपुर पहुंचे जहां से उसे मुरादाबाद लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को दोपहर में परिजन सेंटर पर पहुंच गए और हो-हल्ला किया। मौके पर पहुंचे कुछ गणमान्य लोगों ने उन्हें समझाकर शांत किया।

### चोरी की चार बाइकों सहित चार चोर पकड़े

**खटीमा।** पुलिस ने चोरी की चार बाइकों सहित चार चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए चार चोरों में तीन नाबालिग हैं। कोतवाली में पकड़ी गई चोरी की बाइकों के खुलासे में बताया कि प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में गठित टीम ने क्षेत्र में अलग-अलग तिथियों में हुई बाइक चोरी के मामले में सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और बाइक चोरों को चिन्हित किया। टीम ने गुरुवार को क्षेत्र से चोरी हुई चार बाइकों का खुलासा करते हुए झनकट निवासी आरोपी विश्वजीत सिंह राना सहित तीन विधि विवादित किशोर को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर छिपाई गई चोरी की चार बाइकों को बरामद कर लिया।

### शांतिपुरी में कैंची धाम के स्थापना दिवस पर शरबत बांटा


शांतिपुरी में लोगों को शीतल पेय पिलाते बाबा नीब करौरी के भक्त। ● अमृत विचार

**शांतिपुरी** : कैंची धाम के स्थापना दिवस पर शांतिपुरी गेट स्थित महाकाल मंदिर के पास किच्छा हल्द्वानी रोड पर शुक्रवार को बाबा के भक्तों ने राहगीरों को शरबत पिलाया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीण सोनू कार्की, रवि कार्की, प्रदीप कार्की, मनोज कार्की, चंदन सिंह, धवल, पीयूष, विनय, रोहित आदि मौजूद रहे।

# चावल और गेहूं गबन करने पर राशन विक्रेता के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाददाता, किच्छा**

**छापेमारी**

**▸▸ महीने में मात्र दो दिन दुकान खोलने तथा कार्ड धारकों को राशन न दिए जाने की मिल रही थी शिकायत**

**अमृत विचार :** सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायत तथा ग्रामीणों को राशन न मिलने की सूचना पर प्रशासन की टीम ने राशन डिपो का निरीक्षण किया। जांच के दौरान सामने आया कि सस्ता गल्ला विक्रेता द्वारा करीब 14 क्विंटल चावल तथा 9 क्विंटल गेहूं का गबन किया गया है। इस दौरान राशन डिपो की दुकान पर किसी प्रकार का नोटिस बोर्ड तथा स्टॉक बोर्ड न पाए जाने सहित अन्य अनियमिताओं के चलते खाद्य पूर्ति निरीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने सस्ता गल्ला विक्रेता के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

प्रशासन को लगातार निकटवर्ती ग्राम नारायणपुर कोठा में कई लोगों को राशन नहीं मिलने तथा महीने में मात्र दो दिन दुकान खुलने की शिकायत मिली थी। खाद्य पूर्ति निरीक्षक भरत सिंह राणा के अनुसार सस्ता गल्ला विक्रेता ग्राम नारायणपुर कोठा निवासी कोटा धारक अशोक कुमार सिंह को दुकान के निरीक्षण हेतु बुलाया गया था लेकिन ज्ञात हुआ कि गल्ला विक्रेता पूरे परिवार के साथ घर पर ताला लगाकर कहीं चला गया है। इसी क्रम में निर्देश दिए जाने के बाद विगत 12 अप्रैल 2024 को गल्ला विक्रेता अशोक कुमार सिंह एवं उनके चचेरे भाई भुवनेंद्र प्रताप सिंह के साथ मौके पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान के बाहर किसी प्रकार का नोटिस बोर्ड तथा स्टॉक बोर्ड नहीं लगा पाया गया। पुलिस को दी शिकायत में खाद्य पूर्ति अधिकारी भरत सिंह राणा ने बताया कि राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत चावल, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गेहूं, अंत्योदय अन्य योजना के तहत चावल एवं गेहूं का उठान सरकारी गोदाम से विगत 4 अप्रैल 2024 को कोटा स्वामी द्वारा किया गया था। बताया कि दुकानदार से बिक्री रजिस्टर मांगे जाने के बाद अवगत कराया गया कि उसके द्वारा आज तिथि तक बिक्री नहीं की गई है। निरीक्षण के दौरान टीम ने गोदाम में गेहूं के 11 कट्टे तथा चावल के 44 कट्टे बरामद कर गोदाम को सीज कर दिया। बताया कि स्टॉक में अंकित मात्रा तथा विक्रेता के गोदाम में रखे खाद्यान्न की जांच के बाद साफ हुआ कि गल्ला विक्रेता अशोक कुमार सिंह द्वारा 14 क्विंटल 356 किलो सरकारी चावल तथा 9 क्विंटल 981 किलो गेहूं का गबन किया गया है। खाद्य पूर्ति अधिकारी द्वारा रिपोर्ट दिए जाने के बाद जिला पूर्ति अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से दुकान को निलंबित कर दिया। जिला शिकायत निवारण अधिकारी द्वारा सुनवाई के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी उधम सिंह नगर को तहसील अंतर्गत नारायणपुर कोठा के सस्ता गल्ला विक्रेता अशोक कुमार के विरुद्ध राशन की कालाबाजारी किए जाने के आरोप में नियमानुसार आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए जाने के निर्देश दिए गए। निर्देश जारी पर जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा विगत 10 जून को जिलाधिकारी उधम सिंह नगर से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की अनुमति मिलने के बाद क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी भरत सिंह राणा की शिकायत पर पुलिस ने सस्ता गल्ला विक्रेता के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# चांदपुर में पेड़ों को काटकर अवैध कॉलोनी का निर्माण

**संवाददाता, काशीपुर**

**▸▸ जांच में 165 फलदार पेड़ों के कम मिलने पर एनजीटी ने मुख्य सचिव और डीएम से 31 जुलाई तक मांगी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** काशीपुर के चांदपुर स्थित एक 150 बीघा जमीन पर लगे बगीचे को अवैध रूप से काटकर कॉलोनी निर्माण का एनजीटी ने खुलासा किया है।

बीते दिनों हरदीप शर्मा द्वारा एनजीटी में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद एनजीटी की एक टीम ने बगीचे में कटे पेड़ों की जांच की। जांच में 165 पेड़ कम पाए गए। मामले में एनजीटी ने मुख्य सचिव व डीएम से 31 जुलाई तक रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि 60 फीट 35 फीट और 25 फीट चौड़ी आरसीसी की सड़कों का निर्माण किया गया है और भूखंड को चारों ओर से चारदिवारी करके घेरा गया है। वर्तमान में अनेक छोटे-बड़े भूखंडों में बिक्री होकर लगभग 72 लोगों को बेचकर उनके नाम दर्ज अभिलेख हैं तथा उक्त भूखंडों में खाता संख्या 0027 के खसरा नंबर 150 कुल रकबा 1.088 हेक्टेयर भूमि अकर्षक दर्ज है। वर्तमान तक शेष भूमि कृषि भूमि में दर्ज है। फिर भी अवैध तरीके से कॉलोनी काटी जा रही है।

पेड़ों के आकलन में टीम द्वारा बताया गया कि मौके पर 176 पेड़ कम पाए गए तथा भूखंड स्वामी द्वारा बताया गया कि 165 पेड़ों को अन्यत्र प्रतिस्थापित किया गया है। जब इस संदर्भ में टीम के द्वारा वन विभाग उद्यान विभाग से प्रतिस्थापित के बारे में जानकारी ली गई, तो कोई भी नियम वर्तमान तक प्रतिस्थापित का विद्यमान नहीं है ऐसा बताया गया। टीम की रिपोर्ट एनजीटी कोर्ट में सबमिट होने के उपरांत एनजीटी द्वारा मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन तथा जिला अधिकारी उधम सिंह नगर से अवैध कॉलोनी की जांच के संदर्भ में 31 जुलाई 2024 तक रिपोर्ट मांगी है।

# दिनदहाड़े चोरों ने खंगाले दो घर

**संवाददाता, खटीमा**


चोरों द्वारा खंगाला गया घर।

**वारदात**

**▸▸ लाखों की नकदी और जेवरात चोरी, सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार :** चोरों ने दिनदहाड़े भरी दोपहर में फौजी सहित दो घरों का ताला तोड़कर लाखों की नकदी और जेवरात लेकर पार कर दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। वहीं पुलिस ने रात्रि गश्त बढ़ा दी है।

भीषण गर्मी के बीच बृहस्पतिवार दोपहर में चोरों ने नगर पालिका वार्ड संख्या 10 निवासी गोविंद प्रसाद प्रजापति के बंद घर का ताला तोड़ दिया। इस दौरान किरायेदार भी अपनी दुकान पर था। गोविंद प्रसाद, उसके बेटे और बहू पंजाब में नौकरी करते हैं। घर में चोरी की सूचना पर थानाध्यक्ष अनिल जोशी, उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। शुक्रवार शाम यहां पहुंचे राहुल प्रजापति ने बताया कि तीन कमरों का ताला तोड़कर करीब 40 हजार की नकदी सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए हैं।

इस घटना के बाद इसी मार्ग पर चोरों ने फौजी देवदत्त भट्ट के घर की दीवार फांदकर उस समय घर का ताला तोड़ दिया जब गृह स्वामिनी पायल भट्ट अपने मायके गई थी। चोरों ने घर से नकदी व कान के कुंडल चुरा ले गए हैं। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष जोशी ने घर के सीसीटीवी को खंगाला। एक ही दिन में हुई दो घटनाओं से लोगों में दहशत है। थानाध्यक्ष जोशी ने कहा कि चोरों के आने जाने वाले रास्तों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### तीन साल पहले हुई चोरी का नहीं हुआ था खुलासा

खटीमा। राजीवनगर निवासी फौजी देवदत्त भट्ट के घर आठ से 11 मार्च 2021 में हुई चोरी में लाखों की नकदी और जेवरात चोरी हो गए थे। इसका पुलिस खुलासा करने में नाकाम रही थी। गृह स्वामिनी दिनेश्वरी भट्ट ने आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि पिछली चोरी का खुलासा हुआ होता तो संभवत: दुबारा घटना नहीं होती।

# तीन माह की गर्भवती की मौत

**अमृत विचार, पंतनगर :** क्षेत्र में तीन माह की गर्भवती युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इससे पेट में पल रहे भ्रूण ने दुनिया में कदम रखने से पूर्व ही मां के साथ दम तोड़ दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

शुक्रवार बेनी निवासी कुछ लोग नीतू (28) पत्नी रवि कुशवाहा निवासी नगला-लालकुआं रोड को लेकर विवि हॉस्पिटल पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ ने प्राथमिक उपचार के बाद युवती को घर वापस भेज दिया। लेकिन वही लोग युवती को सुबह लगभग साढ़े तीन बजे पुनः विवि अस्पताल लेकर पहुंचे, तब तक युवती की सांसें और पल्स अनियंत्रित हो चुकी थीं। इसको देखते हुए अस्पताल कर्मियों ने उसे रेफर कर एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। वहां से युवती की गंभीर हालत को देखते हुए एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति ने बताया कि महिला सात-आठ दिन से अपने मायके (पंतनगर के बेनी) में रह रही थी। बृस्पतिवार की रात उसको फूड प्वाइजनिंग होने पर विवि अस्पताल ले जाया गया, जहां से रेफर होने के बाद हल्द्वानी के एसटीएच में उसकी मौत हो गई।

### दूसरे दिन भी नहीं हुई मृतक की शिनाख्त

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित प्रतापपुर में बृहस्पतिवार की देर हुए सड़क हादसे में मृत अधेड़ की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जबकि हादसे में घायलों का अलग-अलग निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बृहस्पतिवार की देर रात लगभग एक बजे प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में दो कारों व बस के आपस में टकराने से दो लोग घायल हो गए थे। जबकि सड़क पर जा रहे एक अधेड़ की मौत हो गई थी। वहीं प्रतापपुर पुलिस चौकी के मुताबिक देर रात हुए हादसे में सड़क पर जा रहे एक लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में शिनाख्त के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक के पास भी कोई ऐसा कागज नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके।

# अब भरी दोपहर में बंद घर खंगाल रहे चोर

**ओम प्रकाश मौर्य, खटीमा**

**वारदात**

**▸▸ एक किमी अंतराल के बीच दिनदहाड़े तीन घटनाएं**

**अमृत विचार :** चोर रात्रि में सुनसान और बंद घरों की रेकी के बाद निशाना बनाते हैं। अब भीषण गर्मी की दोपहर में जब गली मोहल्लों में सन्नाटा छा रहा है तो चोर इसका फायदा उठाते हुए बंद घरों को निशाना बनाने लगे हैं। बृहस्पतिवार को वार्ड संख्या 10 निवासी गोविंद प्रसाद प्रजापति और देवदत्त भट्ट के घर में चोरी हुई। इतना ही नहीं इसी दुपहरी में जेवर साफ करने के नाम पर कान के कुंडल लेकर बाइक से बदमाश फरार हो गए।

क्षेत्रवासियों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की गुहार की है। पुलिस ने भी लोगों से घरों को सुनसान छोड़ने को कहा है।

तीन जून को गोसीकुआं निवासी पुलिसकर्मी के घर से चोर लाखों के जेवरात और नकदी उस समय चुरा ले गए थे जब उसकी पत्नी मायके गई थी।

# खनन वाहन गेट तोड़कर फैक्ट्री में घुसा

**अमृत विचार, बाजपुर :** खनन सामग्री से भरा वाहन अनियंत्रित होकर सरिया फैक्ट्री के गेट नंबर-एक को तोड़ते हुए अंदर जा घुसा। इससे गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मी की बाइक वाहन के नीचे दब गई, जबकि वहां मौजूद सुरक्षा कर्मी व एक अन्य व्यक्ति ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने आरोपित चालक को पूछताछ के लिए कोतवाली में बैठा लिया है। केशोवाला-बन्नाखेड़ा मुख्यमार्ग पर विक्रमपुर इंस्ट्रीयल एरिया स्थित उमा शक्ति स्टील्स का गेट नंबर-एक मुख्यमार्ग के नजदीक है। शुक्रवार की प्रातः करीब 6 बजे बन्नाखेड़ा से खनन सामग्री लेकर आ रहे 22 टायरा ट्रक का चालक अचानक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक फैक्ट्री का गेट तोड़कर अंदर खड़ी सुरक्षा गार्ड की बाइक के ऊपर चढ़ते हुए परिसर में जा घुसा। हादसे के वक्त वहां मौजूद एक व्यक्ति ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, जबकि सुरक्षा कर्मी हुकुम सिंह गेट के बराबर में बने केबिन में बैठा होने के कारण हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित वाहन चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि चालक एक क्रशर से खनन सामग्री लेकर बरेली जा रहा था। इसी बीच फैक्ट्री के पास सामने से आ रहे एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ गया।

## वर्ग पहेली-101

**बाएं से दाएं**

1.1. पायल, नूपुर 2. हाथी के पैर में बांधने की ज़ंजीर।

2.1. कटोरे के आकार की कोई वस्तु 2. पत्तों का बना हुआ दोना 3. हथेली की अंजलि 4. डिब्बा, संदूक, पिटारी, (बॉक्स) 5. मृतक का कपाल, खोपड़ी 6. औषधि आदि पकाने के लिए कपड़े और गीली मिट्टी से लपेटकर बनाया गया एक पात्र 7. कोश 8. गीत का टेक, (केविटी)।

5. मस्जिद का वह ऊंचा चबूतरा जिसपर बैठकर इमाम या मुल्ला उपदेश देते हैं अथवा लोगों को नमाज़

7. बरफ़ के कण, हिम के अति सूक्ष्म टुकड़े, जमी हुई बरफ़ के क्रिस्टलों के समूह।

9.1. मुगल संबंधी, मुगलों का-सा, मुगली, मुगलों की तरह का 2. एक विशेष प्रकार का व्यंजन

10.1. मनगढ़ंत किस्सा या कहानी, कल्पित कहानी 2. ब्योरा, विवरण, हाल।

**ऊपर से नीचे**

2.1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।

3.1. एड़ी के ऊपर और पिंडली के नीचे की उभरी हुई हड्डी 2. उक्त हड्डी के आस-पास का भाग।

4. शोथ, सूजन।

6.1. बाहरी या ऊपरी अंग 2. पूजा के आरंभ में किए जाने वाले औपचारिक और बाह्य कृत्य।

8.1. हिनहिनाना 2. घनघनाना, घंटे का बजाना 3. रक्षा करना 4. किसी काम को करते हुए सोच-विचार करने या बनाने-संवारने के लिए बीच-बीच में ठहरना, धीरे-धीरे धैर्य के साथ करना 5. बनाना, निर्माण करना, संवारना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 |
| ■ | ■ | 4 | ■ | | ■ | |
| 5 | 6 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 7 | | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 8 |
| 9 | | | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 10 | | |

## वर्ग पहेली -100 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 कि | ■ | 2 टि | 3 पा | रा |
| 4 रँ | ह | च | टा | ■ | ग | ■ |
| ■ | ■ | पि | ■ | 5 गि | ल | 6 न |
| ■ | 7 प | च | मे | ल | ■ | फ़ |
| ■ | रि | ■ | ■ | गि | ■ | सा |
| ■ | षे | ■ | ■ | ला | ■ | नी |
| 8 नि | क | ष | ण | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू-14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 4 | | | |
| 5 | | 8 | | 1 | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | | 5 | | | 3 |
| 8 | 9 | | | | | 3 | 7 | |
| 1 | | | 2 | | 9 | | | 4 |
| | 6 | 4 | | | | | 5 | 1 |
| 7 | | | 5 | | | 4 | | 6 |
| | 5 | | | 6 | | 1 | | 7 |
| | | | 3 | | | 8 | | |

## सुडोकू - 13 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 | 9 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 8 | 9 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 16 जून 02.32 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 08.14 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन अपने संबंधों को किसी से खराब न करें। आप कुछ रचनात्मक कार्यों में प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से आप ज्यादा संतुष्ट नहीं रहेंगे, लेकिन फिर भी आप अपना काम अच्छी तरह से करेंगे।

**वृष** — आज परिस्थितियां आपके आशानुकूल प्रतीत नहीं हो रही हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ तनाव में हो सकते हैं। अपनी परिस्थितियों में कुछ बदलाव की अपेक्षा कर रहे हैं। आप किसी परिजन के ऊपर नाराज हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में कुछ देरी कर सकते हैं जिससे अपेक्षित परिणाम मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। जीवनसाथी की सेहत का विशेष ध्यान रखें। विद्वान लोगों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है।

**कर्क** — आज दूसरे शहरों में रहने वाले भाई-बहन से बात हो सकती है। छुट्टी मनाने के लिए किसी अध्यात्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। आप आत्ममंथन में काफी समय बिता सकते हैं। व्यवसाय में आप कुछ बदलाव की योजना बना सकते हैं।

**सिंह** — आज पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। नशे का सेवन बिल्कुल न करें। माता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धन किसी को उधार न दें। आप कुछ उदास रहेंगे। कटु भाषा का प्रयोग करने से आपके स्वजन भी आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कन्या** — आज आप परिस्थितियों के अनुसार बुद्धिमत्ता पूर्ण निर्णय लेंगे। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धिकारक हो सकता है। आप काफी सक्रिय रहेंगे। कार्यशैली में बदलाव करने से आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**तुला** — आज विदेश यात्रा को लेकर योजना बन सकती है। दूसरों के ऊपर ज्यादा निर्भरता न रखें। किसी अन्य भाषा को सीखने में आप रुचि ले सकते हैं। आपके मन में अजीबो-गरीब विचार चलते रहेंगे, लेकिन आपको काफी स्थिर रहने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक** — आज आपसे अधिकारी वर्ग के लोग परामर्श ले सकते हैं। आपको प्राथमिकता क्रम निर्धारित करने में कठिनाई होगी जिसके कारण आपके कुछ आवश्यक काम छूट भी सकते हैं। दिखावा करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु** — आज आपको एक कठिन काम सौंपा जा सकता है, किंतु आप उसे अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे। आप में काम को लेकर अतिरिक्त उत्साह रहेगा जिससे लोग काफी प्रभावित रहेंगे। आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** — आज दांपत्य संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। इसीलिए आपको काफी संयम और धैर्य का परिचय देना होगा। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। आप काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन उस अनुपात में आपको परिणाम नहीं मिलेगा।

**कुंभ** — आज क्रोधी व्यवहार का आपके व्यवसाय पर भी असर पड़ सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें, चलते हुए कार्यों पर ही ध्यान दें। विरोधियों से सावधान रहें। आपका मन अशांत रहेगा। अनावश्यक शंका के कारण आपके मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं।

**मीन** — आज सहकर्मी आपसे काफी अच्छा व्यवहार करेंगे। आप तेजी से अटके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। लंबी दूरी की यात्रा न करें। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आप परिजनों को समय देंगे। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**चाइना गेट** सुबह : 09.46
**कीमत** रात : 07.00

&pictures
**कहो ना प्यार है** सुबह : 10.55
**हिम्मतवर** रात : 07.30

SONY PIX
**मैड मैक्स : फरी रोड** सुबह : 09.35
**जॉन विक : चैप्टर 2** रात : 09.00

ZEE CINEMA
**रक्षा बंधन** दोपहर : 12.35
**द रियल तेवर** रात : 08.00

colors CINEPLEX
**हीरोज** सुबह : 11.21
**दसवीं** शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया- सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

# झुलसे कर्मियों को एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स भेजा

## गुरुवार को अल्मोड़ा के बिनसर अभ्यारण्य में वनाग्नि की चपेट में आने से चार कर्मियों की हो गई थी मौत, चार कर्मी झुलस गए थे


संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में जंगल की आग में घायल चार वन कर्मियों को एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स भेजा गया है। इस कार्य में लगाई गईं दो एयर एंबुलेंस (विमानों) ने दो बार में अपने कार्य को सकुशल अंजाम दिया।

गुरुवार को अल्मोड़ा के बिनसर वन्यजीव अभयारण्य में वन कर्मियों की बोलेरो गाड़ी वनाग्नि की चपेट में आ गई थी। जिससे चार वन कर्मियों की आग में जलकर मृत्यु हो गई थी, जबकि चार वन कर्मी आग में झुलस गए थे। जिन्हें हल्द्वानी के एसटीएच में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इन चारों वन कर्मियों को एयर एंबुलेंस से दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद सक्रिय हुए तंत्र ने एसटीएच हल्द्वानी से गंभीर घायलों को एंबुलेंस में पंतनगर एयरपोर्ट लाकर यहां से एयर एंबुलेंस के माध्यम से दिल्ली एम्स भेजा। जिसमें सबसे पहले गंभीर रूप से घायल फायर वाचर कृष्ण कुमार (21) निवासी ग्राम भेटुली को भेजा गया। दूसरी बार में घायल पीआरडी जवान कुंदन सिंह नेगी (44) निवासी खांखरी, तीसरी बार में दैनिक श्रमिक कैलाश भट्ट (44) निवासी ग्राम धनेली अल्मोड़ा और चैथी बार में वाहन चालक भगवत सिंह भोज (38) निवासी ग्राम भेटुली को भेजा गया है। पंतनगर एयरपोर्ट की डायरेक्टर मोनिका गुप्ता डेम्बला ने बताया कि वनाग्नि में घायल कर्मियों को एक-एक कर एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स भेजा जा रहा है। शाम चार बजे तक तीन घायलों को भेजा जा चुका है। अंतिम घायल को भी एयर लिफ्ट करने की तैयारियां की जा रही थीं।



पंतनगर एयरपोर्ट पर अल्मोड़ा में वनाग्नि में घायल कर्मी को एयरलिफ्ट करते लोग।



भीमताल झील से पानी उठाता वायु सेना का हेलीकॉप्टर। ● अमृत विचार

### गमगीन माहौल में हुई मारे गए कर्मियों की अंत्येष्टि

**अल्मोड़ा :** बिनसर अभ्यारण्य के गैराड़ जंगल में आग बुझाने के दौरान जिंदा जले चार वन कर्मियों का गुरुवार देर रात पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद शवों को उनके परिजन अपने गांवों को ले गए। शुक्रवार को मृतकों की उनके परिजनों ने अपने-अपने श्मसान घाटों में गमगीन माहौल के बीच अंत्येष्टि की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अंत्येष्टि में शामिल होकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। बीते गुरुवार को बिनसर सेंचुरी में जंगल की आग बुझाने के दौरान दीवान राम, करन आर्या फायर वाचर, त्रिलोक मेहता वन रक्षक और पीआरडी जवान पूरन महरा की आग की लपटों में घिर जाने से मौके पर मौत हो गई। इसके बाद गुरुवार देर शाम शव को पोस्टमार्टम हाउस लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। इसके बाद गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से उठाया पानी

**भीमताल :** उत्तराखंड के अल्मोड़ा स्थित बिनसर सेंचुरी में लगी भीषण आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी लिफ्ट किया। शुक्रवार सवेरे के समय हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी उठाया किया। इधर झील से पानी उठाए जाने से पुलिस ने झील में नौकायन का संचालन रोक दिया। अचानक नौकायन का संचालन रोक देने से नाव संचालकों का कारोबार प्रभावित हुआ। मालूम हो कि भीमताल झील से पानी उठाने को सबसे सुरक्षित माना जाता है। इससे सवा माह पूर्व नैनीताल के पास पाइन्स के समीप आग लगने पर भी वायु सेना ने अपना एमआई-17 भेजकर आग पर काबू पाया था। उस समय भी भीमताल झील से ही पानी उठाया था। हेलीकॉप्टर ने चार बार पानी भरकर लगभग दस हजार लीटर पानी जंगल में डाला।

### बिनसर में वनाग्नि से निपटने को वायु सेना ने संभाला मोर्चा

**अल्मोड़ा :** बिनसर अभ्यारण्य के जंगल में लगी आग अब तक शांत नहीं हो सकी है। एक साथ चार लोगों की मौत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। शुक्रवार को डीएम सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर वनाग्नि का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार सुबह वायुसेना के हेलीकॉप्टर पहुंचने से पूर्व ही डीएम विनीत तोमर, एसएसपी देवेंद्र पींचा, डीएफओ दीपक सिंह, डीएफओ सिविल सोयम ध्रुव सिंह मर्तोलिया घटना स्थल पहुंच गए। इस दौरान बिनसर के चारों ओर जंगल में आग धधकी हुई थी। एसएसपी ने एसडीआरएफ टीम को आग पर काबू पाने के निर्देश दिए। वहीं, डीएम विनीत तोमर ने वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने घटना के मृतकों और घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने घायलों के परिजनों को हौसला बढ़ाया। बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए दिल्ली भेजा गया है। उन्हें श्रेष्ठ उपचार दिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### अधिकांश होमस्टे में अग्निशमन उपकरण तक नहीं

**बागेश्वर :** जनपद में वर्तमान में 176 होम स्टे चल रहे हैं। इनमें से अधिकांश होमस्टे के पास अग्निशमन उपकरण नहीं हैं। यदि किसी होमस्टे में आग की चिंगारी पहुंच गई तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। समय रहते इस पर प्रशासन व सरकार के नुमाइंदों को विचार कर सख्ती अपनानी होगी। गुरुवार को अल्मोड़ा के बिनसर सेंचुरी में जंगल की आग से चार कर्मचारियों की मौत ने वनों और वन कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक माह पहले सोमेश्वर क्षेत्र में भी चार लोग वनाग्नि में मारे गए थे। मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। बड़ी संख्या में पर्यटक होम स्टे में ठहर रहे हैं। लेकिन अधिकांश होमस्टे में आग से बचने के लिए कोई उपाय नहीं हैं उनके पास किसी प्रकार के उपकरण नहीं हैं। अग्निशमन विभाग की अनापत्ति तक तो दूर अग्निशमन विभाग के पास उनका कोई डाटा तक नहीं है। ऐसे में किसी तरह के अग्निकांड होने पर किसको जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### प्रियंका गांधी ने वन कर्मियों की मौत पर जताया दुख

**हल्द्वानी :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने अपने एक्स एकाउंट पर बिनसर अभ्यारण्य अग्निकांड की घटना का जिक्र किया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में चार वन कर्मियों की मौत पर दुख जताया है। साथ ही उत्तराखंड सरकार से पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद व मुआवजा देने के लिए कहा है। उन्होंने यह भी लिखा कि पिछले कई माह से उत्तराखंड के जंगल लगातार जल रहे हैं, सैकड़ों हेक्टेयर जंगल तबाह हो चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में भी जगह-जगह पर आग लगने की सूचनाएं हैं। एक अध्ययन के मुताबिक हिमालय क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाओं में कई गुना बढ़ोत्तरी हुई है।

### ट्रायल में 123 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**हल्द्वानी :** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स मैदान में शुक्रवार को विभिन्न खेलों के लिए ट्रायल किया गया। इसमें अंडर-16 वर्ष के 140 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल विभाग की ओर से नए सत्र के विभिन्न खेलों के शिविर के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें एथलेटिक्स में 15, फुटबॉल में 64, बॉक्सिंग में 10, बैडमिंटन में 3, क्रिकेट में 18 और हॉकी में 13 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उपक्रीड़ा वरुण बेलवाल ने बताया कि इसमें जो भी खिलाड़ी चयनित होंगे वह 19 व 20 मई को होने वाले विभिन्न खेलों के राज्य स्तरीय ट्रायल में भाग ले सकेंगे।

### किसान महाकुंभ को लेकर किया जनसंपर्क

**जसपुर :** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने हरिद्वार में 16 जून से आयोजित होने वाले किसान महाकुंभ को लेकर शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने बताया कि जसपुर क्षेत्र के भाकियू कार्यकर्ता व किसान 16 जून को तड़के करीब 4 :00 बजे भगवंतपुर चौराहे से प्रस्थान करेंगे। इधर युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह की टीम ने भी किसान महाकुंभ को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में जनसंपर्क किया। उधर, भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने यूनियन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राय सिंह के गांव गूलरभोज स्थित आवास पर पहुंचकर उनके पुत्र चौधरी पुष्पेंद्र सिंह के निधन तथा यूनियन के पदाधिकारी अशोक कुमार सेठी के सगे रिश्तेदार गदरपुर निवासी हरि सिंह हुड़िया के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

### महिलाओं को दिया अचार बनाने का प्रशिक्षण

**बनबसा :** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत महिला श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया। बमनपुरी ग्रामसभा में प्रधान भावना नेगी की अध्यक्षता व जीएंडजी स्किल्स डिवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड उत्तराखंड अनुज पुंडीर ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत महिला श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया। महिलाओं को मोमबत्तियां बनाना, सजावटी सामान, अचार, चिप्स, हस्तनिर्मित आभूषण, हाथ की कढ़ाई का काम आदि का नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रुचि धस्माना आदि रहीं।

### 9 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**टनकपुर :** पुलिस व एसएसबी की टीम ने संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान शारदा बैराज के पास हिमांशु कश्यप पुत्र कालीचरण निवासी वार्ड नम्बर 5, नई बस्ती, टनकपुर को वाहन संख्या यूके 03 टीए 1609 में 9 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया है। पुलिस टीम में एसआई ओम प्रकाश, एसएसबी के एसआई अर्जुन राम, एसआई भुवन गहतोड़ी, हरी किशन चन्द, संतोष, दिनेश कुमार, हरी कृष्ण आदि शामिल रहे।



पीठाधीश्वर गोवर्धन गिरी जी महाराज से आशीर्वाद लेते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा।

### बिनसर महादेव मंदिर में उमड़ रहे हजारों श्रद्धालु

**रानीखेत, अमृत विचार :** सोनी बिनसर महादेव में चल रहे होमात्मक महारूद्र यज्ञ एवं श्रीमद् शिव पुराण ज्ञान यज्ञ कथा में भारी संख्या में दूरदराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रात : समय पंचांग पूजन ब्राह्मण वर्ण सामूहिक आरती पूजन आदि के साथ दोपहर 2 बजे से कथा प्रवचन पाठ प्रारंभ हुआ। आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव की आराधना करने से मानव की सभी कष्टों का निवारण होता है। कहा कि त्रिविधताप पाप से निवृत्ति एवं यज्ञ एवं साधु संतों व विघ्नों का दर्शन कर पुण्य लिया जा सकता है। शुक्रवार को उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने स्वर्गपुरी बिनसर में चल रहे होमात्मक महारुद्र यज्ञ एवं श्रीमद शिवपुराण ज्ञान यज्ञ कथा के आयोजन में पहुंचे। उन्होंने श्री1008 गोवर्धन गिरी जी महाराज एवं कथा व्यास भागवताचार्य स्वामी त्रिभुवनपुरी जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। ईश्वर से प्रार्थना की जल्द से जल्द बारिश हो जिससे उत्तराखंड में भीषण पेयजल संकट से आमजन को राहत मिले। उनके साथ गोपाल देव, चंदन बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, अंकिता पंत, सोनू सिद्दीकि आदि थे।

# जिला जज सहित 17 लोगों ने किया रक्तदान

**महादान**

- चम्पावत जिले में एसएसबी व आईटीबीपी के जवानों के साथ ही स्थानीय लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** विश्व रक्तदाता दिवस में चम्पावत के जिला जज अनुज कुमार संगल सहित कुल 17 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में स्थानीय लोगों के अलावा एसएसबी और आईटीबीपी के जवान भी शामिल थे। ब्लड बैंक की प्रभारी राशि भटनागर ने रक्तदान करने को लेकर फैली भ्रांति को दूर किया। साथ ही रक्तदान करने के फायदे बताए।

चम्पावत जिला अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में गोष्ठी में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी ने लोगों से रक्तदान करने की अपील की। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कमजोरी नहीं होती, बल्कि नया खून बनने से सेहत को फायदा पहुंचता है।

ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. राशि भटनागर ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में एसएसबी के कमांडेंट अनिल कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ. कुलदीप यादव, जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. पीएस खोलिया, डॉ. प्रदीप बिष्ट, डॉ.नरेंद्र चौहान, लैब तकनीशियन मनोज मेहता व उमेद सिंह बसेड़ा मौजूद रहे। रक्तदान करने वालों में एसएसबी के एसआई प्रणय कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, सुभाष कुमार, राकेश डी निक्कम, नितिन परिहार, प्रकाश लाकर ओरव, अनूप मिश्रा, प्रमोद कुमार, प्रवीण कुमार, यशपाल सिंह, अंकित कुमार आदि शामिल रहे।





चम्पावत में रक्तदान करते जवान। ● अमृत विचार

### इसलिए मनाया जाता है रक्तदाता दिवस

विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून 1868 को कार्ल लैंडस्टीनर के जन्म दिन की सालगिरह पर मनाया जाता है। विश्व रक्तदाता दिवस वर्ष 2004 से हर साल 14 जून को मनाया जा रहा है। रक्तदाता दिवस को इस साल 20 साल पूरे हो गए हैं। इस बार इसकी थीम है थैंक्यू डोनर। यानी रक्तदान करने वालों का आभार जता उनका शुक्रिया किया जा रहा। लैंडस्टीनर को एबीओ रक्त समूह की खोज के लिए 1930 में नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

# मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचे मां पूर्णागिरि धाम, समापन आज

संवाददाता, टनकपुर

**आस्था**

- अब तक 30 लाख से अधिक श्रद्धालु कर चुके हैं देवी दर्शन
- आज जिला पंचायत अध्यक्ष करेंगी मेले का समापन

**अमृत विचार :** 26 मार्च से शुरू मां पूर्णागिरि धाम के मेले का 15 जून को आज समापन होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय शनिवार शाम पांच बजे बाद ठुलीगाड़ में मेले का समापन करेंगी। वर्ष 2010 के बाद पहली बार जिला पंचायत को फिर से मेले के आयोजन का जिम्मा मिला है।

मेले की आयोजक संस्था जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी और मेला अधिकारी भगवत पाटनी का कहना है कि समापन के साथ ही सरकारी मेले की व्यवस्थाओं के लिए अस्थाई रूप से जुटाई गई सुविधाओं को हटाना शुरू कर दिया जाएगा। 26 मार्च से शुरू हो 82 दिनों तक चलने वाले मां पूर्णागिरि धाम के सरकारी मेले में करीब 30 लाख श्रद्धालुओं ने देवी दर्शन किए।



### सुरक्षा और पेयजल व्यवस्था 22 तक रहेगी जारी

**टनकपुर :** सरकारी मेला संपन्न होने के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूर्णागिरी धाम पहुंचते हैं। इसके मद्देनजर पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने डीएम को पत्र भेज मेला संपन्न होने के बाद एक सप्ताह और मेले की व्यवस्थाओं को बरकरार रखने का आग्रह किया था। इस पर प्रशासन ने कुछ जरूरी व्यवस्थाओं को 22 जून तक बनाए रखने का निर्णय लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवराज सिंह राणा का कहना है कि ठुलीगाड़ व भैरव मंदिर में स्थाई रूप से तैनात स्टाफ के साथ ही जरूरत के हिसाब से कुछ और पुलिस कर्मियों को वहां रोका जाएगा। पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने के लिए भी बंदोबस्त किए जाएंगे।

# खुशालकोट के बाशिंदे पेयजल के लिए परेशान

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित गांवों में पेयजल संकट गहराने से अब ग्रामीण प्राकृतिक जल स्रोत पर जगराता कर पानी जुटा रहे हैं। खैरना-रानीखेत स्टेट हाईवे से सटे खुशालकोट गांव ग्रामीण रात भर बूंद-बूंद पानी को जद्दोजहद कर रहे हैं। दिन और रात प्राकृतिक जल स्रोत में पानी को गांव के बाशिंदों का तांता लग रहा है। महिलाओं ने टैंकर के जरिए पेयजल आपूर्ति की मांग उठाई है।

भीषण गर्मी से तप रहे पहाड़ में पेयजल संकट गहराने से तमाम गांवों में हाहाकार मच गया है। स्टेट हाईवे से सटे ताड़ीखेत ब्लॉक के खुशालकोट गांव में हालत विकट हो चुके हैं। गांव के करीब 45 परिवारों को शेर विद्यापीठ पंपिंग पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति की जाती है पर पिछले लंबे समय से नलों से पानी की बूंद तक नहीं टपकी है। जल जीवन मिशन योजना से भी अब तक गांव नहीं जुड़ सका है ऐसे में गांव के बाशिंदे दिन रात गांव से करीब एक किमी दूर पौराणिक नौले से पानी ढोने को मजबूर हैं। दिन में भीड़ होने पर कई परिवार देर रात तक नौले से पानी ढो रहे हैं। यह सिलसिला रात दस बजे से सुबह पांच बजे तक चलता है। नौले से भी अब समुचित पानी न मिलने से ग्रामीण तीन किमी की दूरी भी पैदल तय कर रहे हैं। गांव की तुलसी देवी, शांति देवी, जानकी देवी के अनुसार पेयजल योजना का बिल भुगतान के बावजूद पानी उपलब्ध नहीं हो रहा।

# जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन ने शुरू किया काम

**बागेश्वर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन ने काम करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने वर्चुअल माध्यम से मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन स्थापित होने से मरीजों को अब हायर सेंटर नहीं जाना पड़ेगा। उनको यह अत्याधुनिक सुविधा यहीं पर मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। प्रदेश के सभी सुदूरवर्ती अस्पतालों में अत्याधुनिक मशीनें, उपकरण देकर दूरदराज की जनता को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहूलियत प्रदान करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता काफी समय से सीटी स्कैन मशीन की मांग कर रही थी, जिसे आज पूरा किया गया। निश्चित ही आने वाले समय में जनता को इसका लाभ मिलेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष बसन्ती देव ने स्वास्थ्य मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज हम सबके लिए बड़ा हर्ष का दिन है। जिले को सीटी स्कैन मशीन की सौगात मिली है। इसका लाभ यहां की जनता को मिलेगा।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड टनकपुर

पत्रांक:-52/सहा0अभि0प्र0/निविदा/2024 दिनांक 14.06.2024

**अल्पकालीन निविदा संख्या-06/सहा0अभि0-प्रथम/2024 दिनांक/14.06.2024**

उत्तराखण्ड प्रदेश राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी (''डी'' अथवा ''उच्चतर'') के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.06.2024 अपरान्ह 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें समाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद से दिनांक 27.06.2024 तक सहायक अभियन्ता प्रथम नलकूप उपखण्ड टनकपुर के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त की जा सकती है, जो दिनांक 28.06.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक टेण्डर बाक्स में डाली जा सकती है। जो अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 28.06.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेंगी। यह निविदायें शील्ड कवर में भेजी जायेंगी। विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वत: निरस्त मानी जायेंगी। निविदा के लिफाफे के उपर स्पष्ट शब्दों में निविदा दिनांक अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र टी0डी0एस0 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, टनकपुर (चम्पावत) के नाम से बन्धक बनाकर लानी होगी। दोनों लिफाफे पर स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा। बिना धरोहर धनराशि जमा किये एवं सशर्त निविदायें मान्य नहीं होंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपये का रैवन्यू टिकट लगाकर दरों की वैधता अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। यदि निविदा खोलने के दिनांक को कोई राजकीय अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा की वैधता | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. अतिरिक्त (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि दिवस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अनुरक्षण मद के अन्तर्गत कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड टनकपुर हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्वीपर एवं चौकीदार उपलब्ध कराने का कार्य। केन्द्रीय कार्यालय नलकूप खण्ड टनकपुर हेतु मोटर वाइण्डर एवं हैल्पर उपलब्ध कराने का कार्य तथा लिफ्ट सिंचाई योजना खिरद्वौरी, लोडियालसेरा एवं फुर्कियाझाला हेतु पम्प ऑपरेटर उपलब्ध कराने का कार्य। | 60 दिवस | 26000/- | 1000+18% जी.एस.टी. | 09 माह |

नोट:- अन्य शर्ते कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड टनकपुर में देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता, प्रथम
नलकूप उपखण्ड, टनकपुर


# पंचायत चुनाव जीतेगी कांग्रेस: फर्स्वाण

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष ललित सिंह फर्स्वाण ने कहा कि कांग्रेस भले ही लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के जरिए वह अपनी खोई राजनीतिक जमीन को वापस पाने के लिए काम करेगी। नैनीताल, अल्मोड़ा और चम्पावत जिले के दौरे पर आए फसर्वाण ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने धर्म और अन्य भावानात्मक मुद्दों पर वोट मांगे।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में फर्स्वाण ने कहा कि कांग्रेस का प्रयास होगा कि पंचायतों के चुनाव पार्टी के निशान पर लड़े जाएं। ऐसा करने से संगठन में नया उत्साह पैदा होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को कांग्रेस से जोडने के लिए मुहिम चलाई जाएगी। आम जन मानस के बीच जाकर उनसे संवाद करने के बाद उनके मुद्दों को उठाएंगे। बेरोजगारी, महंगाई, गांवों की बुनियादी समस्याओं सहित विभिन्न स्थानीय मुद्दों को उठा जनता की आवाज को उठाने का काम करेंगे। फर्स्वाण ने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है। पार्टी अग्रिवीर योजना में संशोधन कर युवाओं को पहले की तरह फौज में पक्की नौकरी देने के लिए आवाज उठाएगी। कहा कि बदरीनाथ से कांग्रेस के विधायक रहे राजेंद्र भंडारी के भाजपा में जाने से लोगों में नाराजगी है। इसका खामियाजा 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव में उन्हें भुगतना होगा। इससे पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूरन सिंह कठायत की अध्यक्षता और महमंत्री निर्मल तड़ागी के संचालन में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक में चुनाव तैयारी तेज करने और संगठन को सशक्त करने का आह्वान किया। बैठक में महेश ढेक, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह अधिकारी, बालादत्त थ्वाल, मुरलीधर जोशी, सौरभ शाह रहे।



चम्पावत में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित फर्स्वाण का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# अतिक्रमण हटाने को आंदोलन जारी

**जसपुर, अमृत विचार :** नगर के विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण हटाए जाने व अन्य मांगों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। नगर के मोहल्ला भूप सिंह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह ने धरने को गुरुवार को भूख हड़ताल में तब्दील कर दिया था। उनकी भूख हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही।

उन्होंने बताया कि उनके आंदोलन को नगर पंचायत महुआडाबरा के पूर्व अध्यक्ष बहादुर सिंह, बसपा कार्यकर्ता डॉ. वीएस गौतम, राकेश कुमार, मोहम्मद रिजवान, विनीत कुमार व अमन ने भी उनके आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। उल्लेखनीय है कि उन्होंने पिछले वर्ष भी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया था।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,992.77 | 23,465.60 |
| बढ़त | 181.87 | 66.70 |
| प्रतिशत में | 0.24 | 0.29 |

# कारोबार/कृषि



अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शनिवार, 15 जून 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 940 फ्लैग 1070 बोल्ड 1110 डीएमओ 855।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15600, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16600, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**–डालमियां 4160, पीलीभीत 4120, नवाबगंज 4110, बहेड़ी (नई) 4120 रुपये।

# मलिहाबाद के दशहरी का स्वाद चखेंगे जर्मनी के लोग

## बैक्टीरिया मुक्त और गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए आम को गुजारा गया तकनीकी प्रक्रिया से

- 1.5 टन का आर्डर मिला, आज निकलेगी पहली खेप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

**अमृत विचार:** अब फलों के राजा दशहरी आम के स्वाद लेने का समय आ गया है। बागवान आम मंडियों में लाना शुरू कर चुके हैं। ऐसे में देश ही नहीं विदेश के लोग भी इसका मजा लेने के लिए आतुर हैं। निर्यात का पहला आर्डर जर्मनी की तरफ से आया है। करीब 1.5 टन आम का भेजा जा रहा है। इसकी पहली खेप शनिवार को निकलेगी। आम की गुणवत्ता बनाए रखने और बैक्टीरिया मुक्त करने के लिए उसे रैपनिंग चैंबर और हॉट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गुजारकर इसके स्वाद को और बेहतर किए जाने का काम शुरू हो गया है। पूरी प्रक्रिया से गुजारे जाने के बाद आम के निर्यात की पैकिंग भी शुरू कर दी गई है।

**रूस और इंग्लैंड के लोग भी चखेंगे दशहरी का स्वाद, निर्यातकों के हाथ आए आर्डर:** मैंगो पैक हाउस के संदीप यादव बताते हैं कि आम का तैयार कर निर्यात के लिए उसकी पैकिंग शुरू कर दी गई है। निर्यातकों के पास सिर्फ जर्मनी ही नहीं रूस, इंग्लैंड, दुबई, ओमान और सऊदी अरब के आर्डर भी मिल गए हैं। विदेशों में करीब 30 टन आम की आपूर्ति पहले चरण में होगी। पहली खेप कल रवाना हो रही है।

इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया जर्मनी को निर्यात के लिए आम की गुणवत्ता मैंगों पैक हाउस में पूरी कर ली गई है। पैकिंग शुरू हो गई है। शनिवार को पहली खेप निकलेगी। यह खेप भारत सरकार व जर्मनी सरकार के सामूहिक प्रयास से निर्यात की जा रही है।




हॉट वाटर ट्रीटमेंट से गुजारने के बाद आम को सुखाता कर्मचारी। ● एजेंसी

### इस तरह बढ़ाई जाती है आम की गुणवत्ता

1. सबसे पहले साफ आम को बगीचे से तोड़कर मैंगों पैक हाउस लाया जाता है।
2. एक आम का वजन वजन करीब 250 ग्राम से अधिक और 400 ग्राम के भीतर होना चाहिए।
3. फिर कटर के माध्यम से इसके डंठल काटे जाते हैं व चेपी निकाली जाती है।
4. इसके बाद हॉट वाटर मशीन में आम को 48 डिग्री पर रखा जाता है जिससे आम के बाहरी और अंदरूनी कीट खत्म हो जाएं।
5. कुछ देर की प्रक्रिया के बाद आम को निकालकर दाग और धब्बे को फिर से साफ किया जाता है।
6. बैक्टीरियामुक्त होने के बाद आम को ठंडा कर उसे फोम नेट जालियों में पैक कर उसे डिब्बे में रखा जाता है।
7. इस पूरी प्रक्रिया में करीब छह घंटे का वक्त लगता है।

# मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5% रहने की उम्मीद

- रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने लगाया अनुमान

कोलकाता, एजेंसी

अग्रणी रेटिंग एवं आर्थिक शोध कंपनी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति के औसतन 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। क्रिसिल ने कहा-मानसून की सामान्य स्थिति को देखते हुए हम उम्मीद करते हैं कि खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी आएगी, जबकि गैर-खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हो सकती है। जिंस कीमतों में नरमी के कारण इसके नरम बने रहने की उम्मीद है।

रेटिंग कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति मई में मामूली रूप से घटकर 4.75 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2024 में 4.8 प्रतिशत थी। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि गैर-खाद्य श्रेणियों ने मुख्य मुद्रास्फीति को नीचे खींचा है, लेकिन चिंता की बात यह है कि खाद्य श्रेणियों अनाज तथा दालों में लगातार वृद्धि हो रही है। क्रिसिल ने कहा कि शहरी अर्थव्यवस्था को सख्त ऋण शर्तों से नियंत्रित किया जा सकता है। हाल के महीनों में बैंक खुदरा ऋण वृद्धि में कमी आई है, जबकि एनबीएफसी को बैंक ऋण देने पर प्रतिबंध लगाने के विनियामक उपायों का असर उपभोक्ता ऋणों पर भी पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया, सरकार के अच्छे पूंजीगत व्यय के बावजूद, राजकोषीय समेकन के कारण इसके पिछले वर्ष की तुलना में कम रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया कि धीमी वैश्विक वृद्धि से वस्तु निर्यात में वृद्धि बाधित हो सकती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800–55,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 875 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,500 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**–शरबती 65 मसूरी 57 अंगूरी 55 बासमती 97, **दाल दलहन**–काला चना 80–120 साबुत चना दाल 70–85 मूंग साबुत 105 राजमा 127–145 दाल उड़द 113 साबुत मसूर दाल 75–85 मसूर दाल 76 उड़द साबुत 118–120 काबुली चना 120–165 अरहर दाल 157 लोबिया/करमानी 85–105 सोयाबीन 37 मूंगफली 70–110 मटर (सूखी) 52–61 मक्का 23 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपए मूंग धोआ : 104–106 मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 चना देसी : 60 से 70 चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 रुपये।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.3 अरब डॉलर बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात जून को समाप्त सप्ताह में 4.307 अरब डॉलर बढ़कर 655.817 अरब डॉलर की नई सर्वकालिक ऊंचाई को छू गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.837 अरब डॉलर के उछाल के साथ 651.51 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था।

इससे पहले, विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर 10 मई को 648.87 अरब डॉलर था। पिछले कुछ सप्ताहों में विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, सात जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.773 अरब डॉलर बढ़कर 576.337 अरब डॉलर हो गयीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.982 अरब डॉलर हो गया।

# मई में निर्यात 9% बढ़कर हुआ 38 .13 अरब डॉलर

- सरकारी आंकड़ों के अनुसार व्यापार घाटा बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने मई में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में स्वस्थ वृद्धि के दम पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में वृद्धि दर्ज की है।



आलोच्य अवधि में कच्चे तेल का आयात बढ़ने से देश का कुल आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर था। तेल आयात मई में 28 प्रतिशत बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में तेल आयात 24.4 प्रतिशत बढ़कर 36.4 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, इस साल मई में सोने का आयात मामूली रूप से घटकर 3.33 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 3.69 अरब डॉलर था।

समीक्षाधीन महीने में आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी देश का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जो सात महीनों का उच्चतम स्तर है। पिछली बार अक्टूबर 2023 में यह 31.46 अरब अमरीकी डॉलर रहा था। अप्रैल 2024 में देश का निर्यात घटकर 41.68 अरब अमरीकी डॉलर हो गया था जो अप्रैल 2023 में 41.96 अरब डॉलर था।

## राष्ट्रीय

# एक साथ चुनाव कराने पर समिति की रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष जल्द रखने की योजना

## रिपोर्ट को पेश करना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विधि मंत्रालय एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट को शीघ्र मंत्रिमंडल के समक्ष रखना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा है।

लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने तथा इसके बाद 100 दिन के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की 15 मार्च को सिफारिश की थी। समिति ने कहा था कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। उसने यह भी सिफारिश की थी कि निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र तैयार करे।



### विधि आयोग 2029 से एकता सरकार के प्रावधान की कर सकता है सिफारिश

सूत्रों के मुताबिक इसके लिए हालांकि कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित कराना होगा। एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों के लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, विधि आयोग भी शीघ्र ही एक साथ चुनाव कराने के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि विधि आयोग 2029 से सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने और सदन के त्रिशंकु होने या अविश्वास प्रस्ताव जैसे मामलों में एकता सरकार के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है।

### प्रतिबंधित ई-सिगरेट के साथ दो गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्यूआरटी ने एक संयुक्त कार्रवाई में दो बदमाशों को गिरफ्तार करके उनके पास से लाखों रुपये कीमत के प्रतिबंधित ई-सिगरेट और गांजा आदि बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का सरगना फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्विक रिस्पांस टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत सेक्टर 18 के पास से बृहस्पतिवार रात को शाहनवाज, निवासी तुगलकाबाद, दिल्ली और रवि कुमार, निवासी जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों के पास से 2480 प्रतिबंधित ई-सिगरेट, चार किलोग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त होने वाला एक ऑटो रिक्शा बरामद हुआ है।



विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पूर्वी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान अधिकारियों से हाथ मिलाया और देश की समुद्री सीमाओं का निरीक्षण किया। ● एजेंसी

## एक नजर

### मणिपुर में प्रतिबंधित गतिविधियों में शामिल होने में एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** मणिपुर में एक प्रतिबंधित संगठन की तोड़फोड़ गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में शुक्रवार को गुवाहाटी के निकट खैगौलेन किपगेन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सोनापुर टोल गेट पर एक वाहन को रोका। उसने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान, ड्रोन में इस्तेमाल होने वाली विशेष बैटरी, 3.40 लाख रुपये नकद, चार जोड़ी जूते और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### हत्या के मामले में तीन लोगों को उम्रकैद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को अपने दामाद की हत्या के मामले में ससुर सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सारण के विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रघुवंश नारायण ने प्रेम विवाह के कारण दामाद की हत्या करने वाले मांझी थाना के डुमरी निवासी गणेश यादव, राजेश यादव, सुभाष यादव को आजीवन करावास सजा सुनाई।

# कोर्ट ने सीआईडी को पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने से रोका

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सीआईडी को एक पॉक्सो मामले में पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भाजपा नेता येदियुरप्पा को भी इस पॉक्सो मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया। बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला इस वर्ष 14 मार्च को दर्ज किया गया था। सीआईडी के विशेष जांच दल ने बुधवार को पूछताछ के लिए येदियुरप्पा के पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध करते हुए त्वरित (फास्ट ट्रैक) अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

# बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर पुलिस से जवाब-तलब

**राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल हमला मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने जमानत अर्जी पर नोटिस जारी किया और दिल्ली पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। कुमार अभी न्यायिक हिरासत में हैं और आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल पर हमला किया था। मामले में कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। कुमार के वकील ने दलील दी कि उन्हें हिरासत में रखे रहने का कोई कारण नहीं है और अदालत से जून में ही मामले पर अगली सुनवाई करने का अनुरोध किया, क्योंकि यह उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। उन्होंने दलील दी, मैं एक ऐसे अपराध को लेकर एक महीने से हिरासत में हूं, जिसमें (पीड़िता को) कोई चोट नहीं लगी है...। वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि मामले में जांच अब भी जारी है।

# उज्जैन में सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, नौ लोग गिरफ्तार

- पुलिस ने 14.58 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए

उज्जैन (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के उज्जैन में पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी में एक सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार कर 14.58 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें टी-20 क्रिकेट विश्व कप और ऑनलाइन गेम पर सट्टा लगाने वाले एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संतोष कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया, "हमें सूचना मिली थी कि पीयूष चोपड़ा नामक व्यक्ति बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी में शामिल है। हमने दो दिनों तक सूचना पर काम किया। पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार शाम को मुसद्दीपुरा और 19 ड्रीम कॉलोनी सहित दो से तीन इलाकों में छापेमारी की।'' उन्होंने बताया कि दलों ने 14.58 करोड़ रुपये की नकदी और पाउंड और डॉलर सहित सात देशों की मुद्राएं बरामद कीं। उन्होंने बताया कि 40 से अधिक मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य गैजेट भी जब्त किए गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जो मध्य प्रदेश के नीमच और पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं, जो इस अवैध गतिविधि में शामिल थे। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि वह कई बार विदेश जा चुका है। सिंह ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने जा रहे हैं कि वह देश से भागे।" उन्होंने कहा कि इस संबंध में आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियों को भी सूचित किया जाएगा।



पकड़े गए आरोपियों के नाम जसप्रीत, रोहित, गुरप्रीत सिंह, मयूर जैन, सतप्रीत सिंह, आकाश मसीही, चेतन नेगी, हरीश और गौरव बताए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामले पंजीकृत किए गए हैं।

### डेरा सच्चा सौदा प्रमुख ने अदालत से 21 दिन की फरलो का किया अनुरोध

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और दुष्कर्म मामले में दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 21 दिन की फरलो के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय ने फरवरी में हरियाणा सरकार से कहा था कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को उसकी अनुमति के बिना और परोल नहीं दी जाए। उच्च न्यायालय तब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को अस्थायी तौर पर रिहा किए जाने को चुनौती दी थी। राम रहीम ने उच्च न्यायालय से निर्णय करने का अनुरोध किया है।

# उच्चतम न्यायालय ने आरोपी कार्यकर्ता की अंतरिम जमानत पर एनआईए का रुख पूछा

**एल्गार परिषद मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से एल्गार परिषद-माओवादी संपर्क मामले में आरोपी कार्यकर्ता महेश राउत की एक याचिका पर निर्देश लेने को कहा। याचिका में राउत की दादी की मौत के बाद के अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की गई है।



न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने मामले में सुनवाई के लिए 21 जून की तारीख तय की। पीठ ने राउत के वकील से पूछा, ''अंतिम संस्कार 26 मई को था तो अब कौन से अनुष्ठान बचे हैं? आपने यह नहीं बताया कि ये कब होंगे ?'' राउत की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिहिर देसाई ने कहा कि यह अंतरिम जमानत अर्जी उनकी दादी की मृत्यु के बाद कार्यक्रमों में शामिल होने के वास्ते गढ़चिरोली जाने के लिए दायर की गई है। शीर्ष अदालत ने राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को लागू करने पर लगी रोक पिछले साल सितंबर में बढ़ा दी थी। एनआईए ने 33 वर्षीय राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

महेश राउत को जून 2018 में गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के फैसले के बाद एनआईए के वकील ने इस आदेश को लागू करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया था ताकि जांच एजेंसी इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे सके।

### बलौदाबाजार आगजनी व हिंसक घटनाओं की होगी न्यायिक जांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में 10 जून को हुई हिंसा की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति करेंगे।

एकल सदस्यीय न्यायिक जांच समिति तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेगी। राज्य शासन ने गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमरगुफा में जैतखांभ की क्षति ग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य शासन ने छह बिंदुओं पर जांच के लिए एकल सदस्यीय न्यायिक जांच का आदेश जारी किया है।

# विश्व कप




# नेपाल के सामने लगातार चौथी जीत दर्ज करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

**किंग्सटाउन (सेंट विन्सेंट), एजेंसी**

तीन जीत के साथ सुपर 8 में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी मैच में शनिवार को नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा।

टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। अब तक कागिसो रबादा, मार्को यानेसन और ओटनील बार्टमैन ने तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्किया का अच्छा साथ निभाया है जबकि स्पिनर विभाग में दारोमदार अनुभव केशव महाराज के कंधों पर रहा है। महाराज ने पिछले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 20वां ओवर करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई थी। दक्षिण अफ्रीका को साथ ही उम्मीद होगी कि क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स, कप्तान एडेन मार्कराम और ट्रिस्टन स्टब्स की मौजूदगी वाला उसका शीर्ष क्रम सुपर आठ चरण से पहले लय हासिल करने में सफल रहेगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे से खेला जाएगा।

**मुकाबला : सुबह 5 :00 बजे**



# कोहली की फॉर्म पर रहेगी नजर, बारिश का अंदेशा

**लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी**



भारत टी-20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है।

भारत पहले ही सुपर 8 में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। आरसीबी की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी-20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक' भी शामिल है। शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है। ऋषभ और सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा।

दूसरी तरफ कनाडा ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रन की जीत के साथ अपनी क्षमता दिखाई है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन जैसे खिलाड़ी विरोधी टीम को हैरान करने में सक्षम हैं। हालांकि कनाडा के बल्लेबाजों के लिए भारत की मजबूत टीम को हराना आसान नहीं होगा। मैच में हालांकि बारिश का खलल पड़ने की आशंका है। यह टूर्नामेंट के आयोजकों के लिए चिंता की स्थिति है। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।

**मुकाबला : रात 8 :00 बजे**



**मुकाबला : सुबह 6 :00 बजे**

## बाहर हुई न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

**तारोबा।** टी-20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान की पापुआ न्यू गिनी पर जीत ने न्यूजीलैंड को सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नयी टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।

## खेल डायरी

### प्रणय की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

**सिडनी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। वहीं समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।

### अदिति की अच्छी शुरुआत संयुक्त 11वें स्थान

**बेलमोंट (अमेरिका)।** अदिति अशोक मेइजर एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन से संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में पांच बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। मौजूदा सत्र में यह अदिति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल है। उन्होंने फरवरी में थाईलैंड में होंडा एलपीजीए में भी 68 का स्कोर बनाया था और प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर रहीं थी। कैलीफोर्निया की एलिसन ली ने पहले दौर में 65 के स्कोर से बढ़त बना ली है। पांच अंडर 67 के स्कोर से नौ खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

### वियतनाम मास्टर्स में पुखराज को मिली बढ़त

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां एशियाई डेवलपमेंट टूर के नैम ए बैंक वियतनाम मास्टर्स में बढ़त बना ली है। पहले दौर में 64 का स्कोर बनाने वाले पुखराज का इस 85 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट में दो दिन के बाद कुल स्कोर 11 अंडर है। गिल ने दूसरे स्थान पर चल रहे इंडोनेशिया के जोनाथन विजोनो (68-67) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है जो नौ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के लिए कट एक अंडर पर तय दिया है और 52 खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहे। अन्य भारतीयों में सुनहित बिश्नोई (70-69) संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे।

### एचआईएल के लिए शुरू किया पंजीकरण

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी राष्ट्रीय लीग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसका आठ साल बाद दोबारा आयोजन किया जाएगा और यह पुरुष तथा महिला दोनों वर्ग में होगी। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में आठ पुरुष और छह महिला टीम हिस्सा लेंगी और इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 30 जून है। हॉकी इंडिया ने लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं जो दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाली है। इस विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंजूरी दे दी है।

### चेन्नईयिन एफसी ने कियान से किया करार

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को उभरते हुए भारतीय फॉरवर्ड कियान नासिरी से करार की घोषणा की जो मोहन बागान के लिए खेलते थे। ईस्ट बंगाल के महान फुटबॉलर जमशीद नासिरी के 23 वर्षीय बेटे ने 2019 में मोहन बागान के साथ सीनियर पेशेवर पदार्पण किया था। क्लब ने कहा कि कियान से तीन साल का अनुबंध किया है जिससे वह 2027 तक क्लब से जुड़े रहेंगे। कियान ने सीनियर पदार्पण के बाद मोहन बागान के लिए 69 मैच खेलकर नौ गोल दागे।

### जीव, रंधावा लॉरी मैचप्ले के दूसरे दौर में

**हर्टफोर्डशर (इंग्लैंड)।** जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा ने यूरोप में लीजेंड्स टूर ऑफ सीनियर्स के पॉल लॉरी मैचप्ले टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। जीव ने पॉल स्ट्रीटर को हराया जबकि रंधावा ने थॉमस गोगेले को शिकस्त दी। जीव दूसरे दौर में कीथ होर्ने से भिड़ेंगे जबकि रंधावा को मैलकम मैकेंजी का सामना करना है जिन्होंने पहले दौर में 2006 राइडर कप कप्तान इयान वूसनैम को हराया।

# पीएनजी को हराकर सुपर 8 में अफगानिस्तान

## अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फारूकी ने झटके तीन विकेट, पापुआ न्यू गिनी की पूरी टीम को 95 रनों पर समेटा



पापुआ न्यू गिनी खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद एक दूसरे को बधाई देते मोहम्मद नबी व गुलबदिन। ● एजेंसी

**तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी**

फजलहक फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हराकर पहली बार टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (16 रन पर तीन विकेट) और नवीन (चार रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई।

इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुलबदिन नैब ने 36 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। अफगानिस्तान सुपर आठ चरण में पहला मैच 20 जून को बारबडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी।

राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारूकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारूकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई। अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरिक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं। पीएनजी की ओर से किपलिन डोरिगा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज टोरी ऊरा (11) और एलेई नाओ (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

**20** जून को अपने पहले सुपर 8 मुकाबले में भारत से बारबडोस में भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

**49** रन की शानदार पारी 36 गेंद में नाबाद खेलकर गुलबदिन नैब ने टीम को दिलाई जीत, नबी ने बनाए 16 रन

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 1 | 3 | 3.081 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -2.098 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| युगांडा (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.425 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

### स्कोर बोर्ड

**पापुआ न्यू गिनी 95/10 (19.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टोनी ऊरा बोल्ड नवीन उल हक | 11 | 18 | 1/0 |
| असद रन आउट (फारुकी/गुरबाज) | 3 | 2 | 0/0 |
| सियाका कैच गुरबाज बोल्ड फारुकी | 0 | 1 | 0/0 |
| सेसे बाऊ कैच गुरबाज बो फारुकी | 0 | 1 | 0/0 |
| हिरी हिरी बोल्ड नवीन उल हक | 1 | 3 | 0/0 |
| चैड सोपर रन आउट (नूर/राशिद) | 9 | 26 | 0/0 |
| किप्लिन डोरिगा पगबाधा नूर | 27 | 32 | 2/0 |
| नॉर्मन वानुआ रन आउट (राशिद) | 0 | 7 | 0/0 |
| आलेई कैच राशिद बोल्ड फारुकी | 13 | 19 | 2/0 |
| जॉन करिको नाबाद | 4 | 7 | 1/0 |
| सेमो कमेया रन आउट (गुरबाज) | 2 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 25, **गेंदबाज :** फजलहक फारूकी 4-0-16-3, मोहम्मद नबी 1-0-9-0, नवीन उल हक 2.5-0-4-2, राशिद खान 4-0-25-0, नूर अहमद 4-0-14-1, अजमतउल्लाह उमरजई 2-1-5-0, करीम जनत 2-0-10-0

**अफगानिस्तान 101/3 (15.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज बोल्ड नाओ | 11 | 7 | 1/1 |
| इब्राहिम जदरान बोल्ड कमेया | 0 | 7 | 0/0 |
| गुलबदीन नईब नाबाद | 49 | 36 | 4/2 |
| अजमतउल्लाह उमरजई बोल्ड वानुआ | 13 | 18 | 1/0 |
| मोहम्मद नबी नाबाद | 16 | 23 | 1/0 |

**अतिरिक्त :** 12, **गेंदबाज :** आलेई नाओ 4-0-26-1, सेमो कमेया 3-0-16-1, चैड सोपर 2.1-0-19-0, नॉर्मन वानुआ-3-0-18-1, जॉन करिको 3-0-15-0

# यूक्रेन से हारी भारतीय तीरंदाजी टीम

**ओलंपिक क्वालीफायर**

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी**

दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई। पांचवें वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में बाई मिली थी जिससे उसे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के लिए एलिमिनेशन दौर में दो जीत की दरकार थी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करेगी।

विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यूक्रेन की वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोतारेंको की तिकड़ी से 3-1 की बढ़त गंवाकर 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गई। यूक्रेन की टीम विश्व रैंकिंग में भारत से 10 पायदान नीचे है। पुरुष टीम की क्वालीफाइंग स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें 46 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी क्योंकि सिर्फ तीन कोटे दाव पर लगे होंगे। व्यक्तिगत कोटा हासिल करने की स्पर्धा रविवार को होंगी। 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में 80 से ज्यादा देशों के 300 से अधिक रिकर्व तीरंदाज हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम हालांकि अब भी रैंकिंग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। क्वालीफिकेशन नियम में नये संशोधन के अनुसार क्वालीफायर से कट हासिल नहीं करने की स्थिति में विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में शीर्ष दो देश ओलंपिक से पहले कट हासिल कर लेंगे।

# इंग्लैंड की रिकार्ड जीत, सुपर 8 की उम्मीद



कश्यप का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते मार्क वुड। ● एजेंसी

**नॉर्थ साउंड, एजेंसी**

आदिल रशीद चार विकेट, मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर के तीन-तीन विकेटों की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्वकप के 28वें मैच (ग्रुप-सी) में ओमान को रिकार्ड 101 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा।

इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसके गेंदबाजी कप्तान के फैसले सही साबित करते हुए बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को 13.2 ओवर में मात्र 47 के स्कोर पर समेट दिया। ओमान का कोई भी खिलाड़ी इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका और ओमान के बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटे। केवल शोएब खान (11) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने 11 रन देकर चार विकेट लिए। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने 12-12 रन देकर तीन-तीन विकेट झटके। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और कप्तान जॉस बटलर की सलामी जोड़ी 47 रनों के लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के लिए पारी की तूफानी अंदाज में शुरुआत की। हालांकि इस दौरान फिल सॉल्ट तीन गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हो गए। अगले ही ओवर में विल जैक्स भी (5) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। जॉस बटलर ने आठ गेंदों में नाबाद 24 रनों की पारी खेली। जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 3.1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

### स्कोर बोर्ड

**ओमान 47/10 (13.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रतीक अठावले कैच सॉल्ट बोल्ड आर्चर | 5 | 3 | 1/0 |
| कश्यप कैच लिविंगस्टन बोल्ड वुड | 9 | 16 | 0/1 |
| आकिब इल्यास कैच जैक्स बोल्ड आर्चर | 8 | 10 | 1/0 |
| जीशान मकसूद कैच आउट वुड | 1 | 5 | 0/0 |
| खालिद कैल स्टंप बटलर बोल्ड रशीद | 1 | 3 | 0/0 |
| अयान खान बोल्ड वुड | 1 | 5 | 0/0 |
| शोएब कैच बटलर बोल्ड आर्चर | 11 | 23 | 1/0 |
| मेहरान कैच मोईन अली बोल्ड रशीद | 0 | 2 | 0/0 |
| फय्याज बट बोल्ड रशीद | 2 | 7 | 0/0 |
| कलीमउल्लाह बोल्ड रशीद | 5 | 5 | 1/0 |
| बिलाल खान नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 4, **गेंदबाज :** रीस टॉप्ली 3-0-12-0, जोफ्रा आर्चर 3.2-1-12-3, मार्क वुड 3-0-12-3, रशीद 4-0-11-4

**इंग्लैंड 50/2 (3.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बोल्ड बिलाल | 12 | 3 | 0/2 |
| जॉस बटलर नाबाद | 24 | 8 | 4/1 |
| जैक्स कैच प्रजापति बोल्ड कलीमउल्लाह | 5 | 7 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 8 | 2 | 2/0 |

**अतिरिक्त :** 1, **गेंदबाज :** बिलाल खा 2-0-36-1, कलीमउल्लाह 1-0-10-1, फय्याज बट 0.1-0-4-0

# पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी




**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के दिग्गज लियोनेल मेसी व्यस्त कार्यक्रम और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। अर्जेंटीना की अंडर-23 कोच माशचेरानो से बातचीत में मेसी ने कहा कि हम दोनों ने मौजूदा हालात को समझते और अभी ओलंपिक के बारे में सोचना मुश्किल है। यह दो-तीन महीने लगातार क्लब से दूर रहने जैसा होगा और सबसे बड़ी बात यह है कि मैं अब ऐसी उम्र में नहीं हूं कि हर चीज में हिस्सा बन सकूं। यह बहुत मुश्किल फैसला था, लेकिन मेरे करियर के इस मुकाम पर अहम है कि मैं अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखूं। उन्होंने कहा कि कोपा अमेरिका के बाद मुझे अपने क्लब इंटर मियामी के लिए भी खेलना है और इतने अधिक समय तक खेल से दूर रहना आसान नहीं है। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूँ। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था।

## दिमित्रियोस से ईस्ट बंगाल ने किया करार



**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के आगामी सत्र के लिए शुक्रवार के यूनान के स्ट्राइकर दिमित्रियोस दियामनताकोस को अनुबंधित करने की घोषणा की। यह अनुभवी 31 वर्षीय खिलाड़ी 2022 से केरल ब्लास्टर्स के लिए खेल रहा था। दिमित्रियोस ने क्लब से अनुबंध के बाद प्रेस विज्ञप्ति में कहा सभी जानते हैं कि ईस्ट बंगाल एशिया में सबसे अधिक प्रशंसकों वाले क्लब में से एक है। मैं उनके सामने खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा मैं अपनी टीम को हमारे लक्ष्य हासिल करने में मदद करने और हमारे समर्थकों को खुशी देने की पूरी कोशिश करूंगा। कोलकाता में मिलते हैं।

## पेरिस ओलंपिक में एकल व युगल स्पर्धा खेलेंगे सिनर



**रोम।** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में इटली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली टेनिस महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचकर इस हफ्ते पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे सिनर (22 वर्ष) के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। सिनर ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपनी झोली में डाला था। 2024 में उनका जीत का रिकॉर्ड 33-3 रहा है जिसमें उन्होंने तीन खिताब हासिल किए। महासंघ ने कहा कि इटली के युगल मुकाबले में वह लोरेंजो मुसेटी के साथ जोड़ी बनाएंगे। पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन महिला फाइनल में हारने वाली जैस्मीन पाओलोनी भी इटली के लिए खेलेंगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# यूक्रेन नाटो में शामिल होने की योजना छोड़े तो तत्काल संघर्ष विराम : पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन बोला- रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटाए

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को वादा किया कि यदि यूक्रेन अपने कब्जे वाले चार क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह तत्काल यूक्रेन में संघर्ष विराम का आदेश देंगे और बातचीत शुरू करेंगे। कीव के लिए इस तरह का प्रस्ताव अनुपयोगी ही लगता है क्योंकि वह नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल होना चाहता है। वहीं, यूक्रेन ने यह मांग भी की है कि रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटा ले।



पुतिन ने मॉस्को में रूस के विदेश मंत्रालय में एक भाषण में कहा, हम ऐसा तत्काल कर देंगे। रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के सदस्य देशों समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति लाने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है जिसमें रूस शामिल नहीं होगा। पुतिन ने कहा कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का आखिरी समाधान निकालना है।

### यूक्रेन में रूस के हवाई हमले की चेतावनी जारी

**कीव।** यूक्रेन की वायुसेना ने शुक्रवार को रूस की ओर से बड़े पैमाने पर हवाई हमले की चेतावनी जारी की। वायुसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार आज तड़के उत्तरी सुमी और चेर्निहाइव के हवाई क्षेत्र से कई मिसाइल यूक्रेन में प्रवेश कर गए और कीव, पश्चिमी शहर रिव्ने और पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र में स्टारोकोन्स्त्यंतीनिव शहर की ओर बढ़े। यूक्रेन के सरकारी प्रसारक सस्पिल्ने ने कहा कि हवाई अलर्ट के दौरान यूक्रेन की राजधानी और खमेलनित्स्की क्षेत्र में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं।

# तनाव के बीच ईरान में सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू

दुबई, एजेंसी

- अमेरिका ने इसे परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर आलोचना का सामना करने के बाद उन्नत सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू किया है और आगामी हफ्तों में अन्य को भी लगाये जाने की योजना है। वहीं, अमेरिका ने इस कदम को परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया है।

नये सेंट्रीफ्यूज लगाये जाने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम में और तेजी आएगी, जो पहले से यूरेनियम का संवर्द्धन कर उसे आयुध स्तर का बना चुका है और कई परमाणु आयुध बनाने के लिए इसका पर्याप्त भंडारण कर चुका है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की स्वीकारोक्ति में, ईरान के अधिक संवर्द्धन करने की योजना का कोई संकेत नहीं मिला है। आईएईए ने कहा कि इसके निरीक्षकों ने सोमवार को सत्यापित किया कि ईरान ने अपने नतांज संवर्द्धन केंद्र में उन्नत आईआर-4 और आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज के तीन 'कासकेड' में यूरेनियम भरना शुरू कर दिया है। कासकेड, सेंट्रीफ्यूज का एक समूह है जो यूरेनियम के संवर्द्धन में तेजी लाता है। ईरान ने उन कासकेड में यूरेनियम का अब तक दो प्रतिशत शुद्धता के साथ संवर्द्धन किया है। ईरान ने यूरेनियम का 60 प्रतिशत तक संवर्द्धन किया है।

### प्यार भरी तकरार



नई दिल्ली में गर्मी के दिनों में एक मैना पेड़ पर दूसरी मैना से एक तितली छीनने की कोशिश करती हुई। • एजेंसी

## एक नजर

### नेपाल में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

**काठमांडू।** पूर्वोत्तर नेपाल के तापलेजंग जिले में गुरुवार रात भूस्खलन से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक फाक्टांगलुंग ग्रामीण नगर पालिका में एक दंपति और उनकी जुड़वां बेटियों की घर के मलबे में दब जाने से मौत हो गई। ग्रामीण नगर पालिका के अध्यक्ष राजन लिम्बु ने बताया कि सभी चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव शुक्रवार सुबह बरामद किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक परिवार द्वारा पाली गई लगभग 50 बकरियां और 10 से अधिक मुर्गियां भी इस आपदा की शिकार हो गयीं। नेपाल में वर्षाजनित आपदाएं आम हैं और नेपाली अधिकारियों का अनुमान है कि इस वर्ष 10 .8 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

### पापुआ न्यू गिनी ने भारत का किया हार्दिक धन्यवाद

**नयी दिल्ली/पोर्ट मोरेस्बी।** भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को भारत की ओर से भेजी गयी 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता शुक्रवार को पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उपस्थित पापुआ न्यू गिनी के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त इनबासेकर एस ने विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको को राहत सामग्री सौंपी। उसने कहा, एंगा प्रांत में भूस्खलन के पीड़ितों के लिए भारत से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एचएडीआर राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जिसे पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री तकाचेंको और रक्षा मंत्री बिली जोसेफ सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने प्राप्त किया।

### नाइजर के अपदस्थ राष्ट्रपति पर चलेगा केस

**डकार (सेनेगल)।** नाइजर की शीर्ष अदालत ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित देश के राष्ट्रपति मोहम्मद बाजौम को एक सैन्य विद्रोह में सत्ता से बेदखल किये जाने के साल भर बाद उनके विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही, कथित देशद्रोह के मामले में सैन्य शासन के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का मार्ग प्रशस्त हो गया। पिछले साल गर्मियों के मौसम में एक सैन्य तख्तापलट के बाद से बाजौम और उनके परिवार के सदस्य नजरबंद हैं। सैन्य शासन के अधिकारियों ने कहा कि उनकी योजना देशद्रोह के आरोपों और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने को लेकर उनपर मुकदमा चलाने की है।

# प्रवासन व आर्थिक सुरक्षा पर चर्चा

## जी-7 सम्मेलन के लिए इटली पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत भारतीय राजदूत ने किया

बारी (इटली), एजेंसी

- इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से की
- प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे

दुनिया के सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह (जी7) ने शुक्रवार को दक्षिणी इतालवी क्षेत्र अपुलिया में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रवासन के साथ ही हिंद-प्रशांत और आर्थिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम मेधा (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक सत्र को संबोधित किया। तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर मोदी इटली पहुंचे जहां भारतीय राजदूत वाणी राव ने उनका स्वागत किया। वह जी7 की पारंपरिक फोटो से पहले विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा आयोजित जी7 के प्रतिभागियों - अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के अलावा प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर सम्मेलन में आमंत्रित 10 अन्य 'आउटरीच' देशों के नेता भी शामिल हुए। मेलोनी ने कहा, इटली ने जिस एक और महत्वपूर्ण मुद्दे को प्राथमिकता दी है, वह अफ्रीका से जुड़ा है। इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से भी की, जिनकी जड़ें मजबूत हैं और शाखाएं भविष्य की ओर फैली हुई हैं।



### पोप फ्रांसिस जी-7 को संबोधित करने वाले पहले पोप बने

**बारी (इटली)।** पोप फ्रांसिस शुक्रवार को सात देशों के समूह 'जी7' को संबोधित करने वाले पहले पोप बन गये। उन्होंने विश्व के अग्रणी औद्योगिक देशों के नेताओं के समक्ष कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की संभावनाओं और खतरों पर प्रकाश डाला। फ्रांसिस ने दक्षिणी इटली में आयोजित वार्षिक शिखर सम्मेलन में जी7 और अन्य आमंत्रित देशों को संबोधित किया। पोप ने जी7 के प्रत्येक सदस्य और अतिथियों का स्वागत किया। कुछ देश और वैश्विक निकाय ओपनएआई के चैटजीपीटी द्वारा शुरू किए गए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का इस्तेमाल बढ़ने पर एआई पर मजबूत सुरक्षा उपायों के लिए जोर दे रहे हैं।

### यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति की दी सलाह

**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये। यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

### रणनीतिक रक्षा सहयोग तेज करने पर सहमत

**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को द्विपक्षीय मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा सहयोग को तेज करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने क्षितिज 2047 रोडमैप और हिन्द प्रशांत क्षेत्र रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

# रामाफोसा दूसरी बार राष्ट्रपति बनने की ओर अग्रसर

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी ने कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के लिए सिरिल रामफोसा का समर्थन करेगी, जिससे उनका लगातार दूसरी बार इस पद पर आसीन होना लगभग तय माना जा रहा है। डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) के नेता जॉन स्टीनह्यूसेन ने कहा कि उनकी पार्टी ने अब औपचारिक रूप से रामफोसा की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के साथ गठबंधन समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, और समझौते का एक हिस्सा यह है कि रामफोसा राष्ट्रपति होंगे।

# इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्ला, एजेंसी

- उत्तरी वेस्ट बैंक में कबातिया शहर में की गई कार्रवाई

उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए हैं। एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने बताया कि इजरायली पक्ष ने फिलिस्तीनी सुरक्षा समन्वय कार्यालय को सूचित किया कि इजरायली सेना ने कई घंटों तक एक घर को घेरा और गोलीबारी की, जिससे तीन युवकों की मौत हो गयी।

एक वायरल वीडियो क्लिप में एक इजरायली बुलडोजर को मारे गए लोगों में से एक के शव को घर से निकालते और जमीन पर फेंकते हुए दिखाया गया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि तीनों लोग इस्लामिक जिहाद आंदोलन की जेनिन बटालियन के नेता और जेनिन शिविर के निवासी थे। फ़िलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली बलों ने उसके कर्मचारियों पर तब हमला किया जब उन्होंने एक घायल व्यक्ति को पड़ोस से अस्पताल ले जाने का प्रयास किया।

# हूती विद्रोहियों ने दो क्रूज मिसाइल दागीं

दुबई, एजेंसी

- अदन की खाड़ी में एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया

अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में जहाज रोधी दो क्रूज मिसाइल दागीं और एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया, जिससे जहाज में आग लग गयी व एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।

अमेरिकी मध्य कमान' ने बताया कि एम/वी वर्बेना में अब भी आग लगी हुई है और घटना में झुलसे व्यक्ति को चिकित्सा उपचार के लिए अमेरिकी हेलीकॉप्टर से निकटवर्ती एक अन्य जहाज पर ले जाया गया। मध्य कमान ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के स्वामित्व वाले वर्बेना जहाज पर पलाउ का झंडा लगा था। पौलेंड द्वार संचालित विशाल मालवाहक जहाज मलेशिया से चला था और लकड़ी लेकर इटली की ओर जा रहा था। बयान के मुताबिक, एम/वी वर्बेना क्षतिग्रस्त हुआ और उसमें आग लग गयी। चालक दल आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर हूती विद्रोही इस तरह के हमले कर रहे हैं और बृहस्पतिवार को हुआ हमला उनके अभियान का हिस्सा है। ब्रिटेन की सेना के ब्रिटेन समुद्री व्यापार संगठन केंद्र ने गुरुवार को कहा कि एक जहाज पर हमला किया गया जिससे जहाज में आग लग गयी।

# माता-पिता, एक अन्य को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

**पुणे कार हादसा**

- तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी

पुणे के कल्याणी नगर में हुई पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के माता-पिता और एक अन्य आरोपी को यहां की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इन तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी। किशोर के रक्त के नमूने कथित तौर पर बदलने को लेकर उसके पिता विशाल और मां शिवानी अग्रवाल तथा बिचौलिया अश्पक मकंदर के खिलाफ जांच की जा रही है।

किशोर के रक्त का नमूना, 19 मई को हुई दुर्घटना के दौरान उसके शराब के नशे में होने या ना होने का पता लगाने के लिए एकत्र किया जाना था। मकंदर पर अग्रवाल दंपति और ससून अस्पताल के चिकित्सकों के बीच बिचौलिए की भूमिका निभाने का आरोप है, जहां ऐसे मामलों में रक्त के नमूने एकत्र किए जाते हैं। आरोप है कि किशोर के रक्त के नमूने को उसकी मां शिवानी अग्रवाल के रक्त के नमूनों से बदल दिया गया। दंपति और मकंदर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने किशोर के माता-पिता को न्यायिक हिरासत में भेजने का, लेकिन मकंदर को और तीन दिनों के लिए पुलिस हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया था।

# शहबाज शरीफ ने मौलाना फजलुर रहमान को गठबंधन में शामिल होने का न्यौता दिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पूर्व सहयोगी जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने और देश में राजनीतिक गतिरोध को दूर करने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया है।



समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बिलावल भुट्टो-जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य छोटे दलों के समर्थन से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शरीफ ने गुरुवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) प्रमुख के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री शहबाज (72) ने मौजूदा राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए एक समिति के गठन का भी प्रस्ताव रखा और मौलाना रहमान से सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने को कहा। जेयूआई-एफ के प्रवक्ता ने बताया कि मौलाना रहमान ने इनकार कर दिया है।

### अचकजई ने नवाज और जरदारी से वार्ता की इच्छा जताई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ वार्ता का नेतृत्व करने के लिए इमरान खान की पार्टी द्वारा चुने गए पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने शुक्रवार को पीएमएल-एन के अध्यक्ष नवाज शरीफ और पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने विपक्षी गठबंधन के मंच तहरीक-ए-तहफ्फुज आईन (टीटीएपी) के माध्यम से वार्ता का नेतृत्व करने के लिए अचकजई को चुना था। अचकजई ने एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान को एक मजबूत सेना की जरूरत है और स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन सेना के खिलाफ नहीं है।

# इराकी राजनयिक को स्वीडन ने तलब किया

कोपेनहेगन, एजेंसी

- इराक में स्वीडन के दो लोगों को सुनाई गई है मौत की सजा

स्वीडन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसके अधिकारियों ने इराक में स्वीडन के दो लोगों को सुनाई गई मौत की सजा के विरोध में शुक्रवार को इराक के प्रभारी राजनयिक को तलब किया। स्वीडिश मीडिया ने हाल के दिनों में बताया कि इराक में एक आपराधिक गिरोह के सदस्य की हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद स्वीडन के दो लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है।

स्वीडन की समाचार एजेंसी टीटी ने शुक्रवार को स्टॉकहोम में विदेश मंत्रालय के हवाले से पुष्टि की कि स्वीडिश पासपोर्ट वाले कम से कम एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई गई है। स्वीडन के विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने एक बयान में कहा, हम मृत्युदंड सुनाने की निंदा करते हैं। हम परिस्थितियों की परवाह किए बिना सदैव और हर जगह इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में उनके अधिकारियों ने स्वीडन के विरोध से अवगत कराया और मांग की कि मृत्युदंड की सजा पर अमल नहीं किया जाए। 'टीटी' ने बताया कि इराक में एक अपराधी की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए स्वीडन के दो अन्य नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। माना जाता है कि इस साल की शुरुआत में हत्या की यह घटना दो स्वीडिश समूहों के बीच गैंगवार से जुड़ी है।

## बॉलीवुड हलचल

### अजय-तब्बू की औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और तब्बू की आने वाली फिल्म औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी फिल्म औरो में कहां दम था में अजय देवगन और तब्बू की मुख्य भूमिका है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अजय देवगन नेट्रेलर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। ट्रेलर के आखिर में अजय देवगन कहते हैं- जब दिल में धुंआ उठा, तब बरसात का मौसम था। सौ दर्द दिए उसने जो दर्द का मलहम था। हमने ही सितम ढाए हमने ही कहर तोड़े.. दुश्मन थे हमी अपनेऔरों में कहां दम था। फिल्म औरों में कहां दम था की कहानी 2002 से 2023 के बीच की कहानी दर्शाती है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी नजर आएंगे। शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक निर्मित और नीरज पांडे निर्देशित यह फिल्म 05 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### सन्नी देओल ने बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जे.पी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉर्डर में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में बैकग्राउंड में सन्नी देओल की आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि 27 साल पहले एक फौजी ने वादा किया कि वो वापस आएगा। उसी वादे को पूरा करने और हिंदुस्तान की मिट्टी को सलाम कहने आ रहा है फिर से। बॉर्डर 2 को भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी।



### 11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। आलिया भट्ट ने फिल्म जिगरा का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम हैंडल से साझा करते हुए रिलीज डेट का खुलासा किया है। वेदांग रैना के साथ आलिया इस फिल्म में धमाल मचाती नजर आएंगी। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म जिगरा का पोस्टर साझा करते हुए लिखा है, 11 अक्तूबर 2024 को जिगरा के साथ सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्टर में आलिया का एनिमेटेड अवतार देखने को मिल रहा है, जिसमें वह पीठ पर बैग टांगे खड़ी नजर आ रही हैं। जिगरा आलिया भट्ट के लिए काफी खास फिल्म है। आलिया फिल्म जिगरा की को-प्रोड्यूसर भी है। बताया जा रहा है कि जिगरा की कहानी एक बास्केटबॉल खिलाड़ी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

**खगोल विज्ञान** | विशाल मैगेलन दूरबीन रखा गया है दूरबीन नाम

# 65 मीटर व्यास की होगी दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन

अमृत विचार, नैनीताल

दुनिया की सबसे विशाल दूरबीन 2030 में ब्रह्मांड की निगरानी शुरू कर देगी। इस दूरबीन की सुविधा उपलब्ध होने से खगोल विज्ञान में खोज का दायरा दो सौ फीसद बढ़ जाएगा। इस दूरबीन का नाम विशाल मैगेलन दूरबीन है।

चिली के लास कैम्पानास वेधशाला में यह दूरबीन स्थापित की जाएगी। यह पृथ्वी पर स्थापित की जाने वाली ऑप्टिकल दूरबीन होगी, जो 65 मीटर व्यास की है। इसका डिजाइन बनकर तैयार हो चुका है। साथ ही मिरर का कार्य भी प्रगति पर है। यह कई देशों की साझा परियोजना है। दुनिया की सबसे बड़ी खगोलीय सुविधाओं में से एक बनने वाले टेलीस्कोप का घेरा अपनी अंतिम डिजाइन समीक्षा से गुजर चुका है और अब चिली में निर्माण के लिए तैयार है। यह समीक्षा दूरबीन के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगी। 2030 की शुरुआत तक चालू होने की राह पर है। टेलीस्कोप के डिजाइन में दो वर्ष का समय लगा।

टेलीस्कोप के सुविधा प्रबंधक ब्रूस बिगेलो के अनुसार 65 मीटर लंबा घेरा अब तक निर्मित सबसे बड़ी मशीनीकृत इमारतों में से एक होगा और आधुनिक इंजीनियरिंग और सटीक विनिर्माण की सच्ची उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करेगा। इसका वजन 5,000 मीट्रिक टन है। यह घेरा चार मिनट में पूरा चक्कर लगाने में सक्षम होगा। इसमें 46 मीटर लंबे शटर वाले दरवाजे हैं, जो आसमान की ओर 25 मीटर दूरबीन का हिस्सा आसानी से बाहर निकाल सकेंगे। इसके लिये स्मार्ट बिल्डिंग बनाई जाएगी, जो दुनिया के सात सबसे बड़े दर्पणों की सुरक्षा वाला आधुनिक भवन होगा।



दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन का डिजाइन।

### एक अरब प्रकाश वर्ष क्षमतावान वाली दूरबीन

**नैनीताल :** यह दूरबीन एक अरब प्रकाश वर्ष से अधिक दूर आकाश में खगोलीय पिंडों को ट्रैक कर सकेगी। 36 देशों में टेलीस्कोप का निर्माण, परीक्षण और डिजाइन कार्य चल रहा है। इसकी उन्नत सफल प्रौद्योगिकियां दुनिया भर के वैज्ञानिकों को सशक्त बनाएंगी, जो ब्रह्मांड के विकास, रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति और पहली बार दूर के एक्सोप्लैनेट पर जीवन की खोज में अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगी।